जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, शनिवार 16 सितम्बर, 2023


# NPO से पजेशन तक

# 50% रेट बढ़ेगी

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

2 साइड ओपन कोठी और फ्लैट्स | 60 एमेनिटीज



## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL 1.5 गुना

| बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट | | अगस्त की रेट | सितम्बर की रेट | अक्टूबर की रेट | नवम्बर की रेट | दिसम्बर की रेट | जनवरी की रेट | पजेशन की रेट | POSSESSION DEC. 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| युनिट टाइप | साइज | NPO New Product Offer | +5% | +10% | +15% | +20% | +25% | +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800-120-2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

विश्व में अग्रणी भूमिका निभाने की आकांक्षा रखने वाला कोई भी देश शुद्ध या दीर्घकालीन अनुसंधान की उपेक्षा नहीं कर सकता।

–होमी भाभा

# प्राणी जीवन की रक्षा हेतु प्रकृति की रक्षा आवश्यक

प्रकृति का संरक्षण हमारे सुनहरे भविष्य का आधार है। मनुष्य जन्म से ही प्रकृति और पर्यावरण के सम्पर्क में आ जाता है। प्राणी जीवन की रक्षा हेतु प्रकृति की रक्षा अति आवश्यक है। वर्तमान समय में विभिन्न प्रजाति के जीव-जंतु, वनस्पतियां और पेड़-पौधे विलुप्त हो रहे हैं जो प्रकृति के संतुलन के लिए बहुत ही भयावह है। मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समय समय पर प्रकृति का दोहन करता चला आ रहा है। अगर प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें शुद्ध पानी, हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध पर्यावरण वातवरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। विभिन्न प्राकृतिक संसाधन जैसे कि जल, वन्यजीवन, वन, खेती, वायु आदि हमारी जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारी सांसें जल से भरी हुई हैं और हमारी खाद्य आपूर्ति भी खेती द्वारा उत्पन्न होती है। इसलिए, हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की जरूरत है ताकि हम समृद्धि और सुख-शांति के साथ जीवन जी सकें।

प्रकृति के संरक्षण का अर्थ है कि वनों, भूमि, जल निकायों का संरक्षण और खनिजों, ईंधन, प्राकृतिक गैसों आदि जैसे संसाधनों का संरक्षण, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये सभी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहें। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे आम आदमी प्रकृति के संरक्षण में मदद कर सकता है। इनमें से कुछ ऐसे हैं जो आसानी से किए जा सकते हैं और एक बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। प्रकृति के संरक्षण से अभिप्राय जंगलों, भूमि, जल निकायों की सुरक्षा से है तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण खनिजों, ईंधन, प्राकृतिक गैसों जैसे संसाधनों की सुरक्षा से है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ये सब प्रचुर मात्रा में मनुष्य के उपयोग के लिए उपलब्ध रहें।

ऐसे कई तरीके हैं जिससे आम आदमी प्रकृति के संरक्षण में मदद कर सकता है। यहां कुछ ऐस ही तरीकों का विस्तृत वर्णन किया गया है जिससे मानव जीवन को बड़ा लाभ हो सकता है।

पृथ्वी के पास हर इंसान की जरूरत पूरी करने के लिए काफी कुछ है, लेकिन उसके लालच को पूरा करने के लिए नहीं हैं। पृथ्वी पर पानी, हवा, मिट्टी, खनिज, पेड़, जानवर, पौधे आदि हर किस्म की जरूरत के लिए संसाधन है। लेकिन औद्योगिक विकास की होड़ में हम पृथ्वी को सफाई और उसके ही स्वास्थ्य को नजरअंदाज करने लगे हैं। हम कुछ भी करने से पहले यह बिलकुल नहीं सोचते कि हमारी उस गतिविधि से प्रकृति को कितना नकुसान होगा। प्रकृति का संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से सबंधित है। इनमें मुख्यत: पानी, धूप, वातावरण, खनिज, भूमि, वनस्पति और जानवर शामिल हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं।

**धरती के वातावरण के गर्म होने का मुख्य कारण का ग्रीनहाउस गैसों के स्तर में वृद्धि है। इसे लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है जिससे प्रकृति पर खतरा बढ़ता जा रहा है। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। कहते है प्रकृति संरक्षित होगी तो मानव जीवन भी सुरक्षित होगा। प्रकृति हमारी धरोहर है, इसकी रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है।**

प्रकृति से हमारा तात्पर्य जल, जंगल और जमीन से है। हम लगातार प्रकृति का दोहन करते जा रहे हैं जिससे मानव जीवन संकट में पड़ गया है। जल, जंगल और जमीन के बिना प्रकृति अधूरी है। जल को व्यर्थ में बहा रहे हैं जंगलों को काट रहे हैं और जमीन पर जहरीले कीटनाशक का उपयोग करके उसकी उर्वरक क्षमता और उपजाऊ शक्ति को कमजोर कर रहे हैं। हम एक अर्से से प्रकृति दिवस मना रहे हैं और लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद प्रकृति पर मंडराता खतरा जस का तस बना हुआ है। सबसे बड़ा खतरा तो इसे ग्लोबल वार्मिंग से है। धरती के तापमान में लगातार बढ़ते स्तर को ग्लोबल वार्मिंग कहते है। वर्तमान में ये पूरे विश्व के समक्ष बड़ी समस्या के रुप में उभर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि धरती के वातावरण के गर्म होने का मुख्य कारण का ग्रीनहाउस गैसों के स्तर में वृद्धि है। इसे लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है जिससे प्रकृति पर खतरा बढ़ता जा रहा है। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। कहते है प्रकृति संरक्षित होगी तो मानव जीवन भी सुरक्षित होगा। प्रकृति हमारी धरोहर है, इसकी रक्षा करना हमारा कत्तर्व्य है। प्रकृति ने हमें जीव-जंतुओं सहित सूर्य, चाँद, हवा, जल, धरती, नदियां, पहाड़, हरे-भरे वन और खनिज सम्पदा धरोहर के रूप में दी हैं। मनुष्य अपने निहित स्वार्थ के कारण प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रहा है। बढ़ती आबादी की समस्या के लिए आवास समस्या को हल करने के लिए हरे-भरे जंगलों को काट कर ऊंची-ऊंची इमारतें बनाई जा रही हैं। वृक्षों के कटने से वातावरण का संतुलन बिगड़ गया है और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पूरे विश्व के सामने भयंकर रूप से खड़ी है। खनिज-सम्पदा का अंधाधुंध प्रयोग किया जा रहा है। जीव-जंतुओं का संहार किया जा रहा है, जिसके कारण अनेक दुर्लभ प्रजातियां लुप्त होती जा रही हैं।

हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम पृथ्वी और उसके वातावरण को बचाने का प्रयास करेंगे। हम पर्यावरण के प्रति न सिर्फ जागरूक हो बल्कि उसके लिए कुछ करें भी। प्रकृति को संकट से बचाने के लिए स्वयं अपनी ओर से हमें शुरूआत करनी चाहिए। पानी को नष्ट होने से बचाना चाहिए। वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए। अपने परिवेश को साफ-स्वच्छ रखना चाहिए। प्रकृति के सभी तत्वों को संरक्षण देने का संकल्प लेना चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 16 सितम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र प्रात: 7:36 तक, शुक्ल योग रात्रि 4:12 तक, बव करण प्रात: 9:18 तक, चन्द्रमा कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज यमघट योग प्रात: 7:36 से सूर्योदय तक है। आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति, नक्त व्रत पूर्ण होंगे। साम श्रावणी उपाकर्म (सामवेदियों की गरपी) है। आज से मौन व्रत आरम्भ होंगे और वीर जन्मोत्सव (जैन) है। आज प्रथम प्रकाश उत्सव गुरू ग्रंथ साहिब (प्राचीन मत से) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:47 से 9:14 तक, चर 12:22 से 1:53 तक, लाभ-अमृत 1:53 से 4:56 तक।
**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:16, सूर्यास्त 6:28

### मेष
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

### मिथुन
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

### सिंह
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

### कन्या
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित धन प्राप्त होगा।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

### वृश्चिक
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### धनु
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### मकर
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

### कुंभ
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### मीन
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

# विश्व पटल पर अवतरित होते नए मसीहा



डॉ रामावतार शर्मा

धरती पर 2009 में एक सपना बांटा गया था कि पांच देश मिलकर एक नया संसार रचेंगे जिसमें विकास की निरंतरता को मजबूत और उच्च स्तर का किया जाएगा, वैश्विक सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा, विकास, शांति और सहयोग को नए आयाम दिए जाएंगे। ब्राजील के लूला दा सिल्वा, रूस के मेदवेदेव, इंडिया के मनमोहन सिंह और चीन के हु जिंताओ ने पहली बार ब्रिक्स नामक इस सपने को जन्म दिया जिसमें कुछ समय बाद जैकब जुमा के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका भी शामिल हुआ। प्रारंभिक एक दो वर्षों के लिए ऐसा प्रचारित किया गया कि विश्व अब अपने एकमात्र केंद्र अमेरिका से हट कर द्विकेंद्रीय हो जायेगा और शंघाई का ब्रिक्स मुख्यालय वॉशिंगटन डीसी को प्रतिस्पर्धा देने लगेगा।

लेकिन हुआ क्या? ब्राजील के लूला भ्रष्टाचार के एक मामले में जेल यात्रा कर आए और उनके स्थान पर आए विपक्ष के नेता जैर बालसेनारो ने राष्ट्रपति पद की गरिमा को तहस नहस कर दिया तथा ब्राजील की अर्थव्यवस्था पैंदे पर चली गई। रूस के मेदवेदेव पूर्व राष्ट्रपति और उस समय के प्रधानमंत्री पुतिन के काष्ठ पुतले निकले। इंडिया के मनमोहन सिंह न तो चुने हुए नेता थे और न ही उनका कोई जनाधार था। शक्तिशाली विपक्ष ने भ्रष्टाचार के कुछ सच्चे और कई झूठे मामले बना कर उन्हे पराजित कर डाला। उधर चीन में हु जिंताओं के सबसे प्रिय शिष्य शि जिन पिंग ने अपने गुरु को अपमानित करके राजनीति के अंधकार में धकेल दिया।

दक्षिण अफ्रीका के जैकब जुमा ने गुप्ता बंधुओं के साथ मिलकर अरबों रैंड का घोटाला किया जिसके कारण उसने अपनी प्रतिष्ठा और पद दोनों गंवा दिए। ब्रिक्स हो या जी 20 या फिर कोप ये सब कुछ विश्व के नेताओं की पिकनिक बन कर रह गए हैं। आम लोगों को इन तथाकथित शिखर सम्मेलनों से दिशा या दर्शन कुछ भी नहीं मिला है। अपने 13 वर्ष के अस्तित्व में ब्रिक्स सम्मेलनों की कुछ भी उपलब्धि नहीं है। भारत और चीन के संबंध इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। मात्र पांच सदस्यों का यह संगठन इन दोनों देशों को पास नहीं ला पाया।

दोनों देशों का नेतृत्व एवम् जनता एक दूसरे से उतने ही दूर हैं जितने 1965 में थे। रूस से तो उल्टे भारत की दूरियां और बढ़ गई हैं। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका से तो एक सामान्य भारतीय पूरी तरह से अनभिज्ञ है। इस तरह से अपने आज तक के जीवन काल में ब्रिक्स पूर्ण रूप से असफल प्रयास है। भाईचारे, सहयोग, स्थिरता एवं संयुक्त प्रयासों की बातें सम्मेलन के आखिरी दिन के घोषणा पत्र तक सिमट कर एक दिन फाइलरूपी डस्टबिन में समा जाती हैं।

अब जरा ब्रिक्स के नए रूप को देखा जाए जिसमें संगठन को इस वर्ष विस्तार देकर कुछ अन्य देशों को जोड़ा गया है परंतु पहले इसके प्रारंभिक पांच सदस्यों की वस्तुस्थिति पर भी नजर डाल ली जानी चाहिए। बोल्सेनारो को पराजित कर लुला फिर ब्राजील के राष्ट्रपति बने हैं पर देश पूरी तरह से दो गुटों में विभक्त है और अस्थिर भी है तथा आर्थिक रूप से दिवालिया होने के कगार पर है।

रूस पर पुतिन ने पूर्ण एकाधिकार कर लिया, उसे यूक्रेन के साथ युद्ध में झोंक कर पूरे देश पर अपनी मनमर्जी स्थापित कर रखी है। यह देश भी आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर अस्थिर है। इंडिया को देखा जाए तो यह भी धर्म, जाति, भाषा और संप्रदायों के रूप में आंतरिक विभाजन के नए दौर में प्रवेश कर चुका, चंद बड़े व्यापारिक घरानों ने देश की नब्बे प्रतिशत संपदा अपनी मुट्ठी में कर ली है तथा संवैधानिक संस्थाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं और सरकार की संस्थाओं का राजनीतिक दुरुपयोग निस्संकोच हो रहा है। साउथ अफ्रीका में राष्ट्रपति रामाफोसा एक दिशाहीन सरकार का नेतृत्व करते नजर आ रहे हैं।

इस वर्ष के ब्रिक्स सम्मेलन में जो कुछ नए देश जुड़े हैं उन पर नजर डालना रोचक हो सकता है। अर्जेंटीना, इजिप्ट, ईरान, साउदी अरब, यूनाइटेड अरब अमीरात और इथियोपिया आदि सभी देश इस समय डिक्टेटर्स द्वारा नियंत्रित हैं। इस तरह से देखा जाय तो ब्रिक्स एकाधिकारवादी मानसिकता का एक झुंड बन कर जनधन बर्बाद करने वाली एक संस्था का रूप लेकर रह गई है जिसमें अधिकतर सदस्यों का आपसी संपर्क नगण्य-सा है। आपसी सहयोग की बातें किसी दिवास्वप्न के अलावा कुछ नहीं है। सुनहरे भविष्य के सपने बांटते ये एकाधिकारवादी लोग अपने अपने देश में लोकतंत्र की नींव को हिला रहे हैं पर बाहरी तौर पर भाईचारे एवम् सहयोग का आडंबर खड़ा कर अपने व्यक्तिगत स्वार्थ की सिद्धि कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा इसके उदाहरण हैं।

ब्रिक्स सम्मेलन रोटेशन द्वारा मिलनेवाली जिम्मेदारी है परंतु रामाफोसा का टेलीविजन मीडिया इसे एक राष्टीय उपलब्धि के रूप में पेश कर रहा था। राजधानी की हर सड़क पर रामाफोसा के विशाल कटआउट लगे पड़े थे जो यह प्रदर्शित कर रहे थे कि रामाफोसा ने पूरी दुनिया अपनी मुट्ठी में कर ली है और दक्षिण अफ्रीका के लिए वे नए मसीहा हैं जो देश की मृतप्राय अर्थव्यवस्था में जीवन फूंक कर लोगों के लिए अच्छे दिन ला देंगे। सम्मेलन स्थल से कोसों दूरी पर किसी बस स्टैंड या रेल स्टेशन पर राष्ट्रपति के भीमकाय पोस्टर अन्य राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत करते नजर आ रहे थे। लोग सिर खुजलाते हुए सोच रहे थे कि भला शि जिन पिंग या नरेंद्र मोदी यहां इस स्टेशन या बस स्टैंड पर क्यों आएंगे!

रामाफोसा के लिए ब्रिक्स सम्मेलन एक साधन मात्र था जिसे द्वारा एक प्रोपेगंडा के तहत अपनी गिरती साख को संभाला जाए। वैसे देखा जाते तो ये सभी सम्मेलन इसी मनोवैज्ञानिक आधार पर खड़े किए हैं। लोग सत्य से परहेज रखते हैं और सपनों की दुनिया में जीने के आदी होते है। कमजोर वर्तमान को स्वीकार नहीं करते और अस्तित्वहीन भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। उन्हें किसी न किसी मसीहा का इंतजार रहता है। वे इस तथ्य को कभी स्वीकार नहीं करते कि अवतार या मसीहा आते नहीं बनाए जाते हैं और यह निर्माण वृहद राजनीति का ही एक महत्वपूर्ण अंग हैं। दक्षिण अफ्रीका के प्रोपेगेंडा मीडिया पर नजर डालें तो लगने लगता है कि इक्कीसवीं सदी के मसीहा का वहां अवतरण हो गया है जिसका नाम सिरिल रामाफोसा है और अब दक्षिण अफ्रीका के अच्छे दिन आने वाले हैं।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# नगर परिषद की करोड़ों रूपये की बेशकीमती भूमि पर अज्ञात लोगों ने अतिक्रमण किया

## बून्दी शहर के बालचंद पाडा स्थित महात्मा गांधी विद्यालय के पीछे है बेशकीमती भूमि

**बून्दी, (निसं)।** शहर के बालचंद पाडा स्थित महात्मा गांधी विद्यालय के पीछे नगर परिषद की करोड़ों रूपये की बेशकीमती भूमि पर अज्ञात लोगो द्वारा अतिक्रमण का मामला सामने आया है जिसके बाद नगर परिषद प्रशासन हरकत मे आया और भूमि को अपने कब्जे मे लेने के प्रयास शुरू किये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी विद्यालय के पीछे पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पर नगर परिषद की भूमि पर गत दो चार-दिन मे अज्ञात लोगों द्वारा जेसीबी की सहायता से भूमि को समतल कर मिट्टी डलवाते हुए कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। इसकी जानकारी जब शहर मे फैली तो जागरूक नागरिकों द्वारा बताया गया जिसके बाद नगर परिषद को उक्त अवैध अतिक्रमण की सूचना दी। शुक्रवार दोपहर नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ते ने मौके पर जाकर देखा तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण होना पाया गया।



**बून्दी के बालचंद पाडा स्थित महात्मा गांधी विद्यालय के पीछे नगर परिषद की बेशकीमती भूमि जिस पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है।**

**अतिक्रमियों की पंसदीदा जगह बन रहा चुगीनाका क्षेत्र :** गत पांच साल में शहर का चुंगीनाका व पुराना बाईपास क्षेत्र राजनीतिक संरक्षण के चलते अतिक्रमियों की पसंदीदा जगह बन गया है। नगर परिषद की सुस्त कार्यप्रणाली और जनप्रतिनिधीयों के संरक्षण के चलते अतिक्रमी सरकारी जमीनों को भी नहीं छोड़ रहे। अतिक्रमी धार्मिक स्थानों के निर्माण का सहारा लेकर बेशकीमती जमीनों पर कब्जे कर खुद की रोटियां सेक रहे हैं।

अनिता चौहान, प्रधानाचार्य महात्मा गांधी विद्यालय, बालंचद पाडा बून्दी ने बताया कि उक्त अतिक्रमण से विद्यालय प्रशासन का कोई लेना देना नहीं है। विद्यालय के पीछे सरकारी भूमि है इस पर विद्यालय समय के बाद अतिक्रमण का कार्य किया है। इस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों व नगर परिषद को अवगत करवा दिया गया है।

- **अतिक्रमण दस्ता प्रभारी ने बताया कि नगर परिषद की भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली थी मौके पर गये थे**

रवि दाधीच अतिक्रमण दस्ता प्रभारी ने बताया कि महात्मा गांधी विद्यालय के पीछे नगर परिषद की भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली थी मौके पर गये थे। उक्त भूमि सरकारी है जिस पर अतिक्रमण का प्रयास करते हुए मिट्टी डालकर समतल करवाया गया है। जमीन को नगर परिषद अपने कब्जे में लेगी।

# धोरीमन्ना में बारिश नहीं होने से फसलें चौपट



**धोरीमन्ना में बारिश के अभाव में फसले चौपट हो गई।**

**धोरीमन्ना, (निसं)।** धोरीमन्ना क्षेत्र के ग्राम पंचायत में आदर्श लुखू दानोणी देवासियों की ढाणी की बस्ती में खरीफ की फसल बाजरा, मोठ, मूंग, तिल ग्वार इत्यादि बरसात नहीं होने से पूरी तरह से फसल नष्ट हो गई है। धोरीमन्ना क्षेत्र में समय पर बरसात नहीं होने के कारण सौ प्रतिशत किसानों की फसलें नष्ट हो चुकी है। किसानों का मूल आधार खरीफ फसल का ही था।

- **सरकार से शीघ्र ही गिरदावरी करवाने की मांग की**

पशुधन गाय, भैंस, बकरी इस पर ही निर्भर रहता है। लेकिन भगवान रूठने से किसान की मेहनत 100 प्रतिशत निष्फल हो गई।

समाजसेवी सुरता राम देवासी ने बताया कि सरकार से मांग की है कि शीघ्र ही गिरदावरी करवाई जाए। जिससे किसान के खेती के अनुसार गिरदावरी करवा के अनुदान दिलवाया जाए एवं क्लेम जल्दी ही दिलवाया जाए। वहीं पशुधन की चारे की व्यवस्था की जाये। इस मौके पर ऊकाराम देवासी, किशनाराम, पूजाराम, किशन देवासी, रमेश कुमार, पनाराम इत्यादि किसान उपस्थित रहे।

# सांभर में अजमेर निगम की चार बसें कोरोनाकाल से बंद

**सांभरझील, (निसं)।** कोरोना काल में बंद की गई राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की सांभर से अजमेर चलने वाली चार बसें आज तक दोबारा चालू नहीं हो सकी हैं। कोरोना गाइडलाइन की अनुपालना के लिए सरकार की ओर से जारी किए गये निर्देश के बाद निगम की बसों को बंद तो करवा दिया गया लेकिन इसके बाद दोबारा सरकार इन बसों को सांभर से अजमेर व अजमेर से सांभर रूट पर चलाना ही भूल गई।

इससे सांभर से पुष्कर, अजमेर ख्वाजा साहब व अन्य कामों से जाने वालों व अजमेर से सांभर ख्वाजा साहब की दरगाह, मां शाकंभरी मंदिर, देवयानी तीर्थ स्थल,दादू दयाल की छतरी आने वाले श्रद्धालुओं व जायरिनों के अलावा पर्यटकों व आम लोगों के लिए सड़क मार्ग से यात्रा करने का अब कोई सहज सरकारी साधन उपलब्ध नहीं है। आश्चर्यजनक पहलू तो यह भी है कि सरकार के आगामी निर्देश के बाद भी जयपुर रोडवेज आगार मुख्यालय से स्वत: ही इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है। विधानसभा स्तर के दोनों ही दलों के राजनेताओं की अनदेखी पीड़ादायक है, यानी कि यदि किसी को अजमेर जाना हो तो वह खचाखच भरी निजी जीपों में बैठकर पहले नरायना होकर दूदू जाए और फिर उसके बाद वहां से अजमेर की बस पकड़ कर अपना सफर तय करें।

जानकारी के अनुसार यहां पर कोरोना काल से पहले शाकंभरी माता मंदिर से अजमेर के लिए सुबह 7:15 बजे, किशनगढ़ रेनवाल वाया सांभर से अजमेर सुबह 8:15 बजे, डायरेक्ट सांभर से अजमेर सुबह 11:45 बजे इसके बाद दोपहर 2:30 बजे अजमेर के लिए बसें संचालित होती थी, उससे प्रतिदिन सैकड़ो मुसाफिर इसमें सफ़र कर निगम को अच्छा राजस्व भी देते थे। बताया जा रहा है कि निजी वाहन मालिकों से सांठगांठ के चलते इस रूट पर बसे नहीं चलाई जा रही है। वर्तमान में श्रीमाधोपुर से अजमेर जाने वाली रोडवेज की एक बस का टाइम सुबह करीब 11 बजे के आसपास का है लेकिन वह वापस अजमेर से सांभर कब आएगी इस बात की कोई गारंटी नहीं है।

फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याधर चौधरी का कहना है कि सांभर से अजमेर सुबह 8 से शाम 4 बजे तक दो-दो घंटे के अंतराल से बसों का आवागमन तथा कोरोना काल से बंद पड़ी निगम की बसों को चालू करवाने के लिए मेरी ओर परिवहन मंत्री को चिट्ठी भिजवा दी गई है, समस्या का शीघ्र समाधान होगा।

# तेंदुए ने दो लोगों पर जानलेवा हमला किया

- **लेपर्ड ने पंजा मारकर एक युवक का पेट फाड़ा, बाहर निकली आंतें**
- **बचाने आए युवक का भी हाथ चबाया, एक गंभीर हालत में जयपुर रैफर**

**अलवर, (निसं)।** तेंदुए (लेपर्ड) ने दो लोगों पर हमला कर दिया। हमले में तेंदुए ने एक व्यक्ति का पेट फाड़ दिया, जिससे उसकी आंतें ही बाहर निकल गईं। उसको बचाने आए युवक को भी लेपर्ड ने बुरी तरह घायल कर दिया। एक घायल को जयपुर और दूसरे को कोटपूतली रेफर किया गया है।

घटना अलवर के बानसूर में रामपुर गांव में शुक्रवार सुबह 10 बजे की है। वनपाल मनोज नागा ने बताया कि रामपुर में लेकड़ी की घाटी में भैंरू बाबा मंदिर के पास सेठ्या का कुआं इलाके में लेपर्ड ने दो लोगों पर जानलेवा हमला किया है। रामपुर निवासी गिरधारी सैनी (50) सुबह भैंरू मंदिर गया था।

वह 10 बजे मंदिर से लौट रहा था। इस दौरान झाड़ियों में छुपे लेपर्ड ने उस पर अचानक हमला कर दिया। गिरधारी की चीख-पुकार सुनकर नजदीक ही खेत में काम कर रहा खोहरी निवासी महेंद्र यादव (40) पुत्र मंगलराम वहां दौड़कर पहुंचा।

लेपर्ड को हमला करते देख महेंद्र के हाथ-पैर फूल गए। वह गिरधारी को बचाने के लिए आगे बढ़ा तो लेपर्ड ने उस पर भी हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इसके बाद लेपर्ड घाटी की तरफ भाग गया।

हमले के गिरधारी और महेंद्र बुरी तरह जख्मी हो गए। गिरधारी का पेट फट गया, उसकी आंतें बाहर निकल गईं। दोनों लहूलुहान होकर वहीं गिर गए। कुछ देर बाद आस-पास के ग्रामीण वहां पहुंचे तो घायलों को संभाला। ग्रामीणों ने गिरधारी और महेंद्र को रामपुर सीएचसी ले गए। जहां से डॉक्टर ने उन्हें गंभीर हालत में बानसूर हॉस्पिटल रेफर कर दिया। महेंद्र यादव को बानसूर से कोटपूतली रेफर किया गया और गिरधारी सैनी की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रेफर कर दिया गया।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**It's Not What It Used To Be...**

Indipop's greatest strength, was also its failing - oversubscription. Every Tom, Dick and Harry who could carry a tune wanted to become a pop star.

**Blood Test Could Detect Parkinson's**

A simple blood test would allow us to diagnose the disease earlier and start therapies sooner



*बौद्धों की एक परम्परा तिब्बत के पठार की नदियों में रहने वाले ऊदबिलावों (आटर्स) के लिए वरदान बन गई है। ''इन्टरनेशनल जरनल ऑफ इन्टर रिलिजस एंड इन्टरकल्चरक स्टडीज़'' में प्रकाशित 2020 के एक शोध में बताया गया है कि, बौद्धों की एक धार्मिक परंपरा है ''फैंगशैंग'' (मुक्ति), इसमें बाज़ार में बिकने के लिए आए जानवरों को खरीदकर उन्हें जीवनदान दिया जाता है। बौद्ध धर्म ग्रंथ कहते हैं कि, यह रस्म ''ऋण चुकाने,'' ''दुर्भाग्य और खराब स्वास्थ्य को खत्म करने'' तथा ''किसी जीव के जीवन को बढ़ाने'' का एक जरिया है। प्रथा के अनुरुप, दक्षिण -पश्चिमी चीन में तिब्बत के पठार पर रहने वाले बौद्ध धर्मावलंबी बाजार से मछलियाँ खरीदकर, उन्हें स्थानीय नदियों में छोड़ देते हैं। ''करंट ज़ूलॉजी'' जर्नल में छपे शोध के अनुसार, ये मछलियां नदियों में रहने वाले ऑटर्स का भोजन बन गई हैं। इतना ही नहीं, प्रायः क्रूशियन कार्प तथा कॉमन कार्प जैसी बाहरी मछलियों को बाज़ार से खरीदकर नदियों में छोड़ा जाता है। इन बाहरी मछलियों से बीमारी फैलने का डर होता है, इसके अलावा स्थानीय मछलियों को इन बाहरी मछलियों के साथ भोजन के अपने संसाधन को साझा करना पड़ता है। इसलिए स्थानीय प्रशासन ने बाहरी मछलियाँ नदियों में छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन फिर भी हर साल हजारों मछलियाँ नदियों में छोड़ी जाती हैं। परंतु, शोधकर्ताओं ने देखा कि, इसके बावजूद भी स्थानीय नदियों में इन मछलियों की तादाद ज्यादा नहीं है। वर्ष 2022 में लिए गए सैम्पल में मात्र दो क्रूशियन कार्प मिलीं। असल में बात यह है कि, यूरेशियन ऑटर्स इन मछलियों को बहुत पसंद करते हैं। यह जानने के लिए कि, धार्मिक रस्म के तहत नदियों में छोड़ी गई इन बाहरी मछलियों को ऑटर्स खा रहे हैं या नहीं, टीम ने ऑटर के मल के नमूने लिए और पाया कि, हालांकि नदी में बाहरी प्रजाति की मछलियों की संख्या स्थानीय मछलियों की तुलना में कम है, लेकिन इसके बावजूद भी ऑटर्स के मल में बाहरी प्रजाति की मछलियों की उपस्थिति अधिक पाई गई। शोधकर्ताओं का कहना है कि, इस प्रकार ऑटर्स नदी के इको सिस्टम में बाहरी मछलियों की आबादी को नियंत्रित रख रहे हैं।*

# चीन के रक्षा मंत्री शांग फू भी अचानक गायब हुए

## इससे पहले चीन के विदेश मंत्री किन गांग भी अचानक लापता हो गए थे

- **महत्वपूर्ण विभागों के मंत्रियों का इस तरह लापता हो जाना चीन के नेतृत्व पर कई सवाल खड़े करता है।**
- **वियतनाम डेलीगेशन से अचानक हटने के बाद से ली शांग फू कहीं भी नज़र नहीं आए हैं।**
- **इससे पहले चीन की न्यूक्लियर फोर्स और मिसाइल कार्यक्रम को देख रहे एक टॉप अधिकारी को भी हटा दिया गया था।**
- **इन घटनाओं को चीन में सरकार के उच्चतम स्तर पर व्याप्त असुरक्षा और संदेह का संकेत माना जा रहा है।**

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। चीन सरकार के विभागों में बार-बार हो रहे बदलाव नेतृत्व में अनिश्चय की स्थिति के सूचक हैं।

चीन के विदेश मंत्री क्विन गांग के एकाएक गायब हो जाने के बाद, चीन सरकार के एक और शीर्ष सदस्य अचानक अदृश्य हो गये हैं।

ली शांग फू, जो अभी हाल तक चीन के रक्षा मंत्री थे, उस समय के बाद दिखाई नहीं दे रहे, जब उन्होंने एक वियतनामी प्रतिनिधिमंडल के साथ हो रही उच्चस्तरीय मीटिंग के एक राउन्ड से स्वयं को एकाएक हटा लिया था। उन्होंने यह कदम दोनों देशों के बीच सीमा संबंधी एक बिन्दु पर चर्चा के समय उठाया था। जनरल ली इससे पूर्व चीनी रक्षा खरीद के कार्य से जुड़े रहे हैं।

इससे पूर्व भी, चीन के शीर्ष नेतृत्व ने देश की न्यूक्लियर फोर्स तथा मिसाइल्स विभाग के शीर्ष सदस्यों को पूरी तरह बर्खास्त कर दिया था। चीन की न्यूक्लियर फोर्स तथा मिसाइल विभाग से जुड़े बहुत से मुख्य अधिकारियों को एकाएक हटा दिया गया था।

चीनी सरकार तंत्र के मुख्य क्षेत्रों में हुये ये तीन बदलाव सरकार के शीर्ष स्तर पर खलबली के संकेत दे रहे हैं। सरकार के इन उच्च स्तरों पर चयन एवं नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी तरह अपारदर्शिता है।

यह चीज सरकार के उच्चतम स्तरों पर असुरक्षा एवं संदेह के स्तर का संकेत भी हो सकती है। यह भी हो सकता है कि चीन के सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग को इन प्रमुख क्षेत्रों में विद्रोह का डर लगातार सता रहा हो तथा उन्हें स्वयं को हटा दिये जाने का खतरा दिखाई दे रहा हो। विशेषज्ञों की सोच है कि एकाएक हो रहे ये बदलाव चीन सरकार अशांति के व्यापक स्तर के संकेत हैं।

जापान में अमेरिकन राजदूत, जो चीन तथा चीन संबंधी मामलों पर पैनी नज़र रखने के लिये जाने जाते हैं, ने एक्स, पूर्ववर्ती ट्विटर, पर अपने आकउन्ट में कटाक्ष करते हुये लिखा था कि इस समय चीनी सरकार की स्थिति बहुत कुछ अगाथा क्रिस्टी की जासूसी कहानी ''एंड वैन देयर वर नन''।

राजदूत इमैनुअल रैम ने एक्स में लिखा, ''राष्ट्रपति शी के मंत्रिमंडल का लाइनअप इस समय अगाथा क्रिस्‍ॲी के उपन्यास ''एंड दैन दे पर वर नन'' से मिलता-जुलता लग रहा है। पहले, विदेश मंत्री क्विन गैंन अदृश्य हुये, उसके बाद ''रॉकेट फोर्स'' के कमान्डर गायब हुये और अब रक्षा मंत्री ली शांग्फू दो सप्ताह से सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दे रहे हैं।''

उन्होंने चीन के इस गोरख धंधे को ''मिस्ट्री इन चाइना'' की संज्ञा दी। अचानक गायब हो जाना और अचानक सामने आ जाने का यह तरीका चीन के बैस्टफ्रैंड रुस जैसा है। यूक्रेन वॉर के दौरान रुस की सेना के कई जनरल लुप्त है।

चीन के केस में शी कैबिनेट के इन दोनों मंत्रियों को अभी भी स्टेट काउन्सलर्स के रुप में संबोधित किया जा रहा है अर्थात् वे अभी भी कैबिनेट के सदस्य है। चीन के रक्षा मंत्रालय के रक्षा मंत्री ली का काफी भारी समर्थन है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बघेल से अलग राह चलने के फेर में अपनी ही पार्टी को शर्मिंदा कर दिया सिंह देव ने

## छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बघेल और उपमुख्यमंत्री की आपसी रार, नए आयामों पर पहुंची

- **छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 23 अगस्त को पत्र लिखकर प्र.मंत्री मोदी से राज्य के बकाया 6000 करोड़ रू. देने को कहा था तथा आरोप लगाया था कि, मोदी ई.डी. के जरिए उन्हें डराने की कोशिश कर रहे हैं।**
- **वहीं प्र.मंत्री मोदी के साथ मंच साझा करते हुए उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंह देव ने उनकी जम कर प्रशंसा की और कहा कि, केन्द्र सरकार से हमने जो मांगा वह मिला है, केन्द्र ने कभी भी पक्षपात नहीं किया।**
- **सिंह देव असल में बघेल से नाराज़ हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि, बघेल ने उनके मुख्यमंत्री बनने की संभावनाएं अवरूद्ध की हैं।**
- **हालांकि, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने समझौता करवा दिया था, पर, लगता है इस समझौते का अपेक्षित परिणाम नहीं निकला।**

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। संघीय व्यवस्था के मामले पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव एकमत नहीं है।

रायगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की तारीफ की। उन्होंने कहा, ''केन्द्र सरकार राज्य के खिलाफ पूर्वाग्रह नहीं रखती। मैंने कभी पूर्वाग्रह का अनुभव नहीं किया। राज्य सरकार के रुप में हमने केन्द्र से जो भी मांगा उसने सहयोग किया। मुझे विश्वास है कि आपसी सहयोग से हम देश और राज्य को आगे ले जाएंगे।''

सिंहदेव की स्थिति मुख्यमंत्री बघेल से अलग दिख रही है। जिन्होंने गत माह केन्द्र सरकार पर राज्य की बकाया राशि जारी न करने का आरोप लगाया था। 23 अगस्त को बघेल ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखकर विकेन्द्रीकृत चावल योजना के बकाया 6000 करोड़ रुपए जारी करने की मांग की थी। बघेल मोदी सरकार पर यह भी आरोप लगा रहे हैं कि वह उन्हें डराने तथा राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए ई.डी. और आयकर जैसी जांच एजेंसियों का दुराग्रहपूर्ण उपयोग कर रही है। बताया जाता है कि सिंहदेव बघेल से अलग राह ही चलते हैं, क्योंकि उन्होंने राज्य में कांग्रेस सरकार बनने के ढाई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# 'पत्रकारों का बायकॉट सैंसर शिप'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी ने ''घमण्डिया'' गठजोड़ - इण्डिया ब्लॉक -के घटकों द्वारा कुछ पत्रकारों को बायकॉट करने और उन्हें दी धमकी की कड़े शब्दों में निंदा की है।

- **भाजपा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया द्वारा कुछ टी.वी. एंकर्स के बहिष्कार पर यह भी कहा कि ''घमंडिया'' गठबंधन के नेताओं की पत्रकारों के बारे में बेहद घटिया सोच है और उनकी मानसिकता प्रेस का दमन करने की है।**

भाजपा ने कहा, ऐसा अतिनिन्दनीय निर्णय लेकर, ''घमण्डिया'' गठजोड़ ने एक बार और अपनी अत्यधिक दमनकारी, तानाशाही और सैंसरशिप वापस लाने की नकारात्मक सोच को उजागर किया है और भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के गठजोड़ द्वारा उठाए गए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कांग्रेस पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव जीतेगी'

## हैदराबाद में आज शुरु हुई सी.डब्ल्यु.सी. की दो दिवसीय बैठक में वेणुगोपाल ने दावा किया

- **बैठक से पूर्व कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने पत्रकारों से वार्ता की और कहा कि, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.सी.आर. और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, के.सी.आर. से हमारा कोई सरोकार नहीं है।**

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। हैदराबाद में होने वाली सी.डब्ल्यु.सी. की द्विदिवसीय मीटिंग से पहले, कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने विश्वास जताया है कि पार्टी इस वर्ष पाँच राज्यों, जिनमें तेलंगाना भी शामिल है, के आसन्न विधानसभा चुनावों में विजय प्राप्त करेगी।

उन्होंने एक प्रैस कॉन्फ्रेंस को बताया कि सी.डब्ल्यु.सी. के गठन के बाद, उसकी पहली मीटिंग शनिवार एवं रविवार को हैदराबाद में होगी। उन्होंने कहा कि सी.डब्ल्यु.सी. विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा करेगी।

विपक्षी गठबंधन मीडिया द्वारा 14 टी.वी. एंकरों को ब्लैकलिस्ट कर दिये जाने को लेकर पूछे गये एक सवाल के उत्तर में, वेणुगोपाल ने कहा, ''हमें पूरी-पूरी आशा है कि (लोकतंत्र का) चौथा स्तम्भ, मीडिया लोकतंत्र का संरक्षक एवं उद्धारक बनेगा, जैसा कि पहले हुआ करता था।''

उन्होंने कहा, मीडिया की भूमिका यह होती है कि जब-जब सरकार कोई गलती करे, तो वह सरकार को सही रास्ते पर लाये। मीडिया का कर्तव्य है कि वह सरकार को सुधारे तथा इसी प्रकार मीडिया वह विपक्ष की आवाज का सहयोग किया करता था। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कुछ मीडियाकर्मी केवल एक ही काम कर रहे हैं- सरकार का समर्थन करना तथा विपक्ष को बुरी तरह ध्वस्त करना। यह पत्रकारिता नहीं है। हम ऐसा नहीं मान रहे कि यह पत्रकारिता है, यह साफ तौर पर मोदी सरकार के पक्ष में एक ''स्पॉन्सर्ड जर्नलिज़्म'' है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन ने निर्णय लिया है कि उसका कोई घटक दल इन एंकरों वाले किसी कार्यक्रम में नहीं जायेगा।''

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव द्वारा प्रधानमंत्री को इस बात के पत्र लिखे जाने पर कि सोमवार से शुरु हो रहे संसद के पंचदिवसीय विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराया जाये, वेणुगोपाल ने कहा कि यह विधेयक कांग्रेस का शिशु है। उन्होंने कहा, ''हमने यह विधेयक एक सदन (राज्यसभा) में पारित कर दिया था किन्तु दूसरे सदन में यह पहले दिन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी को अंतरिम राहत

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। भारत राष्ट्र समिति की एम.एल.सी. और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव की पुत्री कविता को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली की आबकारी नीति की अनियमितताओं के मामले में 26 सितम्बर तक के लिए अंतरिम राहत प्रदान की। ई.डी., जिसने उन्हें शुक्रवार को सम्मन दिया था ने सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कविता को 26 सितम्बर तक उपस्थित होने के लिए नहीं कहा जाएगा।

- **के. कविता, जो तेलंगाना की सत्तारूढ़ पार्टी की एम.एल.सी. हैं, को दिल्ली की आबकारी नीति की अनियमितताओं के केस में सुप्रीम कोर्ट ने 26 सितम्बर तक राहत दी है।**

# भाजपा नेताओं के भाषणों व बयानों से ''हिन्दुत्व'' लुप्त हुआ, अब ''सनातन'' पर ज्यादा फोकस

## आम चुनावों तक भाजपा नेता इंडिया गठबंधन को सनातन धर्म का शत्रु बताते रहेंगे

- **शुक्रवार को एन.डी.टी.वी. पर एक साक्षात्कार में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उदयनिधि स्टालिन के सनातन संबंधी बयान को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया, खासकर कांग्रेस व सोनिया गांधी पर तीखा प्रहार किया और कहा कि, यह सनातन धर्म का विरोध नहीं, बल्कि सनातन धर्म को नष्ट करने की चाल है।**
- **भाजपा ने रणनीति में यह परिवर्तन इसलिए किया है क्योंकि उसे लगता है कि, हिन्दुत्व की बजाय सनातन व हिंदू शब्द ज्यादा स्वीकार्य हैं।**
- **ज्ञातव्य है कि, आर.एस.एस. हमेशा से हिन्दुत्व पर जोर देती रही है, क्योंकि उसकी सोच है कि, सनातन कमज़ोरों का धर्म है।**

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। सत्तारूढ़ भाजपा ने नवगठित इंडिया गठबंधन का मुकाबला करने के आगामी चुनाव में वर्षों से चल रहे अपने हिन्दुत्व एजेंडा की बजाय इस बार सनातन धर्म काम में लेना चाहती है।

सूत्रों के अनुसार, ज़मीनी स्तर तक के कार्यकर्ताओं को ये मौखिक निर्देश दिए गए है कि वे अपने वक्तव्यों और संवाद में हिन्दुत्व के बजाय सनातन शब्द का प्रयोग करें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे ''घमंडिया गठबंधन'' के कुटिल इरादों को हराएं और एकजुट रहें। पार्टी की नवीनतम रणनीति का संकेत आज मिला जब केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की सबसे पुरानी पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस उन गुटों का समर्थन करती है जो भारत को तोड़ना चाहते हैं।

आज एक समाचार चैनल को दिए इंटरव्यू में निर्मला ने कहा कि द्रमुक के और इंडिया गठबंधन हिन्दुओं और सनातन धर्म के खिलाफ है। उन्होंने उदयनिधि स्टालिन के भड़काऊ बयान पर हो रही राजनीति पर कड़ा प्रहार किया। उदयनिधि ने लोगों में भेदभाव और विभाजन के लिए सनातन धर्म को दोषी बताते हुए इसे समाप्त करने की अपील की।

कांग्रेस को सीधे निशाना बनाते हुए सीतारमण ने कहा कि ग्रैंड ओल्ड पार्टी के समर्थक भारत को तोड़ना चाहते है। भाजपा के सहयोगियों ने भी कांग्रेस, विशेषकर सोनिया गांधी निशाना बनाया। हालांकि कांग्रेस ने खुद को द्रमुक नेता के बयान से दूर कर लिया था।

मंत्री ने खुलेआम कहा कि यह सनातन धर्म का विरोध नहीं है बल्कि उसको मिटाने की चाल है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के किसी घटक ने इस बयान की निंदा नहीं की।

एन.डी.टी.वी. से बात करते हुए मंत्री ने आरोप लगाया कि सनातन का विरोध द्रमुक की घोषित नीति है और वे इसकी गवाह हैं।

सीतारमण ने कहा, ''तमिलनाडु के लोगों ने कष्ट भोगा। शेष देश भाषा की समस्या के कारण इसको समझ नहीं पाया। हमेशा से यही होता रहा है। अब सोशल मीडिया के कारण मंत्री ने क्या कहा इसे समझने के लिए किसी अनुवादक की जरूरत नहीं है। यह आश्चर्यजनक नहीं है। द्रमुक के नेता पिछले 70 साल से यही कर रहे है। यह दोगलापन है।''

उदयनिधि स्टालिन के बयान को संविधान का मखौल बताते हुए निर्मला ने आरोप लगाया कि वे जानबूझ कर विवादास्पद बयान दे रहे हैं, यह जानते हुए कि यह उनकी पद की शपथ का उल्लंघन है।

उदयनिधि स्टालिन ने कहा था

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एडिटर्स गिल्ड के पत्रकारों को सुप्रीम कोर्ट से पुनः राहत

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने ''एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया'' (ई.जी.आई.) के चार सदस्यों को अबपीड़क कार्यवाही (कोअर्सिव एक्शन) में संरक्षण की अवधि को शुक्रवार को दो सप्ताह और बढ़ा दिया है। ज्ञातव्य है कि इन चार पत्रकारों के

- **सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें किसी भी दंडात्मक कार्यवाही से दो सप्ताह की सुरक्षा और प्रदान की। ज्ञातव्य है कि, 4 सितम्बर को मणिपुर के मुख्यमंत्री ने एडिटर्स गिल्ड के चार पत्रकारों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाई थी।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पेट्रोल पंप संचालकों की हड़ताल 10 दिन स्थगित



**पेट्रोल पंप संचालकों की हड़ताल स्थगित होने के बाद शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल भरवाने वालों की कतारें लग गईं।**

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में पेट्रोल पंप संचालकों की अनिश्चतकालीन हड़ताल अगले 10 दिन तक स्थगित की गई है। राजस्थान पेट्रोल डीलर संघ के अधिकारियों व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास के साथ हुई बैठक के बाद दोनों की ओर से यह बयान दिया गया कि राज्य सरकार एक ''एम्पावर्ड कमेटी'' का गठन करेगी, जो अगले 10 दिन में सभी पक्षों को सुनकर पेट्रोल और डीजल पर वैट की दरें कम करने के संदर्भ में अपनी रिपोर्ट देंगी। मंत्री खाचरियावास ने यह कहा कि इस रिपोर्ट के अनुसार राज्य सरकार वैट की दरें तय करेगी और उन्हें पेट्रोल डीलर संघ के अधिकारियों की तरफ से यह आश्वासन दिया गया है कि वैट की दरें कम करने से प्रदेश के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

सचिवालय में मीडिया के लिये हुई कॉन्फ्रैंस में मंत्री खाचरियावास ''एम्पावर्ड कमेटी'' कोरम (कार्यसाधक संख्या) के विषय में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाये, पर उन्होंने बताया कि राजस्थान पेट्रोल डीलर संघ के तीन सदस्य होंगे और राज्य सरकार के वित्त विभाग के भी सदस्य होंगे। डॉ.राजेन्द्र सिंह भाटी, जो प्रदेश के पेट्रोलियम डीलर संघ के अध्यक्ष हैं, ने कहा कि राज्य सरकार और उनके संघ के बीच वार्ता में तीन मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें पहला तो यही था कि राज्य सरकार पेट्रोल पंप संचालकों से वार्ता कर 10 दिन में वैट की दर को कम करे। उन्होंने कहा कि अगर 10 दिन में कमेटी ने संघ की बात सुनकर वैट की दर कम नहीं कीं तो वे हड़ताल फिर से आरंभ करेंगे, ''हम पर किसी भी तरह का दबाव नहीं है, अगर सरकार हमारी बात नहीं मानेगी तो हम फिर से हड़ताल पर उतरेंगे।''

- **पेट्रोल पंप संघ ने इस शर्त पर स्थगित किया है कि ''एम्पावर्ड कमेटी'' 10 दिन में वैट की दरें कम करने का फैसला सुनाए**
- **मंत्री खाचरियावास ने एम्पावर्ड कमेटी के विषय में कोई स्पष्टीकरण तो नहीं दिया, पर यह जरूर कहा कि इस समिति में प्रदेश के पेट्रोल डीलर संघ के तीन सदस्य अवश्य होंगे**

राजस्थान पेट्रोलियम डीलर संघ के सचिव शशांक कौरानी से जब पूछा गया कि अगर राज्य सरकार भी तीन या उससे अधिक सदस्य ''एम्पावर्ड कमेटी'' में भेजती है तो यह कमेटी सामंजस्य बनाकर निर्णय कैसे लेगी? इस सवाल पर प्रतिक्रया करते हुए उन्होंने कहा कि समिति में राज्य सरकार और उनकी ओर से आंकड़े और तथ्य प्रस्तुत किये जाएंगे, इसके अलावा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आई.ओ.सी.) की तरफ से भी आंकड़े और तथ्य प्रस्तुत किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी आंकड़ों और तथ्यों को मद्दे नजर रखते हुए अगर वैट की दरों में कमी नहीं लाई गई तो पुनः हड़ताल होगी। उन्होंने आगे बताया कि शुक्रवार शाम तक वित्त सचिव प्रदेश से बाहर गये हुए थे। इसलिये ''एम्पावर्ड कमेटी'' के संबंध में आदेश जारी नहीं हुए, परंतु शनिवार तक आदेश जारी कर दिये जाएंगे।

प्रदेश के पेट्रोल डीलर संघ के अध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह भाटी, ने आगे बताया कि राज्य सरकार से गुहार की है कि वह पेट्रोलियम को जीएसटी के अंतर्गत लाने का प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को भेजें। उन्होंने कहा कि सरकार से ''सीमावर्ती जिले'', जैसे हनुमानगढ़ और गंगानगर, जहां पेट्रोल की बिक्री जयपुर के मुकाबले ज्यादा महंगे दरों पर होती है, पर भी चर्चा की जा रही है।

## मेजर राजेश कुमार शर्मा डीपी कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित

**जयपुर**, (का.सं.)। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह एवीएसएम वीएसएम भारत सरकार द्वारा एनसीसी के जयपुर ग्रुप हैड क्वाटर में आयोजित एक भव्य समारोह में एनसीसी के क्षेत्र में विगत वर्षों में दी गयी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कमेंडेशन कार्ड अर्थात सम्मान पत्र, मेडेलियन एवं प्लैक प्रदान किये गये।

ग्रुप कामण्डर कर्नल वीरेन्द्र कुमार ने बताया की सीनियर डिवीजन में एनसीसी के लिए सेवा और समर्पणभाव से दी गई। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वन राज आर्मड स्कवाड्रन एनसीसी के मेजर (डॉ.) राजेश कुमार शर्मा एसोसिएट एनसीसी अफसर राजस्थान कॉलेज को संगठन के प्रति निष्ठा एवं समर्पण तथा कार्य के प्रति लग्न और एकता एवं अनुशासन के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए डीजी ने डीजी कमेंडेशन कार्ड प्रदान किया।

## फोन सर्विलांस पर लेने के आदेश को रद्द करने पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें रेवेन्यू बोर्ड में भ्रष्टाचार मामले में फोन नंबर को सर्विलांस पर लेने लिए गृह सचिव की ओर से दिए आदेश को अवैध मानकर रद्द कर दिया था। इसके साथ ही एसीबी को निर्देश दिए थे कि वह रिकॉर्ड किए गए सभी मैसेज व रिकॉर्डिंग को नष्ट करे और इन्हें केस में पेंडिंग आपराधिक कार्रवाई में अमल में नहीं लिया जाए। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने मामले में पक्षकार शशिकांत जोशी को नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए कहा है।

# डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल साहित्य उपाधि से अलंकृत



**डूंगरगढ़ स्थित राज्य की लगभग छह दशक पुरानी अग्रणी साहित्यिक संस्था राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार समिति ने अपने वार्षिकोत्सव के अवसर पर हिंदी के विख्यात साहित्यकार, अनुवादक और स्तम्भकार डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल को अपने सर्वोच्च सम्मान साहित्यश्री से अलंकृत किया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। डूंगरगढ़ स्थित राज्य की लगभग छह दशक पुरानी अग्रणी साहित्यिक संस्था राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार समिति ने अपने वार्षिकोत्सव के अवसर पर हिंदी के विख्यात साहित्यकार, अनुवादक और स्तम्भकार डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल को अपने सर्वोच्च सम्मान साहित्यश्री से अलंकृत किया।

संस्था के सभागार में आयोजित इस गरिमापूर्ण समारोह में उन्हें उन्हें संस्था की सर्वोच्च मानद उपाधि मलाराम स्मृति साहित्यश्री उपधि भी दी गई। संस्था के ये सम्मान हर वर्ष किसी विख्यात साहित्यकार को विगत दो दशकों के उनके अनवरत साहित्य सृजन के लिए दिए जाते हैं। संस्था का यह सम्मान और मानद उपाधि अब तक हिंदी के जिन साहित्यकारों को दी जा चुकी हैं उनमें से कुछ ये हैं - विष्णु प्रभाकर, विश्वम्भर नाथ उपाध्याय, कन्हैया लाल सेठिया, अन्ना राम सुदामा, बलराम, रणवीर सिंह, पंकज बिष्ट और प्रेम जनमेजय। समारोह की अध्यक्षता की शिक्षाविद डॉ. हेमंत कृष्ण मिश्र ने और मुख्य अतिथि थे। राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष शिवराजछंगाणी, समारोह का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जयपुर के निदेशक और सुपरिचित कथाकार डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने किया, क्योंकि यह समारोह हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था, डॉ. दुर्गाप्रस3ाद अग्रवाल को उनके सम्मान से पूर्व हिंदी की वर्तमान स्थिति पर अपने विचार व्यक्त करने को कहा गया और और उन्होंने अपने संक्षिप्त किंतु सारगर्भित वक्तव्य में हिंदी की अब तक की विकास यात्रा का परिचय देते हुए इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आज पूरे देश में ही नहीं, दुनिया के अधिकांश देशों में भी हिंदी बोली, समझी व पढ़ी जाती है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हिंदी को वर्तमान सुदृढ़ स्थिति तक लाने में सरकारों, राजभाषा अधिकारियों, अनुवादकों, प्रसार एवं मनोरंजन माध्यमों, और तकनीक का भी बड़ा योगदान है।

- **इस गरिमापूर्ण समारोह में उन्हें संस्था की सर्वोच्च मानद उपाधि मलाराम स्मृति साहित्यश्री भी दी गई।**



**हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूरे देश के समक्ष एक मिसाल पेश करते हुए भारी बारिश एवं भूस्खलन से आई आपदा से जूझ रहे प्रदेश के लिए अपनी समस्त जमा पूंजी की 51 लाख रुपये की धनराशि आपदा राहत कोष-2023 में दान कर दी है। मुख्यमंत्री ने आज अपने सरकारी आवास ओक ओवर में अपनी धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर की उपस्थिति में 51 लाख रुपये का चेक मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को सौंपा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू संभवतया देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं, जिन्होंने पद पर रहते हुए अपनी निजी जमा पूंजी सरकार को आपदा से निपटने के लिए दान में दी है।**

## हिमाचल प्रदेश के एकीकृत बिजली उपभोक्ता पोर्टल का शुभारंभ

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां अभियंता दिवस के अवसर पर शिमला में हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) के एकीकृत बिजली उपभोक्ता पोर्टल का शुभारंभ किया।

इस पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ताओं को अब अपने बिजली बिलों का भुगतान करने के लिए लम्बी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा, बल्कि वे घर बैठे ही आसानी से बिलों का भुगतान कर सकेंगे। इसके अलावा लोग अब नए बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और इस पोर्टल के माध्यम से अपने आवेदन की प्रगति की भी निगरानी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पोर्टल पर एचपीएसईबीएल द्वारा दी जाने वाली नाम परिवर्तन और लोड समायोजन आदि विभिन्न सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। इस डिजिटल पहल का उद्देश्य बिजली बोर्ड में कागज रहित कार्य संस्कृति की शुरुआत करना है, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित होंगी और सेवाओं में तेजी आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पोर्टल ऊर्जा क्षेत्र में उपभोक्ता सुविधा बढ़ाने और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है जिससे उपभोक्ताओं को अधिक कुशल और सुलभ सेवाएं प्राप्त होंगी।

# भाजपा मुख्यालय पहुंची ज्योति मिर्धा

**जयपुर**। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार ज्योति मिर्धा शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुची। वहां चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया व संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात की। आज पहली बार प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंची ज्योति मिर्धा ने हनुमान बेनीवाल पर जमकर हमला बोला। मिर्धा ने कहा कि बेनीवाल को मेरी चुनौती है वह सामने आकर चुनाव लड़े, वही घोड़े और वही मैदान अब उनको पता चलेगा। उनके पास जीतने के लिए पूरे वोट नहीं थे इसलिए गठबंधन करके बीजेपी का सहारा लिया। बेनीवाल द्वारा लगाए गए ईडी और सीबीआई के आरोपों को लेकर मिर्धा ने कहा कि बेनीवाल अनर्गल आरोप लगाते हैं उनके पास बोलने को कुछ नहीं है। तारीख में मेरे परिवार की किसी भी सदस्य पर ईडी सीबीआई का लंबित मामला नहीं है।

वहीं ज्योति मिर्धा ने कांग्रेस छोड़ने के सवाल पर कहा कि नागौर में पार्टी खुद अपने आप को कमजोर करके क्षेत्रीय पार्टियों को वहां पर मजबूत कर रही थी। ऐसी परिस्थितियां बन गई थी हम कार्यकर्ताओं के काम नहीं करवा पा रहे थे, घुटन का माहौल हो गया था। ज्योति मिर्धा ने कहा कि मैं बिना किसी शर्त पर भाजपा में शामिल हुई हूं। लग नहीं रहा है किसी नई पार्टी में आई हूं। टॉप लीडरशिप ने मुझ पर विश्वास जाता है। मेरा प्रयास रहेगा 2023 और 2024 के इलेक्शन में पार्टी को मजबूत करुं। पार्टी जहां मेरी जरूरत समझेगी मैं वहां हासिल रहूंगी। सभी कार्यकर्ताओं साथ चलने का प्रयास रहेगा। मुझे पूरी उम्मीद है आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बीजेपी भारी मतों के साथ चुनाव जीतेगी।

- **ज्योति मिर्धा ने दी हनुमान बेनीवाल को चुनौती**

## बांध सुरक्षा को लेकर नई चेतना का हुआ उदय : शेखावत

**जयपुर**। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 में बांधों की सुरक्षा को लेकर बनाए गए बांध सुरक्षा अधिनियम के बाद से देश में बांध सुरक्षा को लेकर नई चेतना का उदय हुआ है। इसके चलते आज चाहे बांधों के निरीक्षण की बात हो या फिर सुरक्षा की बात, इस पर गंभीरता के साथ काम किया जा रहा है।

शुक्रवार को बांध सुरक्षा पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन पर शेखावत ने कहा कि जहां समय पहले कुछ सौ की संख्या में बांधों के निरीक्षण होते थे, आज वह संख्या प्रतिवर्ष 12 हजार हो गई है। दरअसल, बांधों के टूटने से बहुत बड़ा संकट खड़ा होता है। कुछ दिनों पहले लीबिया की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां पांच हजार से ज्यादा लोगों की मृत्यु हुई। जब बांध टूटता है तो उसके नीचे हिस्सा और ईको सिसृटम पर खराब हो जाता है। भारत में भी इस तरह की घटनाएं हुई हैं। सीडब्ल्यूसी के आकड़ों के अनुसार पिछले 100 वर्षों में 42 ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए बांधों की सुरक्षा को विषय अत्यंत ही गंभीर है। फिलहाल दुनिया में बांधों की सुरक्षा को लेकर एक माहौल बना है, जिसे आगे बढ़ाने की सख्त आवश्यकता है।

मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में तीसरा सबसे अधिक बांधों वाला देश है। लिहाजा हमें इस विषय पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता थी। इसलिए प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आईआईटी रुड़की, आईडीएससी बेंगलुरु में अंडर ग्रेजुएट कोर्सों की शुरुआत की गई है, वहीं जयपुर एमएनआईटी में हमने भूकंप के जरिए बांध की सुरक्षा को होने वाले खतरे के संबंध में केस स्टडी सेंटर की स्थापना की है।

शेखावत ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ग्लोबल लीडर की तरह उभरा है।

### तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित करते है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री छीतर मल जांगिड**

(सेवानिवृत्ति वरिष्ठ लेखाकार) निवासी करड का आकस्मिक निधन 14.09.2023 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 16.09.2023 शनिवार सायं 5 से 6 बजे स्थान आदर्श विद्या मंदिर, गेट न.-2, अंबाबाड़ी सर्किल, जयपुर में रखी गई है।

**शोकाकुल**- सीताराम जाँगिड (भ्राता), श्रवणकुमार जाँगिड (भतीजा), प्रेमकुमार जांगिड (अधीक्षक CGST), सौभागमल जांगिड, गिर्राज मल जांगिड, विनोद जाँगिड (पुत्र), दिनेश गौरव, मयंक, तनु, देव (पौत्र) एवं समस्त दहमण परिवार

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

### खोया पाया

HDFC Bank के रिटर्न चेक पांच बती से जालुपुरा के बीच में गुम हो गये हैं मिलने पर सूचित करें। उदय सिंह 8440924340

मेरे मकान 3-JA-28 जवाहर नगर जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, कब्जा पत्र जवाहर नगर जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करे- हरिचरण शर्मा 9314007007

भूखण्ड संख्या नया 644, पुराना FA 136, योजना Siddharth Nagar, जगतपुरा, जयपुर के समिति द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र, साईट प्लान, रसीद वर्ष 2016 में गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें। जिसकी एफआईआर दिनांक 02.12.2016 को थाना भांकरोटा में दर्ज हुई है। कविता अग्रवाल मो. 7738071507

### नाम परिवर्तन

मै केन्द्रिका पुत्री श्री गंगाराम निवासी नानो वाली बावडी, तहसील खेतड़ी, झुन्झुनू ने अपना नाम केन्द्रिका से केन्द्रिका अधाना रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे केन्द्रिका अधाना के नाम से जाना व पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम Pyarai Lal से बदलकर Pyare Lal S/o Mahaveer Swami रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। वार्ड नं 10 Bharonda कलां झुंझुनू राज

I, RISHI KUMAR KHANDELWAL S/o Rameshwar Dayal Khandelwal R/o Plot No. A-385, Vaishali Nagar, Jaipur (Raj.)- 302021 declare that in my class 10th Marksheet my name and DOB wrongly mention as RISHIKANT GUPTA S/o Rameshwar Dayal Gupta DOB 30.11.1973 my correct name is RISHI KUMAR KHANDELWAL S/o RAMESHWAR DAYAL KHANDELWAL DOB 22.11.1973.

I have changed my name from Subodh Sukhpal Chand Bhandari to Subodh Bhandari R/o B-18 Ashiyana G-2 Vashishth Marg Shyam Nagar Jaipur

### आम-सूचना

आम सूचना सर्वसाधारण सूचित किया जाता है की श्री राम प्रताप कासनिया पुत्र श्री बेगाराम कासनियां के फ्लैट नम्बर 81/ B-602 (6f), अरावली एन्क्लेव, सेक्टर 8 मानसरोवर जयपुर स्थित सम्पति के चेन ऑफ डाक्यूमेंट में से मूल दस्तावेज राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, जयपुर का आवंटन पत्रांक 2697 दिनांक 26.11.20. कब्जा पत्रांक 2998 दिनांक 22.12.20, 7 दिवस कब्जा पत्रांक 1087 दिनांक 22.12.20 एवं हैंडिग ओवर प्रमाण पत्र दिनांक 22.12.20 कहीं खो चुका है। इसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दिनांक 05.09.2023 को कर दी गई है। किसी भी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति है तो 15 दिवस में लिखित रूप से सम्पर्क करें। **राम प्रताप कासनिया,** फ्लैट नम्बर 81/ B-602, अरावली एन्क्लेव, सेक्टर 8 मानसरोवर जयपुर।

### आम सूचना

**मेरे जानकारी मे यह तथ्य आया है की मेरे पुत्र हिमांशु सोगानी ने व्यक्तिगत हैसियत मे कई लोगो से तरह तरह के झूठे वादे करके धनराशि उधार ले रखी है। अतः सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है की उक्त लेन देन की जानकारी मुझे नहीं थी, ना ही उक्त लेन देन की ज़िम्मेदारी मेरी, मेरे परिवार या मेरी फर्म 'सोगानी ब्रदर्स' की थी, है या होगी। हिमांशु सोगानी के साथ किए गए किसी भी तरह के लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार था, है व होगा। विनोद सोगानी प्रोपराइटर 'सोगानी ब्रदर्स', 9414041696**

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती द्रोपदी देवी पत्नी श्री शंकर लाल ने जरिये इकरारनामा दिनांक 19.4.1997 के द्वारा आनन्द भवन निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर रजि. नंबर एल 1884 द्वारा बसाई गई आवासीय योजना अमर नगर खातीपुरा जयपुर ने आवासीय प्लाट नंबर 22-21 कुल क्षेत्रफल 400 वर्गगज स्थित है जो कि मधुबाला पारीक पुत्री श्री अमरनारायण पारीक के नाम से था, को क्रय किया है अब श्रीमती द्रोपदी देवी पत्नी श्री शंकर लाल वर्मा उक्त प्लाट को विक्रय करना चाहती है इसमें किसी भी दीगर व्यक्ति को या पारिवारिक सदस्य को उक्त प्लाट के विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो सात दिन के भीतर मेरे कार्यालय में सम्पर्क करें। उसके पश्चात कोई उज्र आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।
जयपुर — दलीप कुमार खींचड़, एडवोकेट
दिनांक-15/9/23 रजि.नंबर आर/1650/2010, मो.नंबर 9782469645

### उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 4123/2022
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम विरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र हरिकिशन शर्मा जाति आयु 62, निवासी 149 अनार गली हाथी भट्टा अजमेर राजस्थान
विवाद स्थान बी-407, भरत विहार, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास जयपुर
मृतक हरिकिशन शर्मा, माया देवी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक-05/10/2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम हरिकिशन शर्मा पुत्र घनश्याम लाल शर्मा जाति... निवासी माया देवी पत्नी हरिकिशन शर्मा, निवासी बी-407, भरत विहार, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 05 माह 10 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 25 माह 08 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर-प्रथम
मोहर अदालत

### उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 210/2023
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम 1. प्राची श्रीवास्तव पुत्री स्व.श्री राकेश श्रीवास्तव, 2. साकेत श्रीवास्तव पुत्र स्व.श्री राकेश श्रीवास्तव निवासी- सी-291 वैशाली नगर जयपुर
विवाद स्थान HDFC बैंक जमा राशि 1,7952068 रू.
मृतक स्व. राकेश श्रीवास्तव, स्व. रजनी श्रीवास्तव की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक-29/9/2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. राकेश श्रीवास्तव पुत्र गिरधारी लाल, स्व.रजनी श्रीवास्तव पत्नी स्व.राकेश श्रीवास्तव कायस्थ सी-291 वैशाली नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 29 माह 9 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 14 माह 09 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर-द्वितीय
मोहर अदालत

### उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 230/2023
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम अच्युत कृष्णदास पुत्र स्व. गुरूराम कृपाल दास जाति हिन्दु रामथाम, राम कुटिया कालवाड रोड नारी का बास माचवा जयपुर
विवाद स्थान खसरा नं.388/1 व ख.स.नं. 388/3 गांव माचवा त.कालवाड जिला जयपुर
मृतक गुरू राम कृपालदास की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक-13/10/2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम गुरूराम कृपालदास पुत्र चेला स्व.कौशल्या दास जाति हिन्दु निवासी राम कुटिया कालवाड रोड नारी का बास माचवा जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 13 माह 10 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 14 माह 09 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर-द्वितीय
मोहर अदालत

संख्यांक 2
**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )**
न्यायालय जिला एवं सैशन न्यायाधीश जयपुर महानगर द्वितीय
**लालाराम लुहार विरुद्ध संदेश मोयल**
वाद बाबत विशिष्ट अनुपालना
वाद सख्या : 349 / 2023 (353 / 23)
CMC-274 / 2023 (372 / 23)
बनाम :
संदेश मोयल पुत्र रमेश मोयल
18 / 44, भाटो वाली गली, मुंदरी मोहल्ला, अजमेर
वादी ने आपके विरुद्ध विशिष्ट अनुपालना+ अस्थायी निषेधाज्ञा के लिये वाद संस्थित किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 09.10.2023 को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हों या न हों, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 15.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **आज्ञा से**
**वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर द्वितीय**
मोहर न्यायालय

### निविदा सूचना

**राजकीय महाविद्यालय, फागी में वित्त वर्ष 2023-24 में कम्प्यूटर ऑपरेटर, सहायक कर्मचारी, चौकीदार एवं सफाई कर्मचारी की सेवायें दर अनुबंध पर उपलब्ध करवाने हेतु पंजीकृत बोलीदाता/ संवेदक से दिनांक 29.09.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण http/ sppp.rajasthan.gov.in पर देखें। UBN No. ESD2324SSLB0017**
**प्राचार्य एवं अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय फागी विकास समिति**

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 207/2023
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
चूंकि श्री नन्द किशोर छापोली पुत्र श्री भूरा राम कुमावत निवासी ज्यानियों की ढाणी, भादवा जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत मंदिर श्री विष्णु भगवान भादवा ग्राम भादवा तहसील किशनगढ़-रेनवाल जिला जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 1.9.23 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 8.11.23
**रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)**
**सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर**
मोहर अदालत

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

**राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर**
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1855 दिनांक-14.09.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 117/157, मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री राम खिलाड़ी पुत्र श्री छाजू सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 790 दिनांक 30.11.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 21.12.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 657 दिनांक 19.05.2007 के द्वारा श्री राम खिलाड़ी पुत्र श्री छाजू सिंह के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों को निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 24.05.2010 को करवाया गया। श्री राम खिलाड़ी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्रीमती वैजन्ती देवी पत्नी श्री राजमल को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 24.05.2010 को करवाया गया। श्रीमती वैजन्ती देवी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्रीमती कविता टिक्यानी पत्नी श्री किशोकर कुमार टिक्यानी को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों को निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 06.06.2011 को करवाया गया। श्रीमती कविता टिक्यानी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री शीतल दास मंगलानी पुत्र श्री जीवन मल मंगलानी को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 01.09.2011 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री शीतल दास मंगलानी की मृत्यु दिनांक 18.01.2021 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती गीता मंगलानी पत्नी स्व.श्री शीतल दास मंगलानी ने मृत्यु पश्चात नाम एवं लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है।
अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती गीता मंगलानी पत्नी स्व.श्री शीतल दास मंगलानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

### NOTICE TO DATE OF HEARING IN CRIMINAL CASE

(RULE 316)
IN
THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR
**SMT. POOJA RAO & ORS.**
V/S
**DURGESH RAO & ORS**
OFFENCE U/S.....
**S.B. CRIMINAL REVISION PETITION NO. 466 / 2021**
OF AGAINST THE JUDGEMENT DATED **29.01.2021** OF THE COURT OF....... SPECIAL JUDGE (FAKE CURRENCY CASES), JAIPUR METROPOLITION-FIRST.................. IN
**CRIMINAL APPEAL NO: 597/2019**
**TO**
DURGESH RAO S/O SHRI RAMSWAROOP RESIDENT OF 69, JAGDAMBA VISTAR COLONY, RAVAN GATE, JHOTWARA, JAIPUR.
TAKE NOTICE THAT THE ABOVE NOTED CASE WILL BE HEARD AND DISPOSED OF BY THIS COURT ON 17 DAY OF **OCTOBER 2023** AT **10:00 AM** GIVEN UNDER MY HAND AND THE SEAL OF COURT THIS DAY OF **13,SEPTEMBER 2023.**
ADMINISTRATIVE OFFICER JUDICIAL
Rajasthan High Court Bench JAIPUR
STAMP

प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक**
क्रमांक : नपासा/2023/1667 **लोक सूचना** दिनांक-15.9.2023
1. श्री मनोज सैनी पुत्र श्री बद्री प्रसाद सैनी जाति माली निवासी मालियों की ढाणी ईरोलाव तहसील फुलेरा जिला जयपुर प्रान्त राजस्थान 2. श्री नितेश कुमार रोजोरा पुत्र श्री चतुर्भुज रोजोरा, जाति बलाई निवासी 162 रामदेवजी के मन्दिर के पास दादू नगर श्रीरामनगर तहसील फुलेरा जिला जयपुर प्रान्त राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | लालपुरा | 2661/4 | कुल किता 01 कुल रकबा 0.8219 हेक्टेयर | 01 रकबा 8219 वर्गमीटर भूमि को आवासीय मे रूपान्तरण हेतु |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैकि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर काई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद् नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 15/09/23 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका मण्डल सांभर लेक

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं स्थानीय अधिकारी नगर पालिका मण्डल किशनगढ-रेनवाल (जयपुर)

क्रमांक-नपाकिरे/23-24/2812 प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए) दिनांक-15/9/2023
**लोक सूचना**
**श्री राजेन्द्र पुत्र श्री रामचन्द चौधरी जाति जाट निवासी पुराने थाने के पास, कि.रेनवाल ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि प्रयोजन के पैरा-फैरी क्षेत्र में कृषि से अकृषि भू-उपयोग (औद्योगिक) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-**

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र वर्गगज |
|---|---|---|---|
| जिला जयपुर, तहसील कि.रेनवाल | रामसिंहपुरा उर्फ डोडिया | 213/37 | 333.33 वर्गगज |

**इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैकि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर काई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।**
**उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद् नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।**
**यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 15/09/23 को जारी की गयी।**
**प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका कि. रेनवाल**

# वायुसेना के 9 हॉक विमानों के हैरतअंगेज कारनामे देखने उमड़े हजारों जयपुरवासी

## जलमहल की पाल से लेकर मुख्य सड़क पर लोगों का हुजूम उमड़ा, ट्रेफिक हुआ जाम





वायुसेना के 9 हॉक विमानों ने शुक्रवार को जब जलमहल के ऊपर उडान भरी तो हैरतअंगेज करतब और नजारे देखने के लिए हजारों लोगों का सड़कों पर हुजूम उमड़ पड़ा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जयपुर** (कासं)। वायुसेना के 9 हॉक विमानों ने राजधानी जयपुर में उडान भरी तो शहर हुंकार गुजायमान हो गया। मौका था एरोबेटिक्स टीम की ओर से शुक्रवार को शुरू हुए तीन दिवसीय मेगा एयर शो का। सूर्य किरण का एयर शो शाम को जल महल के ऊपर आसमां में शुरू हुआ तो भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े।

हालात ऐसे थे कि चार-दीवारी के आसपास रहने वाले लोगों ने छतों पर चढ़कर शो का लुत्फ उठाया। जलमहल पर सेना के अफसर भी परिवार सहित मौजूद रहे, जबकि सेना की ओर से स्कूल-कॉलेज विद्यार्थी और एनसीसी कैडेट्स को आमंत्रित किया गया था। बताते चलें कि एयर शो में करतब दिखाने वाले एयरपोर्ट की एरोबेटिक टीम में एक महिला सहित जयपुर के तीन पायलटों ने भी विमानों को आसमां में उडाकर हैरत अंगेज करतब दिखाए। करीब एक घंटे तक सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने एयर शो किया जो अब शनिवार और रविवार को भी दिखाया जाएगा। करतब दिखाने वाले विमानों ने एक साथ एयरपोर्ट से उडान भरी और जल महल के ऊपर

- **चारदीवारी के आसपास रहने वाले लोग छतों पर चढ़कर एयर शो का लुत्फ उठाते नजर आए**

कलाबाजी दिखाकर वापस एयरपोर्ट पहुंचे। वायुसेना के इस शो को भारतीय नौ-जवानों में वायुसेना के प्रति जागरूकता पैदा करना माना जा रहा है। वायुसेना का शो देखने भारी संख्या में लोग उमडे, जिन्हें व्यवस्थित करने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि यातायात में व्यवधान ना हो इसके लिए पुलिस ने खास रूट चार्ट बनाकर पार्किंग व्यवस्था के माकूल इंतजाम किए। हालात ऐसे थे कि विमानों ने जैसे ही उडान भरी तो लोग आकाश को गुंजायमान देख छतों पर चढ़ गए। नजारा बिल्कुल ऐसा लगा कि मंकर संक्रांति की तरह छतें लोगों से अट गई, फर्क सिर्फ इतना था कि उस दिन आसमां में पतंग रहती है और शुक्रवार को विमान थे। जानकारी के अनुसार वर्ष 1996 में सूर्य किरण टीम की स्थापना हुई। सूर्य किरण वायुसेना की 52 वें स्कवाड्रन का हिस्सा है जो इंडियन एयरफोर्स की एयरोबैटिक्स प्रदर्शन टीम है। इस टीम में 13 पायलट होते हैं जो सेना के लडाकू विमान उडाने में दक्ष होते हैं। कुशल पायलों की टीम में से 9 पायलट अपने-अपने विमानों से एक साथ उडान भरते हैं। पायलटों के पास किरण एयरक्राफ्ट उडाने का 1 हजार घंटे और 2 हजार घंटे का लडाकू विमान उडाने अनुभव होता है। पायलटों के अलावा टीम में फ्लाइट कमांडर एक प्रशासक और क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होते हैं।

# फर्जी आवंटन पत्र बनाकर भूखंड़ पर कब्जे का प्रयास

## पीड़ित ने मीनावाला गृह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारियों पर एफ.आई.आर. दर्ज करवाई

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर इलाके में मकान बनवा रहे व्यक्ति को दो लोगों ने प्लॉट का पट्टा होने की कहकर काम रुकवा दिया। पीड़ित ने दीनदयाल चौधरी, अनिल अग्रवाल नन्द किशोर सहित मीनावाला गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड के पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में सिविल लाइंस सूरज नगर पश्चिम निवासी रुपेश कांत व्यास ने मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि विद्युत नगर निवासी विकास सिरोही ने 24 मार्च 2005 को मीनावाला गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड से उसकी आवासीय योजना आनन्द विहार गजसिंहपुरा बाईपास में दो भूखण्ड 1 लाख 64 हजार रुपए में खरीदे थे। दोनों भूखण्डों का गृह निर्माण सहकारी समिति ने आवंटन पत्र जारी कर कब्जा दे दिया था। विकास ने दोनों भूखण्ड रुपेश कांत व्यास को 17 नवंबर 2016 को बेच दिए थे। रुपेश कांत ने चारदीवारी बनवा ली थी। गत 12 सितंबर 2023 को रुपेश पत्नी, ससुर तथा कारीगरों के साथ निर्माण के लिए गया था। इसी दौरान अनिल अग्रवाल नामक व्यक्ति अपने 8 से 10 लोगों के साथ आया और कहा कि यह प्लॉट हमने दीनदयाल चौधरी से खरीदा है। इस पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर समझाइश की। इसके बाद अनिल अग्रवाल वहां से चला गया। मौके पर आए एक और व्यक्ति जे.पी शेखावत ने भी आकर बताया कि उसने यह प्लॉट दीनदयाल चौधरी से खरीदा है। पीड़ित का कहना है कि अनिल अग्रवाल, दीनदयाल चौधरी, नन्द किशोर सहित मीनावाला गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड के पदाधिकारी मिलकर भूखण्ड का फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर जबरन कब्जा करना चाहते है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार-समाचार

### फजल-साबिर की जोड़ी बनी विजेता



**जयपुर** । ओपन कैरम चैंपियनशिप में फ़ज़ल और साबिर विजेता रहे। गुरुवार देर रात खेले गए फाइनल में फज़ल और साबिर की जोड़ी ने बॉबी और बिलाल की जोड़ी को 25-23, 25-12 से पराजित किया। सैयद कैरम क्लब के तत्वाधान में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में सेमी फाइनल मुकाबले में फ़ज़ल और साबिर की जोड़ी ने हसीन और दानिश की जोड़ी को 13-25, 25-0, 25-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया दूसरे सेमीफाइनल में बोबी और बिलाल की जोड़ी ने शाहरुख और रेहान को 15-19, 25-12, 13-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सिंगल के मुकाबले आज से शुरू किए गए। एकल मुकाबले चार ग्रुपों में नॉकआउट आधार पर खेले जा रहे हैं। सभी मैच चीफ़ रेफरी जितेंद्र कुमार भार्गव की देखरेख में खेले गए। इस प्रतियोगिता के स्पॉन्सर मोहम्मद इशाक साहब ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

### 'कला संग्रहालय इतिहास के स्त्रोत'



**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के संग्रहालय विज्ञान एवं संरक्षण केन्द्र एवं इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "म्युजियम स्पेसेज एज पीपुल्स हिस्ट्रीज एण्ड कम्यूनिटी वॉयसेज" विषय पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में वक्तव्य देते हुए बी.एल. इंस्टीट्यूट ऑफ इंडोलॉजी, नई दिल्ली की प्रो. नीरु मिश्रा ने कहा कि कला संग्रहालय स्वयं में इतिहास के स्त्रोत हैं। विशिष्ट अतिथि, ढाका (बांग्लादेश) की प्रो. मोकम्मल एच. भुइआन ने भारत-बांग्लादेश की साझा संस्कृति पर प्रकाश डाला। श्रीलंका कोलंबो विश्वविद्यालय से आई प्रो. एम. ज़मीर क़रीम ने श्रीलंका में अल्पसंख्यक संस्कृति के संरक्षण में संग्रहालयों की भूमिका को महत्वपूर्ण माना। मुख्य अतिथि, आई.आई.टी. हैदराबाद के इतिहासकार डॉ. अनिकेत आलम ने संग्रहालयों में नवीन तकनीक के प्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में समाज विज्ञान संकाय की डीन प्रो. मंजूसिंह ने पर्यटन के रूप में संग्रहालयों को महत्वपूर्ण माना। संग्रहालय विज्ञान एवं संरक्षण केन्द्र की निदेशक डॉ. नीकी चतुर्वेदी ने कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी जन इतिहास व विभिन्न समुदायों की संस्कृति को अभिव्यक्त करते संग्रहालयों की महत्वता की दिशा में एक नवाचार है जिसमें देश-विदेश के शिक्षक व शोधार्थी संग्रहालयों से जुडे विभिन्न शोध पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं। संगोष्ठी संयोजक डॉ. तमेघ पंवार व संगोष्ठी सचिव डॉ. जिज्ञासा मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी निदेशक, डॉ. नीकी चतुर्वेदी, संग्रहालय विज्ञान एवं संरक्षण केंद्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने दी। कार्यक्रम में प्रो. संगीता शर्मा, कोलंबों विश्वविद्यालय के डॉ. एम. ज़मीर क़रीम, डॉ. राजेश कुमार झा डॉ. उषा तिवाड़ी व प्रो. रवि कोरीसेटर जैसे कई विद्वानों के व्याख्यान एवं शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**जयपुर**, (का.सं.)। अभिलाषा वीमेन वेलफेयर सोसाइटी ने आज मालवीय नगर स्थित झालना राजकीय विद्यालय में नि:शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। सोसाइटी द्वारा अपने 17वें स्थापना दिवस के मौके पर जरूरतमंद मरीजों की सेवा हेतु लिए गये संकल्प की कड़ी में इस शिविर का आयोजन किया गया। सोसाइटी की ओर से ऐसे शिविर साल भर आयोजित किये जाएंगे। सोसाइटी की अध्यक्ष और होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. रमा माथुर, डॉ. रेणु कुलश्रेष्ठ, डॉ. अंटू सक्सेना और डॉ. स्वाति मेहता ने 110 स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की। ज़रूरतमंद बच्चों को दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। सोसाइटी की सांस्कृतिक सचिव जया कल्ला ने बच्चों को अच्छी सेहत के लिए साफ़-सफ़ाई के महत्व के बारे में बताया। सोसाइटी की ओर से शिविर के आयोजन में उपाध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी माथुर और संयुक्त सचिव एडवोकेट रिमझिम माथुर ने सक्रिय सहयोग किया।

# लॉरेंस गैंग से मेडिकल छात्रा को जान से मारने की धमकी

**जयपुर** (कासं)। शिवदासपुरा इलाके में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से मेडिकल छात्रा को हत्या की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। बदमाश ने पांच लाख रुपए में हत्या की सुपारी लेने और उसे पीजी से उठाकर ले जाने की धमकी दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि आयुषी अग्रवाल (26) श्याम नगर इलाके में रहती है और शिवदासपुरा स्थित पीजी में रहकर मेडिकल में पीजी एमडीएस कर रही है। गत 9 सितम्बर को रात 10 बजकर 39 मिनट पर उसके पास फोन आया। फोनकर्ता ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई बताकर 5 लाख रुपए में हत्या की सुपारी लेने की बात कही। पीड़िता ने फोन काटा तो बदमाश उसे लगातार

- **बदमाश बोला तेरी पांच लाख रु. की सुपारी ली है, पुलिस को बताया तो पीजी से उठा ले जाऊंगा**

फोन करता रहा और बाद में मैसेज कर धमकाया। बदमाशों ने उसे फोन उठाने के लिए धमकी भरे मैसेज किए। उसने कहा कि पुलिस को बताया तो पीजी उठाकर हत्या कर दूंगा। डरी-सहमी छात्रा ने परिजनों को बताया तो वह उसी वक्त उसे घर ले गए। बाद में साइबर क्राइम पोर्टल पर मोबाइल नंबर के आधार पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस अब मोबाइल नम्बर के आधार पर उसकी तलाश कर रही है।

# "बीच सफर में" काव्य कृति का लोकार्पण



**जयपुर** । विख्यात साहित्यकार और गीतकार बनवारी शर्मा खामोश की काव्य कृति बीच सफर में का नगरश्री चूरू में आयोजित एक समारोह में लोकार्पण भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भादरा के पवन शर्मा थे जबकि अध्यक्षता बाबूलाल शर्मा ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा, डॉ. गोपाल गर्ग , राजेंद्र शर्मा, पवन शर्मा और बाबू लाल शर्मा ने संयुक्त रूप से काव्य पुस्तिका का लोकार्पण किया गया, जिसमें कवि खामोश की 44 कविताओं को शामिल किया गया है।

# पट्टा वितरण के लिए जेडीए का विशेष शिविर आज से

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । यूडीएच सलाहकर जी. एस.संधु की अध्यक्षता में जयपुर विकास आयुक्त जोगा राम की उपस्थिति में शुक्रवार को "प्रशासन शहरों के संग" अभियान की गति बढ़ाने पर चर्चा हुई।

आयुक्त ने बताया कि जेडीए द्वारा पट्टे जारी करने की गति बढ़ाने के लिए 16 से 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। विशेष अभियान में फॉलोअप एवं नवीन योजनाओं के कैंप लगाएंगे। जेडीए द्वारा दैनिक कार्य दिवसों के अलावा अवकाश के दिनों भी तमाम जोन कार्यालय और नागरिक सेवा केंद्र खुले रहेंगे। भूखंडधारी जेडीए जोन कार्यालय और नागरिक सेवा केन्द्रों से आवेदन कर पट्टे ले सकते है। 30 सितंबर को प्रशासन शहरों के संग अभियान की अवधि समाप्त होने के पश्चात् अभियान के अन्तर्गत मिलने वाली सभी छूटों एवं रियायतों का लाभ नहीं मिलेगा। ऐसे में 30 सितम्बर तक डिमांड राशि जमा कराने पर छूट-रियायतों का लाभ मिलेगा। बैठक में जेडीए सचिव, अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन, सभी जोन उपायुक्त उपस्थित थे। जेडीसी जोगा राम ने बताया कि आवेदकों को तत्काल पट्टे जारी किये जा रहे हैं। भूखण्ड का पट्टा जारी किये जाने के साथ भवन निर्माण स्वीकृति, नाम हस्तांतरण, उप-विभाजन, 54 ई के तहत पट्टे जारी करना एवं विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

# "टी.ए.वी.आई." से ओपन हार्ट सर्जरी सुविधा शैल्बी हॉस्पिटल में उपलब्ध

**जयपुर** (कासं)। शैल्बी मल्टी-स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, जयपुर निरन्तर अपनी सेवाओं में विस्तार कर रहा है। एक नई पद्धति ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्लांटेशन (टीएवीआई) शैल्बी के डिपार्टमेंट ऑफ कार्डियक साइंसेज के अंतर्गत की जा रही है। यह सबसे आधुनिक तकनीक है जो महाधमनी हृदय वाल्व के संकुचन वाले रोगियों हेतु ओपन हार्ट सर्जरी के बिना की जाती है।

हाल ही में 65 वर्षीय जयपुर निवासी के हृदय के सबसे महत्वपूर्ण वाल्व, महाधमनी वाल्व में गंभीर संकुचन हो गया था। शैल्बी के अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.अंकित गुप्ता द्वारा मरीज का सफल ऑपरेशन किया। डॉ. अंकित ने बताया कि श्मरीज पिछले 4 सालों से (एओर्टिक स्टेनोसिस) हृदय की बीमारी औैर हाइपरटेंशन से पीड़ित



थे, सभी जांचों और परामर्श के बाद हमने धमनियों की रुकावट का इलाज हेतु वाल्व को टीएवीआई तकनीक से बदलने का फैसला किया, जिसके परिणामस्वरूप मरीज अब स्वस्थ है। मरीज को सिर्फ 3 दिन बाद ही डिस्चार्ज कर दिया गया था, उसके तेजी से रिकवरी हुई और अब वह न सिर्फ आराम से चल फिर रहा है बल्कि अपनी सभी दैनिक दिनचर्या के काम पुवर्वत तरीके से कर रहा है। यह काफी उन्नत और कारगर तकनीक है जिनकी सर्जरी संभव नहीं, यह उनके लिए वरदान जैसी है। शैल्बी जयपुर के सीएओ अंकित पारीक का कहना है "शैल्बी हॉस्पिटल नवीनतम तकनीक और बेहतर सुविधाओं के साथ विस्वस्तरीय कार्डियक उपचार हेतु समर्पित है। इनमें एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर इम्प्लांट, दूरबीन द्वारा बायपास सर्जरी कॉम्पलेक्स कार्डियक प्रोसिजर एवं बाल चिकित्सा कार्डियक सर्जरी इत्यादि शामिल है। हमारे एक्सपर्ट कार्डियोलॉजिस्ट औैर कार्डियक सर्जन की टीम निरंतर उच्च सफलता दर के साथ बेहतर उपचार एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान कर रहे हैं।

## राजस्थान मदरसा बोर्ड में 11 सदस्य मनोनीत हुए

**जयपुर** । अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने आदेश जारी कर राजस्थान मदरसा बोर्ड में 11 नए सदस्य मनोनीत किए हैं। आदेश के मुताबिक जयपुर के घाटगेट निवासी उर्दू के सेवानिवृत प्रोफेसर नईम, शास्त्री नगर नाहरी का नाका निवासी आयेशा परवीन, ईदगाह निवासी शाहिस्ता खान रिजवी, जोधपुर के बाप क्षेत्र से हाजी रहमतुल्ला कासमी, मोहम्मद अतीक जोधपुर, हसन महमूद कासमी लक्ष्मणगढ़ (सीकर), मौला अयूब कासमी उटडा अजमेर, मुफ्ती मोहम्मद (मदरसा अशरफ उल्लूम) अलवर, हाजी मोहम्मद सलीम सोढा बीकानेर, लाल मोहम्मद राजगढ़ (चूरू) और सायरा बेगम तिजारा (अलवर) को सदस्य मनोनीत किया गया है।

# विवाहिता को फंदे से लटका देखकर भागे पति और देवर

**जयपुर** (कासं)। संजय सर्किल इलाके में एक विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला के फंदे पर लटका देख उसका पति और देवर बचाने की बजाय घबराकर भाग गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सौंपकर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि स्वामी कॉलोनी बनीपार्क निवासी कुसुम पुत्री भीमसेन स्वामी (19) ने पंखे के कुंदे से फंदा लगाकर खुदकुशी की। करीब 4 साल पहले कुसुम की शादी चांदपोल निवासी विक्की से हुई थी और वह पीहर में पढ़ाई कर रही थी। करीब 6 माह पहले ही कुसुम ससुराल आई थी। वह शाम को बाहर नहीं आई तो सास-ससुर ने बच्चों को बुलाने भेजा तो अंदर से गेट बन्द था। खिड़की से देखा तो कुसुम पंखे से लटकी मिली।

- **परिजनों का आरोप दहेज की खातिर परेशान करते थे, मुकदमा दर्ज**

सूचना पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया जहां मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता ने पति-देवर के खिलाफ आत्महत्या को मजबूर करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि देवर बाबू स्वामी स्कूल आते-जाते समय कुसुम का पीछा करता और अपने बड़े भाई विक्की के खिलाफ भड़काता था। वह धमकी देता था कि भाई के साथ रही तो वह खुदकुशी कर लेगा या फिर उसकी हत्या कर देगा। आरोप है कि कुसुम के खुदकुशी करने का दोनों को पता था। आरोपी उसे बचाने की बजाय मौके से फरार हो गए।

# राजस्थान पुलिस अकादमी में हितधारकों की बैठक

**जयपुर** । राजस्थान मिशन-2030 के तहत पुलिस का 'विजन दस्तावेज-2030' में सुझाव के लिए शुक्रवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में हितधारकों, प्रबुद्धजनों, विषय-विशेषज्ञों के साथ राज्य स्तरीय परामर्श बैठक का आयोजन किया गया।

गृह विभाग के प्रमुख शासन सचिव आनन्द कुमार ने कहा कि राजस्थान पुलिस की अपनी विशिष्ट पहचान है, और इसे निरन्तर आधुनिक बनाने के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहयोग बढ़ाने के भी प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने आमजन से भी अपने उत्तरदायित्व का सुचारू रूप से निर्वहन करने के संबंध में जागरूक करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कहा कि मिशन-2030 के तहत बनाये जा रहे विजन डॉक्यूमेंट में पुलिस को सशक्त, सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के साथ ही तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की रूपरेखा बनाई जा रही है। उन्होंने कहा है कि सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के प्रयासों के सार्थक परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस युग मे पुलिस को भी आधुनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तदनुरूप सक्षम बनाया जाएगा।

जंगा श्रीनिवास राव ने कहा कि मिशन-2030 के तहत सभी प्राप्त सुझावों को शामिल कर विस्तृत विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाएगा। महानिदेशक साईबर क्राईम एवं तकनीकी सेवाएं एवं अध्यक्ष राज्य स्तरीय प्रोग्राम मोनिटरिंग यूनिट डॉ. रविप्रकाश मेहरडा ने अपने स्वागत उदबोधन में मिशन 2030 के उद्देश्यों की जानकारी दी। महानिरीक्षक अपराध प्रफुल कुमार ने अपने प्रस्तुतिकरण में राजस्थान पुलिस की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। एडीजी कम्युनिटी पुलीसिंग संजीब कुमार नार्जरी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बाल सुधार गृह से भाग गए तीन बाल अपचारी

**जयपुर**। जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में स्थित बाल सुधार गृह से तीन नाबालिग बच्चे जाल का सरिया काटकर छत के रास्ते भाग निकले। सुबह जब बच्चों को चैक किया गया तब नाबालिग बच्चों के भाग जाने की जानकारी मिली। सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि रात को बच्चे सोने चले गए थे। रात को बरामदे के पास जाल लगा हुआ है। जाल में लगे सरिया को काटकर बच्चे वहां से भाग निकले। बच्चों ने सरिया फनर से काटा। इसके बाद छत के रास्ते से वहां से भाग गए। पुलिस ने तीनों नाबालिग बच्चों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बाल सुधार गृह से भागने वाले तीनों बच्चे अलवर भिवाड़ी, बडौदा व किशनगढ़बास के रहने वाले हैं। दो बच्चे हत्या के मामले में बंद थे, जबकि एक अन्य मामले में बंद था। पुलिस ने तीनों बच्चों की तलाश में जुटी है।

# शूटर काली खुशी चेलानी से शादी करना चाहता था

**जयपुर** । राजस्थान हॉस्पिटल व ब्रेन टॉवर सुपर स्पेशिएलिटी के संचालकों को अमेरिका-इंग्लैंड से धमकी दिलवाने के मामले में गिरफ्तार शूटर काली खुशी चेलानी से शादी करना चाहता था।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि काली शूटर चार वर्ष से खुशी के संपर्क में था और उससे कई तरह की बाते करता था। काली शूटर शादी करने तक की सोच रहा था। पूछताछ में काली शूटर ने बताया कि खुशी ने जयपुर की मेयर बनने की बात कही और पार्षद का चुनाव लड़ने के लिए पैसों की जरूरत बताई। तब उसने दोनों चिकित्सकों के नंबर भी दिए। खुशी की साजिश थी कि रुपए वसूलने के बाद जो रुपयों से मानता उन्हें रुपए दे देती। जो रुपए लेकर भी बात नहीं मानता तो उसे काली शूटर के जरिए धमकी दिलाकर खुद की धाक जमाना चाहती थी। पुलिस ने काली से पूछताछ की तो उसने कहा कि खुशी से केवल इंस्ट्राग्राम पर ही संपर्क में था। पुलिस ने खुशी चेलानी की इंस्ट्राग्राम प्रोफाइल खंगालने के बाद उसकी तस्दीक की और उसे पकड़ा। तब वह बोली उसे क्यों पकडा है। तब काली से सामना करवाया तो वह सकपका गई। खुशी के मोबाइल में काली और उसकी कई चैट व अन्य सामग्री भी मिली।

पटियाला जेल से गिरफ्तार काली शूटर ने कहा कि मैंने तो राजस्थान में कदम तक नहीं रखा, फिर उसे जयपुर क्यों ले जाया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार काली शूटर को जयपुर लाकर संगरिया निवासी शूटर राहुल उर्फ मिनी पेट्रोल से सामना करवाया तो उसके सारा माजरा समझ में आ गया। काली शूटर ने खुद ही उगल दिया कि इंस्ट्राग्राम दोस्त खुशी के कहने पर उसने रैकी और वसूली के लिए मिनी पेट्रोल को जयपुर भेजा था। वसूली नहीं होने पर डॉक्टर के हॉस्पिटल व घर पर फायरिंग करवाकर ट्रेलर दिखाते। गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई या फिर गिरोह के कहने पर वारदात करते।

## चन्दन पांडेय को स्वयं प्रकाश स्मृति सम्मान

**जयपुर** (कासं)। साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत संस्थान 'स्वयं प्रकाश स्मृति न्यास' ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्वयं प्रकाश की स्मृति में दिए जाने वाले वार्षिक सम्मान की घोषणा कर दी है।

न्यास द्वारा जारी विज्ञिप्त में डॉ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान में इस बार उपन्यास विधा के लिए सुपरिचित कथाकार चन्दन पांडेय के उपन्यास कीर्तिगान को दिया जाएगा। सम्मान के लिए तीन सदस्यी निर्णायक मंडल ने सर्वसम्मति से इस संग्रह को वर्ष 2023 के लिए चयनित करने की अनुशंसा की है।

उन्होंने बताया कि जनवरी में आयोज्य समारोह में चन्दन पांडेय को सम्मान में 11 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट किये जाएंगे। इस सम्मान के लिए देशभर से बड़ी संख्या में प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं, जिनमें से प्राथमिक चयन के बाद पाँच उपन्यासों को निर्णायकों के पास भेजा गया।

ARBIT
it happens here...
राष्ट्रदूत
SATURDAY
16 September 2023
A-B



## International Coastal Clean-up Day

Every year thousands of tons of garbage winds up in the oceans, with at least 60% of that being composed of plastic material. Plastics, especially, last a very long time in the ocean and are in such abundance that there are 46,000 individual pieces of plastic litter for every square mile of ocean! This is a dire situation for the health of the earth's oceans, which directly impacts the health of its people. It's time to celebrate International Coastal Clean-up Day and help make the planet a cleaner, happier place for humans, plants, and animals.

#EARLY-DIAGNOSIS

# Blood Test Could Detect Parkinson's Sooner

A simple blood test would allow us to diagnose the disease earlier and start therapies sooner





A new blood test that detects Parkinson's disease, potentially establishing a way to diagnose the condition before nervous system damage worsens.

The new blood-based diagnostic test would be a major advancement for Parkinson's disease, which afflicts 10 million people worldwide and is the second-most common neurodegenerative disease after Alzheimer's.

"Currently, Parkinson's disease is diagnosed largely based on clinical symptoms after significant neurological damage has already occurred," says senior study author Laurie Sanders, an associate professor in the Duke University School of Medicine's departments of neurology and pathology and member of the Duke Center for Neurodegeneration and Neurotherapeutics.

"A simple blood test would allow us to diagnose the disease earlier and start therapies sooner," Sanders says. "Additionally, a clear-cut diagnosis would accurately identify patients who could participate in drug studies, leading to the development of better treatments and potentially even cures."

As a biomarker for their diagnostic tool, Sanders and colleagues focused on DNA damage in the mitochondria. Mitochondria are factories within cells that convert raw energy into a form that powers cells. They contain their own DNA, which can undergo damage separately from the nuclear DNA that encodes most of an organism's genome.

Earlier studies have associated mitochondrial DNA damage with an increased risk of Parkinson's disease, and the researchers had previously reported an accumulation of mitochondrial DNA damage specifically in the brain tissue of deceased Parkinson's patients.

Using polymerase chain reaction (PCR) technology, the researchers developed an assay that successfully quantified higher levels of mitochondrial DNA damage in blood cells collected from patients with Parkinson's disease compared to people without the disease.

The new test also identified high levels of the damaged DNA in the blood samples of people who harbour the genetic mutation LRRK2, which has been associated with an increased risk of the disease. The assay was able to detect Parkinson's disease patients with and without LRRK2 mutations.

A further analysis in cells from patients with Parkinson's disease explored whether the team's PCR-based test could determine the impact of a therapy targeting the effects associated with LRRK2 mutation.

In these samples, the test identified lower mitochondrial DNA damage in cells treated with a LRRK2 inhibitor compared to samples from patients who did not receive the inhibitor. This suggests the assay could help pinpoint Parkinson's disease patients who might benefit from LRRK2 kinase inhibitor treatments, even if they do not have the LRRK2 mutation.

"Our hope is that this assay could not only diagnose Parkinson's disease, but also identify drugs that reverse or halt mitochondrial DNA damage and the disease process," Sanders says. "This disease takes a terrible toll on people, and we are still just treating the symptoms. It's important to get new, effective treatments over the finish line."

The researchers' future will include further testing of the assay in samples from patients with the earliest stages of disease, before symptoms develop.













# It's Not What It Used To Be...

Indipop's greatest strength, was also its failing – oversubscription. Every Tom, Dick and Harry who could carry a tune wanted to become a pop star. Remember those Pop Star contests and the mediocrity they produced? Viva and Band of Boys were the mere ashes of that smoke. While the programmes earned their respective channels megabucks, it was also the signal for the start of the end.



Uma Sharma
Arbit Correspondent

It's 2 p.m. I'm stuck under the Civil Lines Metro Station in bumper to bumper traffic, caused no doubt by the sudden cloudburst. Rain is thundering, horns are honking, and my son, whom I have just picked up from school, is talking incessantly about Chandrayaan-3 and possible explosion scenarios.

The noise is deafening. Suddenly, as if on cue, Spotify sense my mood and atmosphere, and on my playlist pops up an oldie, but goldie. "Indian Rain" by the Colonial Cousins. How the streaming service accurately played exactly what I needed to hear is a scary conversation for another time. Have you watched The Social Dilemma on Netflix? I swear I didn't sleep that night. I was up, disabling all notifications on my phone. But like I said, another time.

Colonial Cousins. The magical collaboration between Leslie Lewis and Hariharan, which produced some of the best Indipop music of the 90s. Their eponymous first album hit platinum in sales in India alone, and consistently headed the Indian music charts in 1996. It went on to win the MTV Asia Viewer's Choice Award and the US Billboard Viewer's Choice Award. Although they would release 3 more albums in the years to come, before calling it quits, none of them earned quite the fan following as their debut.

The style is essentially fusion, with a lot of songs opening with recognisable Hindustani or Carnatic ragas and then segueing into a more pop style. Little known fact, the musicians who worked on it range from Pandit Vishwa Mohan Bhatt, to sessions musicians who have worked with the likes of Madonna, Boy George, Annie Lennox and other well-known Western musicians.

It was during Lewis's jingles career that the idea of Colonial Cousins was conceived. Lewis had called in Hariharan to sing a jingle for him one evening in 1992. The lyrics for the jingle were late coming in. The restless Lewis began crooning something while strumming on his guitar, and Hariharan felt inspired to jam with an alaap. The rest is musical, magical history.

### The Reminiscence Bump

A few months ago, I came across one of those internet gems that seem to populate our social media feeds more often than we'd like to see. But this one definitely struck a chord –

#POP-IN-RAGA

> A few months ago, I came across one of those internet gems that seem to populate our social media feeds more often than we'd like to see. But this one definitely struck a chord - "Pretty wild coincidence that the best music ever made just so happens to be all of the stuff I listened to from the ages of 15 to 25."

"Pretty wild coincidence that the best music ever made just so happens to be all of the stuff I listened to from the ages of 15 to 25."

While I'm not big on reposting, this one immediately went up on my feed, to which an old friend replied with a Wiki link to something called "Reminiscence Bump". To quote wiki, "The reminiscence bump is the tendency for older adults (over forty) to have increased or enhanced recollection for events that occurred during their adolescence and early adulthood. The reminiscence bump can be observed in the distributions of people's favorite books, movies and records." Basically meaning, that our books were better, our movies were superior, and definitely our music was in a league of its own.



### The Golden Era of Indipop

The reason I bring this up, is that whilst true, it definitely has no influence on what many of our generation (ageing millennials) consider to be the best time for Indian Pop music. Without a shadow of a doubt, it was the 90s. That sublimely sepia-toned period of life, when cable was new, and so were our cars. SRK was a young, rising star and the sound of the crackling dial-up tone was the promise of an exciting new future.



One day, Milind Soman burst onto our screens, shirtless, dhoti-clad, in a white haze of smoke as Alisha Chinai crooned about him being "Made in India". The song was released on Channel V and sold over 50,00,000 copies. It was followed closely by the meteoric explosion of "Bolo Tara Ra Ra", which overnight made an astronomical level star out of Daler Mehndi. Badshah and the likes have him to thank for their cult following today.

Romance was in the air. The sweet and innocent crooning of Bombay Vikings, Euphoria, Shaan, Sonu Nigam, Falguni Pathak, Lucky Ali, KK, Silk Route – painted our adolescence with the warmth of first love, or at least the hope of it (thanks to conservative middle-class Indian parents of the 90s). And it was not just the music, but the music videos – fresh faced boys and girls (many of whom went on to become big Bollywood stars – like Malaika Arora, Shahid Kapoor, Bipasha Basu, Vidya Balan), set in stories way ahead of their times, be it in the bylanes of Benaras or the sandy dunes of Morocco. It was a far cry from the booze, partying, money and sex espoused in today's music videos. But it worked, because it stood for something.

### The Rise.... and the Fall

Indipop's greatest strength, was also its failing– oversubscription. Every Tom, Dick and Harry who could carry a tune wanted to become a pop star. Remember those Pop Star contests and the mediocrity they produced? Viva and Band of Boys were the mere ashes of that smoke. While the programmes earned their respective channels megabucks, it was also the signal for the start of the end.

And then of course, we have our favourite punching bag for all that is wrong with our country. No, not politics, Bollywood. A profusion of new (and sometimes well-deserved) blood in the film industry played its part in overshadowing the not-as-well-funded independent music industry. Air time reduced. Artists migrated to full-time playback singing. Music videos became an expensive proposition. As the lead guitarist of Indian Ocean, Rahul Ram, so succinctly put it:

**"Bollywood is a huge monster that eats up everything".**

And the last nail in the coffin – remixes. The penchant for hashing and mashing every sound emanating from the boombox started with the massacre of Indipop. Remixes were fast, cheap and easy. Basically, the production houses pimped out. They made them racier and explicit, in a bid to attract more attention, however transient, and in the process, destroyed them. Ashes to ashes. Dust to dust. Before I'm accused of being intolerant or worse, a sentimentalist, a final argument would seal the case for 90's Indipop – that it is immortal. Play any hit song from that era, and watch the reaction of every 30+ in the room. Nostalgia won't even begin to define their emotions. I can honestly say that no song produced today will have that same lasting effect 25-30 years hence. The 30+ crowd of then would have digested and passed those out in a gentle, warm puff of methane.

### The Definitive Indipop List

For those wanting to take a trip down memory lane, and get nothing productive done today (like me, the day I venture down this road) here are a few recommendations to get you started. This is by no means the best, or most exhaustive list, just a spark to get you started. Then you go down the rabbit hole – with old friends.

1. Tanha Dil – Shaan
2. Pal – KK
3. Ab Na Ja – Euphoria
4. Kandisa – Indian Ocean
5. Pari Hoon Main – Suneeta Rao
6. Dooba Dooba – Silk Route
7. Dekha Hai Aise Bhi – Lucky Ali
8. Ahista – Pankaj Udhas
9. Raat Shabnami – Asha Bhosle
10. Piya Basanti – Sultan Khan, Chitra
11. Indian Rain – Colonial Cousins
12. Mora Saiyaan – Fuzon
13. Ab ke Sawan – Shubha Mudgal

rajeshsharma1049@gmail.com



#BACK-UP

# Take Back Control of Your Photo and Video Storage

Apple's iCloud and Google Photos make file storage easy—as long as your memories stay on someone else's server. There's another way.

Apple and Google have made it incredibly easy for us to back up our precious photos and videos from our phones. It all happens automatically in the background, with no wires or extra software involved, and all that these companies ask in return is a few dollars a month and permission to keep your files on their servers.

For some though, the disadvantages that come along with this convenience are starting to become more apparent. We're now more locked in than ever when it comes to cloud services and monthly subscriptions, and moving to a different solution or service—maybe because we don't like a change in the terms and conditions—gets increasingly difficult.

There is actually another way, which is to manage your photos and videos yourself. It takes a little longer to set up and maintain, but it means your files stay exactly where you want them to, and aren't sitting on servers owned by someone else. It also means you're better able to choose what you do with your photos and videos in the future.



### Moving Photos and Videos Off of Your Phone

The first step here is getting everything out of the cloud that is in the cloud. The best way is to download your photos and videos to a computer hard drive. With iCloud, this is done automatically in Photos on macOS (just make sure Download Originals to This Mac is enabled under iCloud in the app settings), and you can also use iCloud for Windows to do it on Windows. For Google Photos, head to Google Takeout to download everything.

You can turn off automatic iCloud backup of your photos and videos on an iPhone by heading to Settings, tapping your name at the top, then iCloud and Photos. There's a similar option in the settings for Photos on macOS. In the Google Photos mobile app, you can tap your profile picture (top right) and then choose Photos settings and Backup, and disable the Backup option. This then leaves you with the question of how to get any new photos and videos you take on your phone off your device and on to your computer, where they can join everything you've just downloaded from the cloud. If these files are only stored on your mobile device, they'll all be lost if something should happen to your smartphone, so you want to be transferring them on a regular basis.



An old-fashioned USB cable will do the trick rather well. You can plug your iPhone directly into a computer and then use Finder or Photos (on a Mac) or File Explorer or the native Photos app (on Windows) to transfer files across. The process is the same as moving any other files around on your system, and once these copies have been created, you can free up space on your phone (if you need to) by deleting the originals.

A syncing app such as Dropbox will move photos and videos from your smartphone to a desktop computer wirelessly, but you'll then need to move them out of the Dropbox folder on your Mac or PC—otherwise you'll quickly fill up your free allocation of storage and be back in a position where your photos and videos are stored on servers in the cloud rather than your own hardware.




### Making Backups of Your Photos and Videos

You're going to want extra backups of the photos and videos on your computer, even if you're keeping duplicates on your phone as well. If something should happen to either device, you'll be left with just a single copy of your precious files—and that's not ideal. Before you think about how to back up these files, you should also think about how you want to organize them.

One of the disadvantages of pulling your photos and videos out of the services offered by Apple and Google is that you lose the powerful search and sorting features they provide—although the default photo management apps on both macOS and Windows do replicate some of this functionality. If you want to be able to find snaps and clips easily, think about sorting them into folders based on the month and year they were taken in.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# 72 किलो अवैध अफीम डोडा-पोस्त बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

## सी.आई.डी. क्राइम ब्रांच की चौमूं और अमरसर थाना इलाके में कार्रवाई

**जयपुर, (निसं)।** पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने जयपुर आयुक्तालय के थाना चौमूं और जयपुर ग्रामीण जिले के अमरसर थाना इलाके में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त चार तस्करों को पकड़वा कर 72 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा पोस्त बरामदगी की कार्रवाई की है।

महानिरीक्षक पुलिस प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा गुरुवार रात थाना चौमूं और थाना अमरसर क्षेत्र में की गई कारवाई में 72 किलो अफीम डोडा पोस्त के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार करवा तस्करी में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार व एक मोटरसाइकिल जप्त की गई है।



पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने तस्करों को पकड़ा।

आईजी कुमार ने बताया कि मादक पदार्थ की तस्करी के संबंध में प्राप्त आसूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम वर्मा व राजेश मलिक के सुपरविजन व उप निरीक्षक सुभाष सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल महेश, रविंद्र सिंह व कांस्टेबल नरेश को सूचना संकलन के लिए भेजा गया था। आईजी ने बताया कि गुरुवार को चौमू थाना क्षेत्र में टाटियावास टोल प्लाजा से आगे

■ तस्करी में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार व एक मोटरसाइकिल जप्त की गई

स्थानीय पुलिस के सहयोग से सीआईडी की टीम द्वारा एक स्विफ्ट कार से 46 किलोग्राम अफीम डोडा पोस्त बरामद कर झालावाड़ निवासी ओमप्रकाश दांगी व बनवारी लाल पाटीदार तथा गांव मारखी थाना अमरसर निवासी हजारीलाल मीणा को पकड़ा।

इसी क्रम में सीआईडी टीम द्वारा दी गई सूचना पर एसएचओ अमृतसर द्वारा आरोपी धर्माराम को गिरफ्तार कर कल 26 किलो अफीम डोडा पोस्त बरामद किया। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 7 लाख रुपये आंकी गई है। इस संबंध में थाना चोमू व थाना अमरसर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

# बोलेरो सवार हमलावरों ने युवक पर जानलेवा हमला किया

## चिल्लाने पर आसपास के लोग बचाने दौड़े तो हमलावर बोलेरो गाड़ी में बैठकर भाग गये

**उनियारा, (निसं)।** टोंक जिले के अलीगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में दिनों-दिन अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ता नजर आ रहा है। शुक्रवार को बोलेरो में सवार 4-5 लोगों द्वारा मोटरसाइकिल सवार

■ अलीगढ़ थाना क्षेत्र में दिनों-दिन बढ़ रहा है अपराधों का ग्राफ

को रास्ते में रोक कर जान लेवा हमला करने एव मोबाइल तोड़फोड़ करने का मामला दर्ज हुआ है।

जानकारी के अनुसार अलीगढ़ थाना क्षेत्र सहादत नगर गांव में बोलोरो गाड़ी सवार में तीन चार युवक बीच रास्ते में घात लगाकर बैठे हुए थे। पीड़ित गिर्राज पुत्र शिवनारायण माली निवासी सहादत नगर ने रिपोर्ट में बताया कि अलीगढ़ से लगभग तीन बजे अपने गांव खल का कट्टा लेकर जा रहा था। रास्ते में रास्ते में शिमल्या स्थान पर घात लगाये बैठे वाहन बोलेरो में आये धर्मराज मीना पुत्र रामेश्वर मीना निवासी सहादत नगर व इसके साथ 4-5 अन्य व्यक्तियों ने अचानक मोटर साईकिल रोक कर सरिये से वार किया और आगे आकर मोटरसाईकिल से खींच कर नीचे पटक दिया।



घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया।

पीड़ित के साथ सरियों से सब्बल से मारपीट शुरु कर दी तथा एक व्यक्ति नें गंडासी चलाई। प्रार्थी अपने बचाव में चिल्लाया तो मुल्जिमान ने कहा कि आज इसको जान से खत्म कर दो। मुल्जिमान ने पीड़ित का मोबाईल छीन कर तोड़ दिया जिससे पीड़ित को 15 हजार का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने जानकारी देते हुए कहा कि के चिल्लाने पर आसपास के लोग बचाने दौडे तो मुल्जिमान प्रार्थी को छोड़ कर बोलेरो गाड़ी में बैठकर भाग गये। इनमें से एक व्यक्ति धर्मराज को जानता हूं। जो इसके इसके साथी थे।

# महिला और सनातन विरोधी है कांग्रेस सरकार : ठाकुर

## 'कोटड़ी भट्टी कांड और गंगापुर गैंगरेप में कांग्रेस सरकार की भूमिका चिंतनीय'

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के तहत जिलेभर में जनसंभाओं को संबोधित करने के बाद देर रात भीलवाड़ा सर्किट हाउस पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। हाल ही में भीलवाड़ा जिले में कोटडी भट्टी कांड और गंगापुर गैंगरेप मामले में केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने सरकार को घेरा।

ठाकुर ने कहा कि राजस्थान की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है, गहलोत सरकार ने जो महिला अत्याचार, पेपर लीक, भ्रष्टाचार खनन, भू माफिया, महिला इज्जत की लूट की खुली छूट गहलोत की सरकार ने दे रखी है उससे राजस्थान की जनता मुक्ति पाना चाहती हैं इसलिए प्रदेश की जनता ने सख्त फैसला ले लिया है। सनातन धर्म को खत्म करने को लेकर इंडिया गठबंधन के नेता जो बयान दे रहे हैं

■ ठाकुर ने कहा कि राजस्थान की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है

उनको मैं आगाह करना चाहता हूं कि सनातन कभी खत्म नहीं होगा। यूपीए गठबंधन का नाम इंडिया गठबंधन किया है लेकिन चोला बदलने से चाल, चलन ,चरित्र नहीं बदलता है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जो काम कांठोस पार्टी और कांग्रेस की सरकार नहीं कर पाई। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साढे नौ वर्ष में पूरे किए।

सनातन धर्म को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेकर जो घमंडियां गठबंधन के नेता चल रहे हैं। मैं उनको इतना ही कहना चाहता हूं कि आप संविधान और बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करने के साथ ही 140 करोड़ भारतवासियों को भी नीचा दिखाने का काम कर रहे हो। ठाकुर ने आगे कहा कि देश में ना मुगल सनातन को खत्म कर पाए, ना ही अंग्रेज सनातन को खत्म कर पाए। सनातन है, सनातन था और सनातन रहेगा। साथ ही अनुराग ठाकुर ने सोनिया और राहुल गांधी से सवाल करते हुए कहा कि सनातन धर्म और संविधान को खत्म करने का ठेका इंडिया एलायंस के लोगों ने लिया है क्या? इंडिया एलाइंस का इतना दिवालियापन है कि केवल हिंदुओं को गाली निकालने का काम कर रहे है। इंडिया गठबंधन के सवाल पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुछ लोगों ने अपना भ्रष्टाचारी चेहरा छुपाने के लिए यूपीए के गठबंधन के नाम को बदलने का प्रयास किया। उनको लगा की शायद चोला बदल लेंगे तो सब बदल जाएगा लेकिन चेहरा, चरित्र और चाल में भ्रष्टाचारी ही नजर आयेंगे।

# बी.जे.पी. की परिवर्तन संकल्प यात्रा पुष्कर पहुंची

## सतीश पूनिया, प्रभारी अरुण सिंह ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा

**जयपुर/पुष्कर।** भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा 15 सितंबर को अजमेर और नागौर जिले में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच रही है। भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा अजमेर से पुष्कर के नागेश्वर महादेव मंदिर पुष्कर घाटी, हरबल गार्डन, रामधाम चौराहा, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान पर जेसीबी से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा युवा मोर्चा ने मोटरसाइकिल पर केसरिया साफ़ा पहनकर रैली निकाली गई। रथ पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कार्यकर्ताओं व आमजन का अभिनंदन किया।

राजस्थान में सत्ता परिवर्तन करने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा चार अलग अलग स्थानों पर निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प रथ यात्रा धार्मिक नगरी पुष्कर पहुंची जहां भाजपा से टिकिट की दावेदारी कर रहे कई उम्मीदवारों ने अलग अलग जगह पर अपने समर्थकों के साथ यात्रा का स्वागत किया। खास बात यह रही कि स्वागत के दौरान कई




बीजेपी की संकल्प परिवर्तन यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया।

जगह बुलडोजर पर चढ़कर उत्साही कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाए तो कई समर्थकों ने अपने अपने नेता के पक्ष में नारेबाजी करते हुए भाजपा नेताओं के कानों तक अपने अपने नेताओं का नाम पहुंचाने का भरसक प्रयास किया।

लगभग दो घंटे देरी से परिवर्तन यात्रा के पुष्कर पहुंचने पर स्थानीय राम धाम तिराहे पर स्वागत किया गया। यहां पर करीब 500 कार्यकर्ता भाजपा

■ भाजपा से टिकिट की दावेदारी कर रहे कई उम्मीदवारों ने अलग अलग जगह पर अपने समर्थकों के साथ यात्रा का स्वागत किया

नेताओं का सुबह से ही इंतजार कर रहे थे। यहां पर विधायक सुरेश सिंह रावत द्वारा यात्रा में पधारे नेताओ का 51 किलो फूलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात सतीश पूनिया, प्रभारी अरुण सिंह ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। इसके पश्चात यात्रा नागौर जिले के लिए यहां से प्रस्थान कर गई।

अजमेर से रवाना होने के बाद यात्रा जब पुष्कर घाटी के नीचे स्थित चमत्कारी हनुमान मंदिर पहुंची तो वहां पर रिटायर्ड आई ए एस अधिकारी और बीजेपी टिकिट के प्रबल दावेदारों में से एक हनुमान सिंह भाटी ने चार सौ से ज्यादा समर्थकों के साथ यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने अरुण सिंह , सतीश पूनिया सहित अन्य नेताओ को साफा और माला भी पहनाई। यात्रा का रथ जब अनंता रिसोर्ट के पास पहुंचा तो वहां पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश पाठक, सुरेंद्र सिंह राठौड़ एवं लाभांशु वैष्णव की अगुवाई में 251 मोटर साइकिल सवार कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया और यात्रा की अगवानी करते हुए पुष्कर के लिए रवाना हुए।

वहीं यात्रा का रास्ते में मदन सिंह रावत के नेतृत्व में 121 थार जीपों के साथ सैकड़ों समर्थकों, पूर्व प्रधान अशोक सिंह रावत, रावत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैतान सिंह रावत, वरिष्ठ बीजेपी नेता सुदर्शन इंदौरिया, जिला मंत्री राजेंद्र महावर, जितेंद्र सिंह नोसल, विधायक सुरेश सिंह रावत के सानिध्य में पालिकाध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि, मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी, महामंत्री अरुण वैष्णव, पुष्कर षडदर्शन साधु समाज के अध्यक्ष महंत सेवानंद गिरी की अगुवाई में पुष्कर में स्थित विभिन्न आश्रमों के संत महात्माओं ने भी स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने संतों के पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया।

# राजस्व मंडल की चल पीठ व खंडपीठ सहित पांच दिवस न्यायिक कार्रवाई को लेकर हुई सुनवाई

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता को निर्देश दिया कि गत 15 मई और 13 जुलाई के आदेश की पालना में जोधपुर में राजस्व मंडल की चल पीठ व खंडपीठ सहित पांच दिवस न्यायिक कार्रवाई को लेकर अब तक क्या प्रगति हुई है, उस बाबत संबंधित अधिकारी का हलफनामा जो शुक्रवार को पेश किया है, उसकी नकल एसोसिएशन सहित सभी पक्षकारों को दी जाएं।

मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ में राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान भारत सरकार की ओर से कहा गया कि जोधपुर और जयपुर में जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल गठित किए जाने की अधिसूचना गुरुवार को वित्त मंत्रालय ने जारी कर दी है। खंडपीठ ने अगली सुनवाई 20 सितम्बर को मुकर्रर की।

एसोसिएशन की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष सिसोदिया, रणजीत जोशी, अनिल भंडारी और वी डी दाधीच तथा सुनील जोशी ने कहा कि जोधपुर क्षेत्राधिकार में राजस्व मंडल के दस हजार से अधिक मामले देखते हुए खंडपीठ के 15 मई के निर्देश के बावजूद अभी तक राजस्व मंडल की चल पीठ

■ उच्च न्यायालय ने राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता को निर्देश दिया कि अब तक क्या प्रगति हुई

खंडपीठ सहित जोधपुर में पांच दिवस न्यायिक कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 में भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के बावजूद भी जोधपुर में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग की चल पीठ गठित नहीं की गई है। इसी प्रकार जोधपुर में ऋण वसूली अधिकरण और ऋण वसूली अपीलेट अधिकरण गठित नहीं किया जा रहा है और आर्मी फोर्सेज ट्रिब्यूनल को भी नियमित किया जाएं।

भारत सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल आर डी रस्तोगी ने कहा कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जोधपुर और जयपुर में जी एस टी अपीलेट ट्रिब्यूनल गठित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। राजस्थान रेवेन्यू बार एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एम एम रंजन ने खंडपीठ से अनुरोध किया कि खंडपीठ के 15 मई और 13 जुलाई के आदेश की पालना सुनिश्चित करने बाबत हलफनामा नहीं लिया जाएं और न ही इसका क्रियान्वन कराया जाएं। अतिरिक्त महाधिवक्ता सुनील बेनीवाल ने कहा कि आज ही जोधपुर में चल पीठ गठित करने बाबत हलफनामा दाखिल किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता संदीप शाह ने पैरवी की।

राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर ने अतिरिक्त महाधिवक्ता को निर्देश दिए कि राजस्व मंडल की चल पीठ खंडपीठ सहित जोधपुर में गठित करने के न्यायालय के पूर्ववर्ती आदेश की पालना में पेश हलफनामा की प्रति एसोसिएशन सहित सभी पक्षकारों को उपलब्ध कराएं।

# बरसात होने से मिली राहत

**बीदासर, (निसं)।** कस्बे में गुरूवार की रात्रि नौ बजे के बाद आसमान में बादल छा गये तथा तेज आवाज के साथ बिजली कड़कने के साथ हल्की बरसात हुई। जिससे लम्बे समय से गर्मी व उमस से परेशान आमजन को मौसम में ठण्डक घुल जाने से राहत मिली। लगभग 15 मिनट तक हुई बरसात से कस्बे के मुख्य मार्गो पर पानी ही पानी हो गया जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं शुक्रवार की सुबह 8 बजे बाद फिर हल्की बरसात का दौर शुरू हुआ जो आधे घण्टे तक रिमझिम बरसात के रूप में चला। जिससे कस्बे के मुख्य मार्गों पर कीचड़ ही कीचड़ हो गया। जमकर बरसात नहीं होने से दिनभर गर्मी व उमस से लोग हाल बेहाल रहे।



बीदासर में बरसात के बाद बड़ौदा बैंक मार्ग पर पानी भर गया।

# सुजला जिला बनाने की मांग को लेकर धरना जारी



सुजला जिले की मांग को लेकर बैनर दिखाकर नारेबाजी की।

**सुजानगढ़, (निसं)।** जिले की दौड़ में सभी मापदंडों पर सबसे प्रबल दावेदार होने के बावजूद सुजला को जिला नहीं बनाना सरकार की बड़ी नाकामी है।

सुजला महासत्याग्रह के संयोजक श्रीराम भामा ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन के बाद भी सरकार की नींद नहीं खुल रही है, जिस कारण अब 17 सितंबर से जिला नहीं तो वोट नहीं के अभियान की शुरुआत की जाएगी। भंवरलाल गिलान ने कहा कि शीघ्र ही व्यापारियों से संपर्क करके बाजार में एक रैली निकाली जाएगी। महासत्याग्रह के गांधी चौक में चल रहे धरने के 167 वें दिन गोविंद जोशी, भगवती प्रसाद भामा, हाजी हाकम अली खान, विकास सोनी, दिलीप गौरी, रफीक गौरी, अब्दुल खान, संजय सांखला, लक्ष्मणदास स्वामी, ललित शर्मा, संजय सांखला, गोपाल मोयल, ओमप्रकाश सेवादार सहित अनेक लोग धरने पर उपस्थित रहे।

# राजस्थान केंद्रीय वि.वि. में इंजीनियर्स-डे मनाया

**अजमेर, (कासं)।** यदि आप वास्तव में सफल होना चाहते हैं, पहचान बनाना चाहते हैं और समाज में योगदान देना चाहते हैं तो आपको सर एम विश्वेश्वरैया जैसे व्यक्तियों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और जीवन में एक रोल मॉडल जरूर बनाना चाहिए। इंजीनियर्स डे जैसे मंच आपको बहुत कुछ सीखने का मौका देते हैं, ज्ञान साझा करने का प्रयास करें क्योंकि इससे आपको आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। यह बात मारवाड़ी विश्वविद्यालय, राजकोट के कुलपति प्रो. संदीप संचेती ने कही जो राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स डे पर आयोजित विशेष समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रो. संदीप एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त टेक्नोक्रेट है।

यह समारोह इंजीनियरिंग समुदाय के लिए नवाचार, ज्ञान साझा करने और सराहना से भरा दिन था। इंजीनियरों के अमूल्य योगदान को याद करते हुए सभी इस आयोजन में शामिल हुए। प्रो. आनंद भालेराव के नेतृत्व में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन की प्रो. संदीप संचेती ने सराहना की। उन्होंने योजना, परिसर विकास, जीवंतता, नैक द्वारा ग्रेड मिलना, नए



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. संदीप संचेती ने पुरस्कार दिए।

कार्यक्रमों आदि के संदर्भ में विश्वविद्यालय में हुए सकारात्मक बदलावों और प्रगति के लिए प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि आपके पास अपने सपनों को आकार देने की शक्ति है, इसलिए अपनी प्रतिभा का उपयोग करें, एक संपूर्ण दृष्टिकोण रखें और कुछ ऐसा डिजाइन और निर्माण करके समाज के लिए योगदान करें जो उपयोगी और परिचालन योग्य हो।

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी संस्थान को राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे किए गए बदलावों की आवश्यकता होगी और इस सकारात्मक परिवर्तन के लिए कुलपति प्रोफेसर आनंद भालेराव के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की जानी चाहिए।

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आनंद भालेराव ने कहा कि इंजीनियर अपने प्रशिक्षण की प्रकृति के कारण वैज्ञानिकों से भिन्न होते हैं क्योंकि वे लागत प्रभावी समाधानों के साथ समस्याओं को हल करने के लिए ज्ञान का उपयोग करते हैं और अनुप्रयुक्त अनुसंधान का उपयोग करते हैं जबकि वैज्ञानिक बुनियादी अनुसंधान में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति के लिए विज्ञान और इंजीनियरिंग को साथ-साथ चलना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो संदीप संचेती द्वारा स्टार्ट अप और इनोवैशन 2.0 प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को

■ 'यदि आप वास्तव में सफल होना चाहते हैं तो सर एम विश्वेश्वरैया जैसे व्यक्तियों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए'

21,000, 15,000 और 11,000/- का नकद पुरस्कार दिया गया। दो सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

पहला पुरस्कार आई के गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के रौशन कुमार भारती ने जीता, दूसरा पुरस्कार आईआईटी जोधपुर से तन्वी ने और तीसरा पुरस्कार धर्मसिंह देसाई विश्वविद्यालय के चौहान जय महेशभाई ने जीता। दो सांत्वना पुरस्कार राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय की सुगंधा महाजन और एनआईटी जमशेदपुर के तारक साई भार्गव चट्टी ने जीते।

भारत के प्रसिद्ध इंजीनियर, विद्वान और राजनेता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की जयंती मनाने के लिए इंजीनियर्स डे मनाया जाता है, जिन्होंने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपने योगदान से देश पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

# बिजली विभाग का टैक्नीशियन लाइनमैन रिश्वत लेते गिरफ्तार

## घरेलू कनेक्शन की डीपी को ट्रांसफर करने की एवज में मांगी थी पांच हजार की रिश्वत

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा बिजली विभाग के टैक्नीशियन लाइनमैन को घरेलू बिजली कनेक्शन की डीपी को ट्रांसफर करने की एवल में मांगी गई पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

शुक्रवार को एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर दौसा इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये लोकेश जांगिड़ टैक्नीशियन द्वितीय लाइनमैन कार्यालय सहायक अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लालसोट को परिवादी से पांच हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के कार्यवाहक महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की दौसा इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके घरेलू कनेक्शन की डीपी को ट्रांसफर करने की एवज में लोकेश जांगिड़ टैक्नीशियन द्वितीय लाईनमैन कार्यालय सहायक अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लालसोट द्वारा 11 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी भरतपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के निर्देशन में एसीबी की दौसा इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा शिकायत का सत्यापन किया जाकर पुलिस निरीक्षक नवल किशोर द्वारा मय टीम ट्रेप कार्यवाही करते हुये लोकेश जांगिड़



लाइनमैन लोकेश जांगिड़।

पुत्र रामजीलाल निवासी ग्राम गोल्या तहसील लालसोट, जिला दौसा हाल टैक्नीशियन द्वितीय लाईनमैन कार्यालय सहायक अभियंता, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लालसोट को परिवादी से पाच हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि आरोपी टैक्नीशियन द्वितीय लाईनमैन द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान ही परिवादी से छह हजार रूपये की रिश्वत राशि पहले ही वसूल कर ली थी। एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# दस हजार रुपए की रिश्वत लेते कांस्टेबल गिरफ्तार

- जुएं के आरोपी को बिना कार्रवाई के छोड़ने की एवज में मांगी रिश्वत
- कांस्टेबल रामराज बैरवा ने परिवादी से कुल 30 हजार रुपए की मांग रखी थी
- परिवादी ने 1064 टोल फ्री नम्बर पर रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई

**हिण्डौन सिटी,** (निसं) कोतवाली थाना के कॉन्स्टेबल रामराज बैरवा को करौली की एसीबी टीम ने दस हजार रुपए की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी कांस्टेबल जुआ सट्टा के आरोप में गिरफ्तार आरोपी को बिना कार्रवाई के छोड़ने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है।

परिवादी की ओर से एसीबी को दी गई शिकायत में बताया कि गिरफ्तार आरोपी की खिलाफ जुआ-सट्टा में मुकदमा दर्ज नहीं करने के एवज में कांस्टेबल रामराज बैरवा ने परिवादी से कुल 30 हजार रुपए की मांग रखी थी। एसीबी करौली की टीम ने निरीक्षण जगदीश भारद्वाज के नेतृत्व में कोतवाली थाने में कार्रवाई की गई। आरोपी की निशानदेही पर टीम टोडाभीम के भीमपुरा स्थित आरोपी के गांव भी पहुंची। जहां रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार कोतवाली थाने के कॉन्स्टेबल रामराज बैरवा के घर पर तलाशी भी की गई।

एसीबी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना में कार्यरत कॉन्स्टेबल रामराज बैरवा और अन्य पुलिसकर्मी ने 9 सितंबर को जुआ खेलने के मामले में खरेटा रोड स्थित बारोलिया फार्म के पीछे रहने वाले राजीव जाटव को गिरफ्तार किया गया था। जिससे दस हजार रुपए लेकर राजीव जाटव पर कोई मुकदमा दर्ज नही हुआ।

मामले में कॉन्स्टेबल ने राजीव से 30 हजार रुपए मांगे थे। 9 सितंबर को कोतवाली थाने से छूटकर घर पहुंचने के बाद आरोपी कॉन्स्टेबल ने 20 हजार रुपए देने की डिमांड शुरू कर दी। जिसके बाद परिवादी राजीव जाटव ने 1064 टोल फ्री नम्बर पर कॉल कर कोतवाली थाने के कॉन्स्टेबल रामराज बैरवा के विरुद्ध रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई। मुख्यालय से करौली में एसीबी चौकी पर कार्यरत पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज को लिखित शिकायत में पूरी जानकारी मिली। जिसके बाद आरोपी को ट्रेस करते हुए एसीबी टीम ने दोपहर करीब 1.55 पर रोडवेज बस स्टैंड से परिवादी द्वारा आरोपी कॉन्स्टेबल रामराज को दस हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# विधायक सूर्यकान्ता व्यास द्वारा मुख्यमंत्री गहलोत की तारीफ से भाजपा में फिर मचा हडकंप?

## भाजपा विधायक सूर्यकान्ता व्यास ने सीएम गहलोत की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने ने पुष्करणा समाज पर बड़ा उपकार किया है

- सूर्यकान्ता व्यास ने मंदिर बनाने के लिए राशि आवंटित कराने के संदर्भ में सीएम की तारीफ के पुल बांधे
- सूर्यकान्ता भाजपा में सबसे उम्रदराज विधायक है। कयास लगये जा रहे है कि उन्होंने पाला बदलने का फैसला किया है?

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के सूरसागर से भाजपा विधायक सूर्यकांता व्यास द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तारीफ करना भाजपा के लिए भारी पड़ सकता है। अन्दरखाने की बात यह है कि विधायक की यह बात पार्टी कार्यकर्ताओं ने ऊपर तक पहुंचाई है। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले भाजपा विधायक की मुख्यमंत्री की तारीफ में कसीदे पढ़ना कई भाजपाइयों को नागवार गुजरा है। एक तरफ भाजपा परिवर्तन यात्रा निकाल कर गहलोत सरकार पर लगातार हमलावर है। वहीं एक वरिष्ठ भाजपा नैत्री तथा विधायक सूर्यकान्ता व्यास का सीएम की तुलना राजा-महाराजाओं से करने का बयान चर्चा में हैं। बयान में विधायक सूर्यकान्ता व्यास ने कहा कि अशोक गहलोत ने समाज पर बड़ा उपकार किया है।

जानकारी के अनुसार सीएम ने जोधपुर शहर के चांदपोल क्षेत्र में पुष्करणा समाज की कुलदेवी उष्ट्र वाहिनी देवी मंदिर का जीर्णोद्धार करने के लिए गहलोत ने दो दिन पहले ही 4.75 करोड रुपए की स्वीकृति दी थी। इसके लिए विधायक लगातार बजट स्वीकृति के लिए प्रयास कर रही थीं। विधायक ने मुख्यमंत्री से निवेदन भी किया था। ऐसे में समाज को लोग विधायक का आभार जताने और अभिनंदन करने बुधवार को उनके आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान भाजपा की सीनियर नेता व्यास ने सीएम गहलोत की खुलकर तारीफ की। विधायक सूर्यकांता व्यास ने यह कहा कि राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुष्करणा समाज के लिए ऐसा काम किया है, जो पहले के जमाने में राजा-महाराजा किया करते थे। अब मुख्यमंत्री ने किया है। 4 करोड़ 75 लाख रुपए का बजट दिया है। कुलदेवी की यह मूर्ति काफी ऐतिहासिक है। जिसको देखने के लिए टूरिस्ट आते हैं। कई बार टूरिस्ट कहते भी हैं कि जगह छोटी है, परेशानी होती है। आज वह सपना सीएम गहलोत ने साकार किया है। इसका विडियो भी वायरल हुआ तो भाजपाइयों में खलबली मच गई।

विधायक के करीबी सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री गहलोत और विधायक सूर्यकांता व्यास पहले भी एक-दूसरे की तारीफ करते रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत भी कई बार मंच से कहते रहे हैं कि सूर्यकांता व्यास से उनके आत्मीय रिश्ते मुख्यमंत्री बनने से भी पहले के हैं। कई मौकों पर विधायक ने भी सीएम गहलोत की खुलकर तारीफ की है। गौरतलब है कि सूर्यकांता व्यास 85 साल की उम्र में राजनीति में सक्रिय हैं। वे 1990 से लेकर अब तक लगातार 7 बार विधायक का चुनाव लड़ चुकी हैं। इसमें से 6 बार उन्होंने जीत दर्ज की। साल 2008 के बाद से वे सूरसागर विधानसभा क्षेत्र से लगातार विधायक हैं। व्यास को वसुंधरा राजे गुट का नेता माना जाता है। सूर्यकान्ता व्यास भाजपा में सबसे उम्रदराज विधायक है, कयास लगये जा रहे है कि उन्होंने पाला बदलने का फैसला किया है? वहीं इनको वसुंधरा राजे खेमे का नेता माना जाता है।

गौरतलब है कि पुष्करणा समाज की आराध्य कुलदेवी उष्ट्र वाहिनी मंदिर के लिए बजट स्वीकृत कर सीएम गहलोत ने पॉलिटिकल कार्ड भी खेला है। ब्राह्मणों को राजी करने का उनका फार्मूला कहां तक सफल होगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। पुष्करणा समाज जोधपुर जिले में तीन विधानसभा सीटों को प्रभावित करता है। सूरसागर विधानसभा क्षेत्र में समाज की जनसंख्या निर्णायक साबित होती है। इसके अलावा जोधपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में भी समाज का बड़ा रोल होता है।

# पुरानी रंजिश के चलते की थी दम्पति की हत्या, चार गिरफ्तार



पुलिस ने दोहरे हत्याकांड मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**झालावाड़,** (निसं)। दोहरे हत्याकाण्ड के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुरानी रंजिश के चलते की दम्पती की हत्या की जानकारी सामने आई है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर में भवानीमण्डी के शीला अस्पताल में जितेन्द्रसिंह उर्फ जीतू पुत्र बृजराजसिंह निवासी मालपुरा सुनेल भैसोदामण्डी अपनी पत्नी अनीता बाई को शीला हॉस्पीटल भवानीमण्डी मे दिखाने लाया जितेन्द्रसिंह व उसकी पत्नी अनिताबाई के उपर अज्ञात लोगों ने चाकू व डण्डे से दोनों पर जान से मारने कि नियत से ताबडतोड़ हमला कर दिया जिससे अनीता की मौके पर मौत हो गई और जितेन्द्र सिंह को झालावाड चिकित्सालय में रेफर कर दिया जहां जितेन्द्र सिह की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि घटना पर थाना भवानीमण्डी पर फरियादी ईश्वरसिंह की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया जाकर अनुसंधान शुरू किया। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आठ टीमे गठित कर कोटा, रामगंजमण्डी, मध्यप्रदेश व राजस्थान के अन्य संभावित जगह पर रवाना की गई। गहन अनुसंधान के बाद दो टीमें रावतभाटा पहुंची, जहां टीमों द्वारा सभी होटल, धर्मशाला, सराये को चैक किया गया इस दौरान एक धर्मशाला से भैरूलाल उर्फ भैरिया पुत्र रोडूलाल गूर्जर, करण गूर्जर पुत्र श्यामलाल, दिनेश पुत्र धन्नालाल को गिरफ्तार किया गया और एक अन्य टीम को रामगंजमण्डी थाना पुलिस के सहयोग से रामगंजमण्डी से मुलजिम शाहनूर उर्फ नूरा पुत्र नवाज खान को गिरफ्तार किया गया है।

मुख्य आरोपी भैरूलाल गुर्जर व मृतक जितेन्द्रसिह उर्फ जीतू बना थाना सुनेल के रहने वाले एंव आपराधिक प्रवृति व्यक्ति है। जो पहले साथ साथ रहकर अपराध करते थे। पिछले कुछ समय से ये दोनों ही सुनेल से भैसोदामण्डी एमपी व भवानीमण्डी राजस्थान में निवास करने लगे। इन दोनों में सम्पति को लेकर काफी समय से रंजिश चल रही थी। उसी रंजिश को लेकर जितेन्द्र और उसकी पत्नी की हत्या की गई है।

# अजमेर दक्षिण विधानसभा में परिवर्तन की मांग

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सतीश पूनिया को सौंपा ज्ञापन

- भाजपा नेताओं ने परिवर्तन संकल्प यात्रा में शामिल होने पहुंचे सतीश पूनिया से मुलाकात की और उनसे चर्चा की

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा चुनाव से पहले अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने टिकिट परिवर्तन की मांग की है।

इस दौरान अलग-अलग वार्डो के पार्षदों के साथ ही विभिन्न पदों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रकोष्ठ और अन्य कमेटी में अपनी सेवाएं दे रहे भाजपा नेताओं ने आज परिवर्तन संकल्प यात्रा में शामिल होने पहुंचे सतीश पूनिया से मुलाकात की और उनसे कहा गया कि विगत लंबे समय से स्थानीय विधायक द्वारा भाजपा की पार्षदों और नेताओं को दरकिनार किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र में विकास भी अवरोध पड़ा है, जिसके कारण आम जनता परेशान है।

इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने क्षेत्र में विधायक का टिकट परिवर्तन करने की मांग की है, उन्होंने कहा कि कई सक्षम उम्मीदवार है जो भारतीय जनता पार्टी के प्रति समर्पित रहते हुए क्षेत्र के विकास और विजन को लेकर कम कर सकते हैं।

वही दूसरी ओर भाजपा विधायक अनिता भदेल का आरोप है कि आज सतीश पूनिया को जो मेरे बारे में विरोध करते हुए ज्ञापन दिया यह वो लोग है, जिन्हें पार्टी ने निकाय चुनाव में टिकट नही दिया तथा उसमें से कुछ लोग वो भी है जो पार्टी के खिलाफ जाकर निर्दलीय चुनाव लड़ा तथा हार का मुंह देखना पड़ा, उन वार्डो में भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी विजय रहा।इनके इन मनसुबो को जनता समझ रही है वह देख रही है।

# पॉक्सो के आरोपी ने धमकी देकर 15 लाख रुपये मांगे

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पांच महीने पहले ही आरोपी जेल से जमानत पर बाहर आया था

**दौसा,** (निसं)। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जेल गए आरोपी द्वारा जमानत मिलने पर पीड़िता के परिजनों को धमकी देकर पैसों की मांग करने का मामला सामने आने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी पीएम मीणा (23) निवासी डागोलाई थाना पापडदा को गिरफ्तार कर लिया।

- आरोपी ने पीड़िता के परिजनों को धमकी दी

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में आरोपी पीएम मीणा को थाना पापडदा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। 5 महीने पहले ही आरोपी जेल से जमानत पर बाहर आया था। 19 अगस्त को नाबालिक के पिता द्वारा रिपोर्ट दी गई कि आरोपी अलग-अलग मोबाइल नंबर से कॉल कर मुझे व बेटी को बदनाम करने और दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 15 लाख रुपए की मांग कर रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी राणा द्वारा एडिशनल एसपी



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

रामचंद्र बोहरा व सीओ अरविंद कुमार के सुपरविजन एवं एसएचओ दिनेश कुमार के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आसूचना व मुखबिर की मदद से आरोपी को तलाश कर गिरफ्तार किया गया।

# अज्ञात लोगों ने हथियार से वार कर युवक की हत्या की

- मृतक के पिता ने पानी की बारी के विवाद को लेकर आठ लोगों के पर हत्या करने का आरोप लगाया
- फसल के बीच लहूलुहान हालत में मिला शव
- आरोपी असीम सहारण व अन्य को पूछताछ के लिए थाने लाया गया

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के जंक्शन सिटी थाना क्षेत्र के एक खेत में युवक का लहूलुहान शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मक्कासर निवासी कुलदीप सहारण के रूप में हुई है। उसके शरीर पर धारदार हथियार के निशान मिले। मृतक के पिता रणवीर सहारण ने जंक्शन पुलिस थाने में 8 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। वारदात की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारी लाल मीणा, पुलिस उप अधीक्षक अरविन्द बेरड़ और जंक्शन पुलिस थाना प्रभारी विष्णु खत्री पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी लेते हुए वारदात स्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हनुमानगढ़ टाउन के राजकीय जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से सटे गांव मक्कासर के चक चार एसटीजी की रोही स्थित खेत में पानी लगाने गए युवक की देर रात्रि को अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह खेत में खड़ी नरमा की फसल के बीच लहूलुहान हालत में युवक का शव मिलने पर वारदात का पता चला। उसके शरीर पर कई जगह धारदार हथियार से वार के निशान थे। सूचना मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं एफएसएल टीम ने भी मौके से सबूत जुटाए। गुरुवार रात्रि को पानी की बारी होने के कारण कुलदीप सहारण अकेला ही पानी लगाने गया था। पानी की बारी खत्म होने के बाद कुलदीप रातभर घर नहीं लौटा तो शुक्रवार सुबह परिजन खेत पहुंचे थे। तब उन्हें वारदात का पता चला।

जंक्शन सीआई विष्णु खत्री ने बताया कि आज सुबह करीब आठ बजे सूचना मिली कि मक्कासर गांव की रोही में गोदारा पेट्रोल पंप के सामने एक खेत में शव पड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस मय टीम मौके पर पहुंची, साथ ही एएसपी और सीओ साहब भी मौके पर पहुंचे। मौके पर पुलिस टीम को कुलदीप सहारण नाम के व्यक्ति का शव उसी के खेत में पड़ा मिला। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। हमने जब अपने स्तर पर जांच की तो सामने आया कि कुलदीप सहारण की रात्रि 10-10:30 बजे हत्या की गई है। इस संबंध में मृतक कुलदीप के पिता रणवीर सहारण ने हत्या की रिपोर्ट दी है। जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमे में मृतक के पिता ने असीम सहारण, महावीर सहारण, राकेश सहारण और 5 अन्य पर पानी की बारी के विवाद को लेकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस सबंध में शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। सीआई खत्री ने बताया कि आरोपी असीम सहारण व अन्य को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

कुलदीप सहारण की हत्या की खबर सुनकर उसके घर में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक कुलदीप सहारण अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और शादीशुदा था। उसके एक पुत्र है। कुलदीप की बहन सवाई माधोपुर में सरकारी शिक्षक के रूप में कार्यरत है।

# नोट दोगुने करने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार

## रुपए दोगुना करने का लालच देकर फंसाते थे, आरोपियों में बर्खास्त होमगार्ड जवान भी

- दस लाख रुपए के नकली, चिल्ड्रेन बैंक के नोट और 58 हजार असली नोट बरामद किए
- पूछताछ में गैंग के सदस्यों ने जिले में 15 से ज्यादा ठगी की वारदातें करनी कबूल की

**हनुमानगढ़,** (निसं)। नोट दोगुने करने के नाम पर लोगों से ठगी करनी वाली गैंग के चार बदमाशों को हनुमानगढ़ जिले की संगरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 10 लाख रुपए के नकली, चिल्ड्रेन बैंक के नोट और 58 हजार असली नोट बरामद किए हैं। गिरफ्तार बदमाशों में बर्खास्त होमगार्ड का जवान भी शामिल है। वह पुलिस बनकर छापा मारने की बात कहकर रुपए ठगता था।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि संगरिया एसआई लक्ष्मण सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि जसपाल सिंह उर्फ सोनू, गुरजण्ट सिंह उर्फ जटी उर्फ बिट्टू, रविन्द्र सिंह उर्फ रवि अकवाम रायसिखा निवासी फतेहपुर (हनुमानगढ़) और रूपेश कुमार रेगर निवासी हनुमानगढ़ टाउन मिलकर नकली नोटों का धंधा करते हैं। उनके पास बहुत से नकली नोट हैं। इन नोटों को चलाने के लिए बलेनो और ऑल्टो कार से संगरिया की तरफ जाने की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ने मानकसर से आम फतेहपुर जाने वाली सड़क के टी पॉइंट पर नाकाबंदी शुरू की।

पुलिस को आम फतेहपुर की तरफ से दो वाहन आते दिखाई दिए। इन दोनों गाड़ियों को रुकवाया गया। पिछली कार से दो व्यक्ति उतर कर पास खड़ी नरमा (कपास) की फसल की तरफ भाग गए। पीछा करके दोनों को पकड़ लिया गया। फिर आगे वाली बलेनो कार को चेक किया गया। कार की पिछली सीट पर एक काले रंग की पॉलिथीन की थैली पड़ी थी। थैली में 500, 200 और 100 रुपयों के नकली नोटों के बंडल और चिल्ड्रेन बैंक के करीब 10 लाख रुपए के नोट थे। गैंग के सदस्यों से करीब 58 हजार रुपए के असली नोट भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में गैंग के सदस्यों ने जिले में 15 से ज्यादा ठगी की वारदातें करनी कबूल की हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 गाड़ियां भी बरामद की हैं। मामले की जांच खुद संगरिया थानाधिकारी रामचन्द्र कस्वां कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बरामद 500, 200 और 100 रुपयों के नकली नोटों के बंडल और चिल्ड्रेन बैंक के करीब 10 लाख रुपए के नोट थैली में बंद कर सील कर दिया है।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि बदमाश रुपए दोगुने करने के नाम पर भोले-भाले लोगों को फंसाते थे। उनको रुपयों की डिलीवरी देने के लिए किसी एक स्थान पर बुलाते थे। जब भी नोटों की डिलीवरी होती है, उसी समय गैंग में शामिल होमगार्ड का जवान नकली पुलिस बनकर आता है और उनसे रुपए छीनकर कार्रवाई का डर दिखाकर ठगी कर लेते हैं। गैंग के सदस्य वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को बताते थे कि हम आपके रुपए डबल कर देंगे। गैंग के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा एक को डिटेन भी किया गया है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने जिले में ठगी की 15 वारदात करनी कबूल की है, जिनमें 10 जगहों के नाम पुलिस ने सामने भी रखे हैं। इन 15 जगहों पर ठगी करने के दौरान इन्होंने भोले-भाले लोगों से करीब 50 लाख से अधिक की ठगी करने की बात कबूल की है। इसके साथ ही पंजाब और हरियाणा में भी ठगी करने की बात स्वीकारी है।

आरोपियों ने हनुमानगढ़ जंक्शन थाना इलाके में करणी चौक के पास, आरसीपी कॉलोनी, बेबी हैप्पी कॉलेज के सामने, नवां फाटक संगरिया रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन, बस अड्डा हनुमानगढ़ जंक्शन (6 वारदात), चूना फाटक संगरिया रोड हनुमानगढ़ जंक्शन, मदान स्कूल के पास सतीपुरा हनुमानगढ़ जंक्शन, ट्रांसपोर्ट नगर ग्रेफ चौराहा के पास हनुमानगढ़ जंक्शन और एक वारदात संगरिया रोड, फतेहपुर रोड नजद माणकसर पुलिस थाना संगरिया इलाके में की है।

जानकारी में सामने आया है कि इस गैंग ने पंजाब में भी कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया था। इसकी जांच करती हुई पंजाब पुलिस गैंग को पकड़ने के लिए पहुंची थी। पुलिस आरोपियों को पकड़ने ही वाली थी की गैंग का एक बदमाश नकली पुलिस बनकर पहुंच गया। पंजाब पुलिस को लगा कि राजस्थान पुलिस आ गई है। इस कारण पंजाब पुलिस के जवान मौके से फरार हो गए। इस कार्रवाई को अंजाम देने में जिला विशेष टीम से सीआई सतपाल बिश्नोई, एएसआई शाह रसूल, हेड कॉन्स्टेबल राजाराम स्वामी, कॉन्स्टेबल अनिल कुमार, राजेन्द्र कुमार, अमित, रणजीत सिंह, विकेश, रामवतार, हर्षवर्धन और राजेश चोयल आदि शामिल थे। संगरिया थाना टीम में एसआई लक्ष्मण सिंह, हेड कॉन्स्टेबल कैलाश चन्द, कॉन्स्टेबल नायब सिंह, महादेव, रेवतं राम और रमेश कुमार आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त

### कलश व ध्वज यात्रा निकाली

**राजगढ़,** (निसं)। हारे का सहारा मित्र मंडल की ओर से श्री श्याम की अदालत से पूर्व भव्य कलश एवं ध्वज यात्रा निकाली गई । स्टेशन मार्ग स्थित बचपन शाला से शुरू हुई कलश यात्रा का प्रमुख मार्ग में समाजसेवी एवं धर्म प्रेमी लोगों ने फूलों की बारिश कर स्वागत किया। प्रमुख मार्गों में भजनों की प्रस्तुति पर महिलाओं ने कलश धारण कर भावपूर्ण नृत्य कर सभी को रोमांचित कर दिया। कलश यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने भी ध्वज धारण कर कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की। हारे का सहारा मित्र मंडल की ओर से विकास कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में बाबा श्याम की महिमा का गुणगान होगा।

### आज 5 घंटे बिजली बंद रहेगी

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कनिष्ट अभियंता संदीप द्विवेदी ने बताया कि शनिवार 16 सितंबर को सुबह 6 बजे से 11 बजे तक 33 केवी लाइन कार्य व मरम्मत कार्य करने के लिए 5 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी तथा इनके अधीन आने वाले जीएसएस तीजावाला जोहड़ा, श्रीमाधोपुर, डेरारामसागर, हांसपुर, बस्सी, जोरावरनगर, कंचनपुर, तिवाड़ी की ढाणी, निमड़ावाली, खेड़ी, मऊ, बागरियावास, नांगल, पृथ्वीपुरा, होल्याकाबास व इनके आस पास के गांव व ढाणियों की विधुत आपूर्ति बंद रहेगी ।

# भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का फुलेरा में भव्य स्वागत

**फुलेरा,** (निसं)। प्रदेश भाजपा प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, जयपुर जिला देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर के नेतृत्व में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा रेल नगरी फुलेरा में दोपहर में पहुंची।

जहां पर परिवर्तन संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इस बार राजस्थान में सत्ता परिवर्तन जरूर होगा। साथ ही उन्होंने कहा राजस्थान में चल रही

■ राजस्थान में डबल इंजन की बन रही सरकार : प्रह्लाद जोशी



फुलेरा में परिवर्तन संकल्प यात्रा के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी-मोदी के नारे लगाए।

परिवर्तन यात्रा को जिस प्रकार से लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है, इससे लग रहा है कि राजस्थान की जनता ने मन बना लिया है कि एक बार लोग मोदी के साथ चलने वाली डबल इंजन की सरकार चुनकर देंगे। साथ ही राजस्थान में कांग्रेस और गहलोत सरकार के खोखले वादे भी लोगों के ध्यान में है। ऐसे में मुझे पूरा विश्वास है कि राजस्थान में परिवर्तन होगा और जनता मोदी के साथ चलने वाली भाजपा सरकार लाने के लिए तैयार है।

फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत ने भी सनातन धर्म के मुद्दे को लेकर गहलोत सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राम को नहीं मानने वाले लोगों की सरकार को हम नहीं रहने देंगे। जो लोगों को बिजली, पानी नहीं दे सकती, उसे राज्य में रहने का कोई अधिकार नहीं है। चतुर्वेदी ने कहा कि हम एक बार फिर राजस्थान में बीजेपी का सुशासन और कानून का राज स्थापित करेंगे। परिवर्तन यात्रा के दौरान भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक अरुण चतुर्वेदी ने जल जीवन मिशन और निशुल्क मोबाइल वितरण योजना को लेकर भी गहलोत सरकार पर जमकर कटाक्ष किया। भाजपा नेता डी. डी. कुमावत ने महंगाई, बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की सरकार पर जमकर निशाना साधा।

परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए और जयपुर ग्रामीण सांसद ने सनातन धर्म को लेकर गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने लोगों से सवाल उठाते हुए कहा कि ये लोग भगवान राम को नहीं मानते हैं, क्या इन लोगों को राज्य में आने देना चाहिए ? जबकि ये लोग खुद को गांधीजी का अनुयायी बताते हैं। लेकिन गांधीजी तो अपने मुख पर सदैव राम का नाम रखते थे। मरते समय भी गांधीजी के मुख से गोली लगने के बाद तीन बार हे! राम शब्द निकले। इसके बावजूद ये लोग राम को नहीं मानते हैं। राठौड़ ने मल्लिकार्जुन खड़गे पर जमकर निशाना बनाते हुए हमला किया।

जैसे ही परिवर्तन संकल्प यात्रा कस्बे के भगवान परशुराम सर्किल पर पहुंची समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। पीले पंजे पर सवार होकर भाजपा कार्यकर्ताओ ने जैसे ही जय श्री राम, भारत माता की जय वंदे मातरम के जय घोष लगाए और पुष्प वर्षा की तो माहोल में एक अलग ही उत्साह देखा गया। इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने पलक पांवड़े बिछाए और पुष्प वर्षा कर परिवर्तन संकल्प यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया।

### महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों के साक्षात्कार लिए

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय पंचायत समिति के सभागार में गुरूवार को गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक महावीर प्रसाद पराणा के नेतृत्व में महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों के आवेदकों के साक्षात्कार किए गए।

समिति के संयोजक एडवोकेट बनवारीलाल यादव ने बताया कि उपखण्ड के सभी राजस्व गांव एवं शहरी क्षेत्र के सभी वार्ड के लिए महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों को 1 वर्ष के लिए चयन किया जाना है।

इसके लिए 14 सितम्बर तक पंचायत समिति सभागार में साक्षात्कार किए गए।

उन्होंने बताया कि उपखण्ड अधिकारी रविकातसिंह ने बताया कि साक्षात्कार दो पारियों में किए गए। प्रथम पारी में ग्राम पंचायत एवं शहरी वार्ड आवेदकों का सुबह 8 बजे एवं द्वितीय पारी के आवेदकों का सुबह 11:30 बजे साक्षात्कार किए गए।

उन्होंने बताया कि 14 सितम्बर को शहरी क्षेत्र के वार्ड 1 से 18 तक प्रथम पारी में तथा वार्ड संख्या 19 से 35 द्वितीय पारी साक्षात्कार लिये गए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार ओमसिंह, नायब तहसीलदार अरविन्द शर्मा मूण्डिया, अमित कुमार, मूलचन्द सैनी, रिंकू विजय, नगरपालिका आरआई मनीष गोर, सीताराम कटारा, एडवोकेट राजकुमारी कुर्मी, दिनेश गिन्दोडी, अतिरिक्त ग्राम विकास अधिकारी नन्दकिशोर शर्मा, अरूण शर्मा, मूलचन्द सैनी एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन सहित समिति के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## चौमूं विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की फूट नजर आई

**चौमूं / कालाडेरा,** ( निसं ) परिवर्तन संकल्प यात्रा के चौमूं आगमन पर विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और चौमूं विधानसभा से पधारे विशाल जन सैलाब ने कालाडेरा बस स्टैंड पर यात्रा का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

यात्रा में पधारे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, कर्नल राज्यवर्धन सिंह का हज़ार की संख्या में जनता ने भव्य स्वागत किया। परिवर्तन यात्रा के गोरी का बास से चौमूं विधानसभा में प्रवेश करने पर कार्यकताओं ने सड़क के दोनों ओर जेसीबी लगाकर पुष्प वर्षा की और भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव के नेतृत्व में मोटरसाइकिलों के माध्यम से यात्रा के साथ कालाडेरा बस स्टैंड पर पहुंचे। यात्रा के साथ पधारे अतिथियों का पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अरविंद यादव और कार्यकर्ताओं ने माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री एवं प्रभारी प्रह्लाद जोशी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि

■ परिवर्तन संकल्प यात्रा का दो जगह कालाडेरा व चौमूं में स्वागत किया गया

आज चौमूं विधानसभा वासीयो ने दिखा दिया कि राजस्थान से कांग्रेस की विदाई हमेशा हमेशा के लिए तय हो चुकी है। विधायक रामलाल शर्मा ने विशाल जन समूह का आभार जताते हुए कहा कि चौमूं की चौकटी में मेरे से सस्ता मज़दूर और चौमूं में आप जैसा मज़बूत कार्यकर्ता नहीं मिल सकता है। परिवर्तन यात्रा का स्वागत करने के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की आपसी फूट नजर आई। चौमूं शहर में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, युवा नेता शंकर गोरा, श्रवण बराला के द्वारा हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं व आम जनता ने भव्य स्वागत किया। वहीं चौमूं विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में कालाडेरा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

### ए.सी.बी. का जागरूकता संवाद आयोजित

**टोंक,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार एसीबी टोंक ईकाई द्वारा आज टोंक शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम में जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एसीबी के जागरूकता कार्यक्रम में एएसपी राजेश आर्य ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय स्टाफ को भ्रष्टाचार रोकथाम से संबंधित जानकारी दी, किसी भी लोक सेवक द्वारा रिश्वत मांगकर नाजायज परेशान करने पर एसीबी के टोल फ्री नम्बर 1064 व मोबाईल नम्बर 9413502834 पर सूचना देने के लिए प्रेरित किया। एसीबी द्वारा मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस सोच से भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान बनाने की छात्र/छात्राओ व स्टाफ को प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस मौके पर कार्यक्रम में एसीबी एएसपी राजेश आर्य, हैड कांस्टेबल मोहम्मद जुनैद, कांस्टेबल ईश्वर शर्मा, कांस्टेबल राजकुमार शर्मा, कांस्टेबल जलसिंह एवं विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राए मौजूद रहे।

## विधायक कोटे से 36 दिव्यांगों को स्कूटी वितरित की

**पावटा,** (निसं)। विधायक इंद्राज गुर्जर ने दिव्यांगों का साथ हमारी शक्ति के संकल्प के साथ विधायक कोष से देवनारायण छात्रावास विराटनगर में 36 दिव्यांगजनों के लिए स्कूटियां स्वीकृत करवाई हैं।

शुक्रवार को सुबह विराटनगर स्थित देवनारायण छात्रावास में एक कार्यक्रम आयोजित कर 36 दिव्यांगजनों को स्कूटियां प्रदान करते हुए उनकी चाबी सौंपी। स्कूटी पाकर दिव्यांग खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि उन्होंने बिना भेदभाव के विकास के भरपूर काम विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में करवाए हैं। उन्होंने हर वर्ग की जरूरत व खुशी का ख्याल रखा है। विधायक ने स्कूटियां मिलने पर दिव्यांगजनों को बधाई देते हुए कहा कि इससे उनके लिए आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम में स्कूटी प्राप्त करने वाले सभी दिव्यांगजनों का विधायक इंद्राज गुर्जर ने माला पहनाकर अभिनंदन भी



विधायक इंद्राज गुर्जर ( दाएं से चौथे ) ने 36 दिव्यांगजनों को स्कूटियां वितरित की।

किया। वहीं सभी स्कूटी लाभार्थियों ने अपनी खुशी जाहिर की एवं विधायक इंद्राज गुर्जर का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के प्रतिनिधि गजराज यादव, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कान सिंह यादव, हरफूल रावत, रामरतन शर्मा, शिवकुमार शर्मा सहित विभाग के अन्य सभी कार्मिक उपस्थित रहे।

### चिकित्सा परामर्श शिविर कल

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को सायं 3 से 5 बजे तक बच्चों के लिए शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीलकंठ कयाल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस माह 17 सितंबर रविवार को दोपहर बाद 3 से 5 बजे तक लक्की प्लाजा स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर, भूतल पर इसका आयोजन किया जाएगा। क्लब के के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि श्रीमाधोपुर और आसपास के क्षेत्र के लोग इसका लाभ उठा सकते हैं।

## कुरीतियों पर रोक लगाने का आव्हान

**चाकसू,** (निसं)। शुक्रवार को कस्बे की फागी रोड स्थित आईडीएसएमटी नगर पालिका स्कीम के पास माली (सैनी) समाज की सामाजिक बैठक एवं स्नेह भोज कार्यक्रम लक्ष्मीनारायण जमालदिया कोटखावदा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

बैठक विकास समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया और विभिन्न कार्यों पर चर्चा के साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। जिसमे सर्व सहमति से अध्यक्ष सुरेश सैनी माली का मावर पार्षद नगर पालिका, उपाध्यक्ष पूरण सोलंकी, मंत्री बाबू लाल पत्रकार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार माली का मावर, महामंत्री किशोरी लाल सोलंकी, संरक्षक हीरा लाल मौर्या जादम सहित 23 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश सैनी ने बताया की समाज व्यापत कुरीतियों पर रोक लगाते हुए, बालक/बालिका शिक्षा पर जोर दिया जायेगा तथा विकास समिति के लिए चिन्हित जगह को प्राथमिकता से विकसित करना मुख्य ध्येय रहेगा।

### शंकर को डाक्टरेट की उपाधि

**खाटुश्यामजी,** (निसं)। वार्ड नं 13 के निवासी शंकर लाल सोनी पुत्र छीतर मल सोनी को भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के फार्मेसी संकाय में पीएचडी (डाक्टरेट ऑफ फिलॉस्फी) की उपाधि प्रदान की गयी। शंकर लाल सोनी ने अपना शोधकार्य मधुमेह रोग के उपचार की दवा ग्लीपीज़ाइड पर किया उनके शोध का विषय रचना, निर्माण ओर मूल्यांकन ऑफ ग्लीपीज़ाइड दवा युक्त मायक्रोस्फर."विषय पर पूर्ण किया है। यह शोध कार्य उन्होंने फॉर्मेसी संकाय के डॉ.पुष्पेंद्र सिंह नरूका प्रोफेसर भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के निर्देशन में पूर्ण किया है।

## गोल्ड मेडल मिलने पर सम्मान किया

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। नीमराना कस्बे के विजय बाग स्थित एक निजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दो छात्राओं का राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करने पर स्वागत करते सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि कोटपूतली बहरोड़ जिले के कारौली राजकीय माध्यमिक विद्यालय में नेहा पुत्री राजेश कुमार 12वीं की छात्रा ने 53 किलोग्राम वजन में गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं 7 वीं कक्षा की छात्रा नव्या ठुकरान पुत्री दिनेश कुमार ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बूढवाल में 30 किलोग्राम वजन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। जिससे नव आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल नीमराना की दोनों छात्राओं का ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह ट्रैकसूट तथा पुष्पमालाओं से सम्मानित किया। वहीं चेयरमैन सतीश यादव द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेटी बचाओ और बढ़ाओ के तहत बेटा बेटी में अंतर ना करते बताया कि बेटियां ही खेल कुश्ती, कबड्डी, खो खो बैडमिंटन में नाम रोशन कर रही हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर रंगोली सजाई

**लालसोट,** (निसं)। विधानसभा चुनाव में मतदाता को जागरूक करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर स्काउट गाइड ने पंचायत समिति भवन पर स्वीप की रंगोली बनाई ।

इस मौके पर आकर्षक रंगोली बनाकर अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के मौके पर शपथ प्रतिशत मतदान एवं मतदान जागरूकता का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी ने सभी से स्वीप गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक कर आगामी विधानसभा चुनावों में अधिक मतदान का लक्ष्य लेने का आव्हान किया ।

उपखंड अधिकारी इस अवसर पर स्काउट सचिव श्रीकांत शर्मा को निर्देश प्रदान किए की आगामी दिनों में स्काउट गाइड के द्वारा मानव श्रृंखला, लोक गायन, लोक नृत्य, रैली, स्टीकर से अधिक अधिक स्वीप गतिविधियों का आयोजन करें। इस अवसर पर चुनाव प्रकोष्ठ अधिकारी रमेश शर्मा, विमलेश गुप्ता, अशोक शर्मा, कमलेश राडा, बलराम मीना, हर्ष शर्मा, रेंजर अदिति शर्मा, शिवानी शर्मा, अभिषेक प्रजापत उपस्थित थे ।

# महंगाई राहत युवा सम्मेलन आयोजित

**लालसोट,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने उपखंड के डीडवाना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित मंहगाई राहत युवा कांग्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि गहलोत सरकार ने तकनीकी तौर पर विकसित समाज की परिकल्पना को साकार किया है।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा आज राजस्थान में जितनी योजना गहलोत सरकार द्वारा धरातल पर उतारी गईं हैं एवं करोड़ों लोग इसका लाभ ले रहे हैं

■ गहलोत सरकार ने विकसित समाज की परिकल्पना को साकार किया : परसादी

ऐसी योजना अन्य कोई सरकार उतार नई सकती अगर उतारने का प्रयास भी करें तो वह सरकार दिवालिया हो जाए। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि आज लालसोट विधानसभा क्षेत्र की पिछले 5 साल में जो अभूतपूर्व विकास हुआ है जिसकी परिकल्पना किसी ने नहीं की थी ऐसे विकास हुए हैं जो कभी जनता



डीडवाना ग्राम पंचायत में युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित महंगाई राहत शिविर में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने राशन किट वितरित किये।

ने मांगे ही नहीं थे और गहलोत सरकार ने उन विकास को लालसोट विधानसभा क्षेत्र के धरातल पर उतर कर लोगों को लाभान्वित करने का कार्य किया है।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि राजस्थान प्रदेश पहला राज्य जिसने स्वास्थ्य के अधिकार जैसा कानून लाकर प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी दी है। इस कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश मिश्रा रामगढ़ पचवारा प्रधान डॉक्टर कौशल्या मीणा युवा कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी रिशेंद्र महर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक पटेल संभाग प्रभारी अशोक कुलड़िया द्वारा भी संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान दोसा प्रभारी राहुल पूनिया प्रदेश महासचिव प्रकाश मीणा मुंडिया खेड़ा करतार सिंह गुर्जर राहुल यादव शैलेंद्र मीणा से प्रभारी दोसा राम अवतार गुर्जर मूलचंद महला सुनील चौधरी अर्जुन सोनी कमलेश मीणा रोहित मीणा इरफान खान आदि मौजूद रहे।

### दो खिलाड़ियों ने स्वर्ण व तीन ने रजत पदक जीते

**कोटपूतली,** (निसं)। राज्य सरकार शिक्षा विभागीय 67 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्थानीय मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवाना अहीर के दो खिलाड़ियों स्वर्ण व तीन ने रजत पदक प्राप्त कर परचम लहराया है।

प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि रा उ मा वि खेलना, पावटा में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता वेटलिफ्टिंग में छात्र मोहित आर्य ने 73 किलोग्राम तथा छात्र नवीन योगी ने 49 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तर पर जगह बनाई है तो दूसरी तरफ आशीष तंवर 55 किलोग्राम व साहिल वर्मा ने 67 किलोग्राम में रजत पदक प्राप्त किया है।

साथ ही रा उ मा वि बूढवाल, बहरोड़ में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में अनुराग आर्य (44 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किया है। प्राचार्य महेश चंद यादव, सरपंच पूरणमल खटीक, मनोज मीणा पंसस प्रतिनिधि सहित स्थानीय ग्रामवासीयों ने सभी खिलाड़ियों , शिवपाल यादव शारीरिक शिक्षक व विद्यालय स्टाफ को शुभकामनाएं दी।

## सार-समाचार

### किशोरी मेले का आयोजन



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। ग्राम मूंडरू की महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में किशोरी मेला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन विनोद कुमार शर्मा (मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) समाजसेवी नागरमल गुप्ता ने किया । किशोरी मेला की प्रभारी बबीता शर्मा, राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मूंडरू के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद व शहीद भैरूराम उच्च माध्यमिक विद्यालय मूंडरू के प्रधानाचार्य रामलाल वर्मा स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य भैरूराम यादव, उपप्राचार्य सीताराम यादव, अमिपाल, सुरेन्द्र पारीक, बनवारी लाल , कालूराम शर्मा, राजीव वर्मा, जितेंद्र सिंह ,सीताराम यादव वरिष्ठ अध्यापक राम लाल यादव ,राजेंद्र राठौर, दिनेश शर्मा ,हरिप्रसाद यादव ,दुर्गा प्रसाद सैनी, रणवीर वर्मा. लक्ष्मी लाख़िवाल शोभा नेचू चंद्रकला यादव, ललिता ,नीलम, एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। मूंडरू पी ई ईओ परिक्षेत्र की समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय व उच्च माध्यमिक विद्यालय की किशोरियों ने मेले में विभिन्न प्रकार के मॉडल ,वर्किंग मॉडल, आर्ट एंड क्राफ्ट हस्तानिर्मित मूर्तियां आदि बनाई मेले में विभिन्न प्रकार की स्टाल लगाई गई जिसमें चाट पकौड़ी, पानी -पुरी, भेलपुरी समोसे व जनरल आइटम आदि की दुकान लगाई गई।

### फसल खराबे का सर्वे कराने की मांग

**बौंली,** (निसं)। राजस्थान किसान सभा के सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष कांनजी मीणा एवं बौंली अध्यक्ष राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में किसान महिला, पुरुषों ने बौंली उपखंड मुख्यालय पर पहुंचकर राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम फसल खराबे का सर्वे करा कर राहत दिलाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अंकित किया गया है कि वर्ष 2023 में समय पर वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ की फसल सूखकर बर्बाद हो गई है एवं रवि की फसल की बुवाई भी बहुत कम होने की संभावना है इस कारण फसल खराबे का सर्वे कर कर किसानों को अकाल राहत के तहत मवेशियों के लिए चारा, राहत पैकेज देने व नरेगा योजना के तहत 200 दिन की मजदूरी उपलब्ध कराने की मांग की गई है। मांग पत्र में चारा खरीद केंद्र स्थापित करने एवं मवेशियों के लिए नि:शुल्क उपलब्ध कराने सहित 8 घंटे विद्युत सप्लाई देने की मांग शामिल है।

### गुमशुदा बालक को ढूंढने की मांग

**टोंक,** (निसं)। शहर के धन्ना तलाई क्षेत्र से बालक महावीर प्रसाद पुत्र अमोलकचन्द महावर गत 10 सितम्बर की मध्यरात्रि से घर से लापता हो गया, जिसकी गुमशुदा होने की खबर थाना कोतवाली में भी दर्ज कराई गई, लेकिन बालक को अभी तक तलाशा नहीं जा सका। परिजनों के अनुसार अज्ञात व्यक्ति बालक को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है, जिसके सम्बन्ध में बालक का अजमेर में होने की संभावना बताई गई है, परिजनों को भय है कि अपहरणकर्ता बच्चे की हत्या ना कर दे। गुमशुदा हुए बालक की मां कान्ता ने आज कोली समाज के जिलाध्यक्ष अशोक महावर की अगुवाई में दर्जनभर क्षेत्रवासियों के साथ पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंप अविलम्ब बालक को दस्तेआब कराने की मांग की है।

### तीन बेटियों का राज्य स्तर पर चयन

**मालपुरा,** (निसं)। हाल ही में सम्पन्न हुई 67वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में हॉलिस्टिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल मालपुरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छात्र वर्ग में प्रथम व छात्रा वर्ग में द्वितीय स्थान पर जीत दर्ज कर जिले में नाम रोशन किया। छात्र वर्ग में मनन पारीक व छात्रा वर्ग मे अनिका जैन, वैदयी पारीक का राज्य स्तर पर चयन किया गया। वहीं तिलक बाल विद्यापीठ सीनियर सैकेण्डरी स्कूल मालपुरा के छात्र विशाल टेमाणी का तीरंदाजी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन हुआ। तो सीनियर सैकेण्डरी स्कूल मालपुरा की तीन छात्राओं तरूणा शर्मा, मिनाक्षी व रेखा का सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में उत्कर्ष खेल प्रदर्शन करने पर तीनों छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन किया गया। जिन्हें लाम्बाहरिसिंह खेल मैदान पर खेल कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### बेटी के जन्मदिन पर भोजन कराया



**खैरथल,** (निसं)। नवगठित खैरथल - तिजारा जिले के अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने बेटी पूर्वा के जन्म दिवस पर इंदिरा रसोई पर पहुंच कर गरीब मजदूर व बच्चों को अपने हाथों से परोसदारी करते हुए भोजन कराकर एक अनूठी मिसाल पेश की है। शुक्रवार को सुबह खैरथल - तिजारा जिला अतिरिक्त कलेक्टर ओम प्रकाश साहरण नगर पालिका खैरथल में श्री ठाकुरदास शिक्षा समिति द्वारा संचालित रसोई संख्या 106 पर पहुंचे और रसोई के सामने से गुजर रहे गरीब मजदूर अहसाय महिला व बच्चों को बुलाकर कहा आज मेरी बेटी का जन्मदिन है। बैठकर भोजन कर कर जाए। अतिरिक्त कलेक्टर ने अपने हाथों से बैठे लोगों को परोसदारी की और लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। गरीबों ने भी बिटिया के लिए पिता को खूब आशीर्वाद दिया।

### टिकिट को लेकर संवाद किया

**दौसा,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर कार्यकर्ताओं आदि का फीडबैक लेने पहुंची हरियाणा की विधायक किरण चौधरी द्वारा दौसा सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं की राजनीतिक नब्ज टटोलने के साथ मौजूदा विधायकों की कार्यशाली एवं उनके धरातली व्यवहार के बारे में कार्यकर्ताओं से चर्चा की। टिकट वितरण को लेकर फीडबैक कार्यक्रम के तहत लोकसभा प्रभारी किरण चौधरी द्वारा सिकराय विधायक मंत्री ममता भूपेश चाकसू विधायक वेद प्रकाश सोलंकी एवं बांदीकुई विधायक जीआर खटाने से सर्किट हाउस में संवाद करने के साथ लालसोट बस्सी चाकसू सिकराय महुआ बांदीकुई दोसा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी से एवं कार्यकर्ताओं कांग्रेस से जुड़े जिम्मेदारों से भी फीडबैक लेने के साथ विकास कार्य एवं चल रही राजनीतिक समीकरणों पर भी चर्चा की गई।

### देवनारायण पदयात्रा का स्वागत किया

**शाहपुरा,** (निसं)। श्री देवनारायण भगवान जोधपुरिया जा रहे पदयात्रा का शाहपुरा में गुर्जर समाज की युवा टीम के अनिल गुर्जर, गुलजारी गुर्जर, सुल्तान गुर्जर, मुकेश गुर्जर व की टीम द्वारा स्वागत किया गया। देवनारायण की पदयात्रा कुरुक्षेत्र हिसार दिल्ली कोटपूतली नीमकाथाना शाहपुरा से आ रहे पदयात्रियों का शाहपुरा हनुमान जी की बगीची में स्वागत किया गया। यह देवनारायण पदयात्रा हर साल देवधाम जोधपुरिया के लिए निकलती है। इस मौके पर गुर्जर समाज के पंचायत समिति सदस्य विक्रम कसाना, शंकर जिंझड, सुभाष पोसवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामवतार गुर्जर, धोलूराम गुर्जर, हीरालाल चैची, रामेश्वर गुर्जर, बिरदीचंद तवर सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पशु चिकित्सा उपकेन्द्र में तोड़फोड़ की

**मालपुरा,** (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के राजकीय पशु चिकित्सा उपकेन्द्र आंटोली में अज्ञात लोगों ने गुरूवार की रात तोड़फोड़ करते हुए सरकारी रिकॉर्ड को क्षति पहुंचाई। पशुधन सहायक कुलदीप नामा ने बताया कि शुक्रवार की सवेरे पशु चिकित्सा उपकेन्द्र पर पहुंचा तो कमरे व अलमारी के ताले टूटे मिले। सरकारी रिकॉर्ड व दवाईयां कमरों में बिखरी मिली। अलमारी के ताले तोड अज्ञात लोगों ने चोरी का प्रयास किया लेकिन जरूरत की राशि व अन्य सामान नहीं मिलने पर रिकॉर्ड को क्षतिग्रस्त कर बिखेरते हुए भारी तोड़फोड़ की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका पर्चा तैयार कर आरोपियों की तलाश शुरू की।



बुमराह जैसे खिलाड़ी का गेंदबाजी करने का एक्शन अलग ही तरह का है और इस तरह की प्रतिभा वाले गेंदबाज को हमें संभाल कर रखना चाहिए। ऐसे गेंदबाज सभी प्रारूपों में नहीं खेल सकते। हमें उचित प्रारूप देखकर इसके अनुसार ही उनकी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

- चामिंडा वास

पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर, बुमराह के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶ रविन्द्र जडेजा**



ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2,000 से अधिक रन और 200 या इससे अधिक विकेट लेने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के 14वें क्रिकेटर बन गए हैं। अपना 182वां मैच खेल रहे जडेजा ने बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान शमीम हुसैन को आउट करके वनडे में अपने 200 विकेट पूरे किए। क्रिकेट के इस प्रारूप में उनके नाम पर 2578 रन दर्ज हैं। जडेजा से पहले भारत की तरफ से यह उपलब्धि महान ऑलराउंडर कपिल देव ने हासिल की थी। उन्होंने 225 मैचों में 3783 रन बनाने के अलावा 253 विकेट भी लिए थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

## शुभमन गिल के शतक पर फिरा पानी, भारत को रोमांचक मैच में बांग्लादेश ने दी मात

कोलंबो, 15 सितम्बर। भारत को एशिया कप 2023 में पहली हार का सामना करना पड़ा है। भारत को शुक्रवार को बांग्लादेश के हाथों 6 विकेट से हार मिली। यह टूर्नामेंट का आखिरी सुपर-फोर मैच था। भारतीय टीम रविवार (17 सितंबर) को श्रीलंका के खिलाफ फाइनल खेलेगी जबकि बांग्लादेश पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। बांग्लदेश ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में 266 रन का लक्ष्य रखा और भारत को 49.5 ओवर में समेट दिया। भारत के लिए ओपनर शुभमन गिल ने जुझारू शतकीय पारी खेली। उन्होंने 133 गेंदों में 8 चौकों और 5 छक्कों के दम पर 122 रन बनाए।बांग्लादेश के लिए मुस्तफिजुर रहमान ने तीन जबकि डेब्यूटेंट तंजीम हसन साकिब और महेदी हसन ने दो-दो विकेट हासिल किए। शाकिब अल हसन और मिराज ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।



लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अच्छा आगाज नहीं किया। कप्तान रोहित शर्मा पहले ओवर में ही अपना विकेट गंवा बैठे। डेब्यूटेंटतिलक वर्मा (9 गेंदों में 5), विकेटकीपर बल्लेबाज राहुल (39 गेंदों में 19) और ईशान किशन (15 गेंदों में 5) बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। हालांकि, गिल ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने राहुल के साथ तीसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़ने के बाद सूर्यकुमार यादव (34 गेंदों में 26) के संग पांचवें विकेट के लिए45 रन की साझेदारी की। गिल ने जडेजा (12 गेंदों में 7) के साथ 31 और अक्षर पटेल (34 गेंदों में 42) के संग 39 रन की पार्टनरशिप की। गिल 44वें ओवर में आउट हुए। इसके बाद, अक्षर और शार्दुल ठाकुर (13 गेंदों में 11) ने आठवें विकेट के लिए 40 रन जोड़े। भारत को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 17 रन चाहिए थेलेकिन अक्षर और शार्दुल के 49वें ओवर में आउट होने से मैच हाथ से फिसल गया। भारत को 50वें ओवर में 12 रन की दरकार थी लेकिन मोहम्मद शमी सिर्फ एक चौका लगा सके। उनके रन आउट होते ही भारतीय पारी सिमट गई।

इससे पहले, बांग्लादेश ने टॉस गंवाने के बाद निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 265 रन जुटाए। बांग्लादेश के लिए कप्तान शाकिब अल हसन (80) ने सर्वाधिक रन बनाए। बांग्लादेश टीम की शुरुआत निराशाजनक रही। ओपनर तंजीद हसन (13) तीसरे और लिटन दास (0) चौथे ओवर में आउट हो गए। अनामुल हक (4) और मेहदी हसन मिराज (13) का बल्ला नहीं चला। बांग्लादेश ने 14 ओवर तक 59 रन जोड़े और 4 विकेट गंवा दिए। शाकिब और तौहीद ने पांचवें विकेट के लिए 101 रन की पार्टनरशिप कर टीम को 160 के पार पहुंचाया। शाकिब 34वें में पवेलियन लौटे। उन्होंने 85 गेंदों में 6 चौकों और 3 छक्कों की बदौलद 80 रन की पारी खेली। तौहीद ने 81 गेंदों में 5 चौकों और 2 सिक्स के जरिए 54 रन बनाए। वह 42वें ओवर में आउट हुए। नौवें नंबर पर उतरे नसुम अहमद ने 45 गेंदों में 44 रन जुटाए। मेहदी हसन 29 और तंजीम हसन साकिब 14 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से शार्दुल ठाकुर ने तीन और मोहम्मद शमी ने दो विकेट चटकाए। रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक-एक शिकार किया।

## मैं रोहित का काफी सम्मान करता हूं, वह किसी दबाव में नहीं आते : डीविलियर्स

चेन्नई, 15 सितंबर। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स ने रोहित शर्मा के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए कहा है कि भारतीय कप्तान एक 'योद्धा' की तरह है और 'कभी किसी तरह से पीछे नहीं हटते'। रोहित श्रीलंका में एशिया कप में भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। वह फिलहाल टूर्नामेंट के सर्वोच्च स्कोरर हैं। उन्होंने शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले चार पारियों में 64.66 के प्रभावशाली औसत और 108.98 के स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए हैं। इसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। डिविलियर्स ने अपने यूट्ययूब चैनल पर बताया कि कैसे रोहित ने वनडे में धीमी शुरुआत की लेकिन इस प्रारूप में सबसे तेज 10,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा, " रोहित ने जब 2000 रन पूरे किये थे तब वह इस मुकाम पर पहुंचने वाले चौथे सबसे धीमे खिलाड़ी थे। उन्होंने हालांकि जब 10,000 रनों का आंकड़ा छुआ तब वह इस कारनामे को करने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गये। उन्होंने इस प्रारूप में जबरदस्त वापसी की। मेरे मन में उनके लिए काफी सम्मान है।" दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा, "जब मैंने उन्हें पहली बार खेलते देखा था तभी मुझे पता चल गया था कि उनमें कुछ खास है। कम उम्र से ही उसमें संघर्ष करने का जज्बा है और यह बात मुझे काफी अच्छी लगी। वह किसी भी दबाव में झुकेगा नहीं।" रोहित एकदिवसीय में 10,000 रन पूरा करने वाले भारत के छठे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, महेंद्र सिंह धोनी और राहुल द्रविड़ ने इस कारनामे को किया है। वह पूर्व कप्तान और टीम के मौजूदा साथी कोहली के बाद ऐसा करने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं।

## भारत वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा, पाकिस्तान नंबर एक से खिसका

दुबई, 15 सितंबर। एशिया कप फाइनल में जगह बना चुकी भारतीय टीम आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है जबकि टूर्नामेंट से बाहर हुए पाकिस्तान ने शीर्ष रैंकिंग गंवा दी है। बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम सुपर फोर मुकाबले में आखिरी गेंद पर श्रीलंका से हार गई। लगातार दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने के साथ ही वह आईसीसी रैंकिंग में दो पायदान खिसककर तीसरे स्थान पर आ गई। भारत (116) से दो अंक ऊपर आस्ट्रेलिया अब शीर्ष पर है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला विश्व कप से पहले 22 सितंबर से शुरू होगी। दोनों की टक्कर विश्व कप में आठ अक्टूबर को चेन्नई में होगी। भारत और श्रीलंका रविवार को एशिया कप फाइनल खेलेंगे।

## डायमंड लीग फाइनल्स में खिताब का बचाव करने उतरेंगे नीरज चोपड़ा

यूजीन (अमेरिका), 15 सितंबर। विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक का भारतीय सुपरस्टार नीरज चोपड़ा अपने जाने पहचाने प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल्स में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेगा। पच्चीस वर्षीय एथलीट चोपड़ा पिछले साल ज्यूरिख में डायमंड लीग चैंपियन बने थे। उन्होंने इस सत्र में अभी तक अपना दबदबा बनाकर रखा है और वह डायमंड लीग फाइनल्स में भी इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अगर चोपड़ा फिर से ट्रॉफी जीतने में सफल रहते हैं तो उन्हें 30 हजार डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। वह डायमंड लीग ट्रॉफी का बचाव करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन जाएंगे। चेक गणराज्य के विटेज़स्लाव वेस्ली 2012 और 2013 में जबकि उनके हमवतन जैकब वाडलेज्च ने 2016 और 2017 में यह कारनामा किया था। वाडलेज्च अभी चोपड़ा के निकटतम प्रतिद्वंदी हैं। चोपड़ा इस साल बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने से पहले डायमंड लीग की दोहा और लुसाने में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज की थी। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर तक भाला फेंकना है। उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88.77 मीटर है जो इस साल विश्व सूची में दूसरे स्थान पर है। चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल्स में अपने खिताब का बचाव करने के अलावा पहली बार 90 मीटर की दूरी तक भाला फेंकने की भी कोशिश करेंगे। लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर और 3000 मीटर स्टीपलचेस के खिलाड़ी अविनाश साबले ने भी इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आगामी एशियाई खेलों पर ध्यान देने के लिए उन्होंने इससे हटने का फैसला किया।

## गॉल्टियर और विलस्ट्रॉप के साथ अभ्यास करने से वास्तव में फायदा मिलेगा : दीपिका

चेन्नई, 15 सितंबर। भारत की चोटी की स्क्वाश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल का मानना है कि एशियाई खेलों के लिए लगाए गए शिविर में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जेम्स विलस्ट्रॉप और पूर्व विश्व चैंपियन ग्रेगरी गॉल्टियर के साथ अभ्यास करने से टीम को वास्तव में बहुत ज्यादा फायदा मिलेगा। दीपिका यहां भारतीय स्क्वाश अकादमी में एशियाई खेलों की तैयारी कर रही है। एशियाई खेलों के लिए लगाए गए शिविर से इतर दीपिका ने पीटीआई से कहा, "उनके (गॉल्टियर और विलस्ट्रॉप) साथ हमने बहुत अच्छा सत्र बिताया। जेम्स उसी क्लब के लिए खेलते रहे हैं जिसके लिए मैं खेला करती थी। हम एक दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। उनका यहां होना और हमारे साथ अपने अनुभव साझा करना वाकई अच्छा है।" उन्होंने कहा,"ग्रेग और जेम्स को यहां बुलाना वास्तव में बहुत अच्छी पहल है।

## एशियाड के लिए छेत्री की अगुवाई वाली भारतीय टीम में संदेश झिंगन शामिल

नयी दिल्ली, 15 सितंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने शुक्रवार को कहा कि 'क्लब बनाम देश' के सवाल पर आम सहमति बनने के बाद सीनियर डिफेंडर संदेश झिंगन चीन के हांग्झोउ में आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे। उन्हें टीम के साथी झिंगन के अलावा चिंग्लेनसाना सिंह और लालचुंगनुंगा की सेवायें भी मिलेंगी क्योंकि एआईएफएफ ने इन दोनों को भी टीम में शामिल किया है। भारतीय मुख्य कोच इगोर स्टिमक इंडियन सुपर लीग क्लबों को राष्ट्रीय टीम के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने का अनुरोध करते रहे हैं। उन्होंने कहा, "यह अच्छी खबर है कि कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को एशियाई खेलों की टीम में शामिल कर लिया गया है जो निश्चित रूप से टीम के लिए मददगार साबित होगा।

उन्होंने कहा, "मैं एफएसडीएल और एआईएफएफ का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने यह सभंव कराया। एआईएफएफ ने प्रेस विज्ञिप्त में कहा कि नाओरेम महेश सिंह को टीम में शामिल करने पर फैसला करने से पहले उनका मेडिकल परीक्षण किया जायेगा। इस हफ्ते के शुरु में भारतीय टीम की एशियाड तैयारियों को बड़ा झटका लगा था क्योंकि आईएसएल के क्लब राष्ट्रीय टीम के कई मुख्य खिलाड़ियों को एशियाई खेलों के लिए रिलीज करने से इनकार कर रहे थे। पिछले महीने 22 खिलाड़ियों की टीम घोषित की गयी थी लेकिन 13 खिलाड़ियों को उनके क्लबों ने रिलीज ही नहीं किया था जिसमें झिंगन और गोलकीपर के रूप में पहली पसंद गुरप्रीत सिंह संधू भी शामिल थे। लेकिन एआईएफएफ इस मामले को निपटाने में सफल रहा।

**एशियाड के लिए भारतीय पुरुष टीम:** गोलकीपर: गुरमीत सिंह, धीरज सिंह मोइरांगथेम। **डिफेंडर:** सुमित राठी, नरेंद्र गहलोत, दीपक टांगरी, संदेश झिंगन, चिंग्लेनसाना सिंह, लालचुंगनुंगा। **मिडफील्डर:** अमरजीत सिंह कियाम, सैमुअल जेम्स लिंगदोह, राहुल केपी, अब्दुल रबीह, आयुष देव छेत्री, ब्राइस मिरांडा, अजफर नूरानी, विन्सी बरेतो। **फॉरवर्ड:** सुनील छेत्री, रहीम अली, रोहित दानू, गुरकीरत सिंह, अनिकेत जाधव। **मुख्य कोच:** इगोर स्टिमक।

## विश्व कप के शुरुआती मैचों के लिए नसीम की उपलब्धता पर संदेह

कोलंबो, 15 सितंबर। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भारत में आगामी विश्व कप के शुरुआती मैचों के लिए तेज गेंदबाज नसीम शाह के समय पर ठीक होने की संभावना पर संदेह जताया है। कप्तान ने हालांकि कहा कि उनके शीर्ष तेज गेंदबाज हारिस रऊफ मांसपेशियों की खिंचाव से 'अच्छे से उबर रहे है' और वह छह अक्टूबर को हैदराबाद में नीदरलैंड के खिलाफ टीम के विश्व कप के शुरुआती मैच के लिए फिट हो जाएंगे।

एशिया कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के सुपर फोर मुकाबले के दौरान यह दोनों तेज गेंदबाज चोटिल हो गये थे। गुरुवार को टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मैदान में उतरी थी तो ये दोनों खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में बैठे थे। पाकिस्तान कोलंबो में सुपर फोर चरण के इस मैच में श्रीलंका से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। नसीम को दांये कंधे में चोट लगी है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके रिहैबिलिटेशन को लेकर कोई आधिकारिक समयसीमा जारी नहीं की है जिसके कारण बाबर ने विश्व कप के शुरुआती मैचों में उनकी फिटनेस को लेकर अनिश्चितता व्यक्त की है।

बाबर ने श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद कहा, " इस बारे में मैं आपको बाद में बताउंगा। हारिस रऊफ की स्थिति उतनी बुरी नहीं है। उसके मांसपेशियों में खिंचाव है लेकिन वह विश्व कप से पहले इस चोट से उबर जायेगा।" उन्होंने कहा, " नसीम शाह भी चोट से उबर रहे है। वे कुछ मैचों के लिए उपलब्ध नहीं है। मुझे अभी चोट की गंभीरता और इससे उबरने की समयसीमा के बारे में पता नहीं है। नसीब विश्व के बाद के मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। देखते है क्या होता है।"

नसीम का चोट से पुराना नाता रहा है। वह जब 17 साल के थे तब भी पीठ की चोट के कारण 14 महीने तक खेल से दूर रहे थे। इस चोट से उबरने के बाद काउंटी टीम ग्लूस्टरशर के खिलाफ खेलते हुए वह दोबारा चोटिल हो गये थे। करियर की शुरुआत में नसीम को टेस्ट विशेषज्ञ गेंदबाज के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन जल्द ही उन्होंने खुद को तीनों प्रारूप में साबित किया और पाकिस्तान के मुख्य तेज गेंदबाज के तौर पर उभर गये। एकदिवसीय में उनके नाम 14 मैचों में महज 17 के औसत से 32 विकेट है। विश्व कप से पहले पाकिस्तान को अब न्यूजीलैंड (29 सितंबर) और ऑस्ट्रेलिया (तीन अक्टूबर) के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है।

## मलान के शतक से इंग्लैंड का मजबूत स्कोर

लंदन, 15 सितंबर। डेविड मलान के शतक की मदद से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे एवं अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां नौ विकेट पर 311 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। मलान ने 114 गेंदों पर 127 रन बनाए जिसमें 14 चौके और तीन छक्के शामिल हैं। उन्होंने बुधवार को तीसरे वनडे में भी 96 रन की पारी खेली थी लेकिन तब बेन स्टोक्स ने 182 रन बनाए थे जो इंग्लैंड के किसी भी खिलाड़ी का वनडे में सर्वोच्च स्कोर है। स्टोक्स को चौथे मैच में विश्राम दिया गया। मलान को छोड़कर इंग्लैंड का कोई भी अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। कप्तान जोस बटलर ने 31 गेंदों पर 36 रन का योगदान दिया जबकि जो रूट ने 29 और लियाम लिविंगस्टोन ने 28 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से स्पिनर रचिन रवींद्र सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 10 ओवर में 60 रन देकर चार विकेट लिए।

## बीएफआई ने पंघाल, सागर और रोहित को कारण बताओ नोटिस जारी किया

नयी दिल्ली, 15 सितंबर। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल और दो अन्य मुक्केबाजों को बिना मंजूरी लिये राष्ट्रीय शिविर छोड़ने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें चीन में एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर ट्रेनिंग के लिए रवाना होने से एक दिन पहले यह नोटिस जारी किया गया।

महासंघ के अनुसार पंघाल (51 किग्रा), राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर अहलावत (92 किग्रा) और राष्ट्रीय चैम्पियन रोहित मोर (57 किग्रा) अनुमति लिये बिना ही चार सितंबर को एनआईएस पटियाला में लगे शिविर को छोड़कर चले गये। ये मुक्केबाज एशियाड के लिए 'रिजर्व' सूची में शामिल हैं। चीन पहुंचे कुछ मुक्केबाजों ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया जबकि कुछ टिप्पणी के लिए उपलब्ध ही नहीं हो सके।

दिलचस्प बात है ये तीनों मुक्केबाज एशियाई खेलों के लिए चयन को लेकर बीएफआई के खिलाफ अदालत में पहुंचे थे और यह मुकदमा चल रहा है। बीएफआई ने एक बयान में कहा, "चार सितंबर 2023 को तीन मुक्केबाज (सागर, रोहित और पंघाल) कोच या मुख्य कोच या महासंघ से बिना किसी मंजूरी या अनुमति के राष्ट्रीय कोचिंग शिविर छोड़कर चले गये। "

महासंघ ने कहा, "यह बीएफआई के नियमों का घोर उल्लघंन है। साथ ही यह समय बहुत अहम है। ये मुक्केबाज ऐसे समय में गायब नहीं हो सकते जब नाडा/वाडा के नियमों के अंतर्गत उन्हें अपने रहने के ठिकाने की जानकारी महासंघ को देनी पड़ेगी क्योंकि ये तीनों आगामी एशियाड के लिए रिजर्व मुक्केबाज हैं। "

महासंघ ने इन तीनों से अनुशासनहीनता के लिए जवाब मांगा है। बीएफआई ने कहा, "प्रक्रिया के अनुसार तीनों को छह सितंबर 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया ताकि वे बता सकें कि उन्होंने इस तरह की अनुशासनहीना क्यों की और खिलाड़ियों की आचार संहिता का उल्लंघन क्यों किया।

## 'ग्रांप्री ऑफ इंडिया' मोटोजीपी स्पर्धा को एफआईएम से अंतिम स्वीकृति मिल

नयी दिल्ली, 15 सितंबर। ग्रेटर नोएडा में बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट (बीआईसी) रेस ट्रैक को 24 सितंबर को देश की पहली 'मोटोजीपी रेस – द ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया' की मेजबानी के लिए एफआईएम (दोपहिया वाहनों के अंतरराष्ट्रीय मोटरस्पोर्ट्स निकाय) से हर तरह की मंजूरी मिल गई है। इस स्थल ने 2011 से 2013 तक फार्मूला वन रेस की मेजबानी की थी और फार्मूला वन के बाद यह इस ट्रैक पर सबसे बड़ा मोटरस्पोर्ट्स कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के आयोजक फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स (मोटोजीपी भारत) के मुख्य विपणन अधिकारी रोहित शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि सभी औपचारिकताएं गुरुवार को पूरी हो गईं और लगभग 3,000 रेस मैनेजमेंट क्रू (रेस से जुड़े काम करने वाले लोग) कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए काम करेंगे। शर्मा ने कहा, "एफआईएम (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी मोटोसाइक्लिज्म) के अधिकारी कल यहां आये थे और उन्होंने ट्रैक को मंजूरी दे दी है। ट्रैक को मोटो रेस के मुताबिक ढालने का काम पूरा हो गया है।" उन्होंने कहा, " इस ट्रैक का निर्माण फार्मूला वन रेस को ध्यान में रख कर हुआ था और इसे मोटो रेस के मुताबिक ढालने के लिए काफी बदलाव करने पड़े।" उन्होंने कहा कि रेस के सबसे कम दाम के टिकट (800 रुपये) पूरी तरह से बिक गये हैं जबकि अन्य टिकट भी की बिक्री भी तेजी से हो रही है। उन्होने कहा, " 800 रूपये वाले टिकट पूरी तरह से बिक गये है। 2500 रुपये वाले टिकट भी खत्म होने के कगार पर है। पांच हजार और 20,000 रुपये के टिकट के आम तौर पर आखिरी 10 दिनों में बिकते हैं।" 'ग्रांप्री ऑफ इंडिया' का आयोजन 22 से 24 सितंबर तक होगा। इसमें मुख्य रेस 24 सितंबर को होगी।

## जोशना को एशियाई खेलों में अपनी जानकारी और अनुभव का इस्तेमाल करने की उम्मीद

चेन्नई, 15 सितंबर। जोशना चिनप्पा को लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में महाद्वीप में स्क्वाश के स्तर में सुधार हुआ है और उन्हें आगामी एशियाई खेलों में अपने विरोधियों को हराने के लिए अपने ज्ञान और अनुभव का फायदा उठाने की उम्मीद है। पिछले खेलों में महिला एकल में कांस्य और टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली 36 वर्षीय जोशना 23 सितंबर को हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में केवल व्यक्तिगत प्रतियोगिता में भाग लेंगी। आठ बार की विश्व चैंपियन मलेशिया की निकोल डेविड के अब प्रतिस्पर्धा नहीं करने के बावजूद जोशना को लगता है कि खेल आसान नहीं होंगे।

जोशना ने यहां इंडियन स्क्वाश अकादमी में मीडिया से बात करते हुए कहा, "निकोल ने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा। लेकिन एशियाई स्क्वाश की गुणवत्ता पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है और यह पहले दौर से ही कठिन होने जा रहा है। आप किसी को भी हल्के में नहीं ले सकते।" उन्होंने कहा, "जाहिर तौर पर इस स्तर पर खेलना आसान नहीं है। लेकिन मेरे पास भी काफी ज्ञान और अनुभव है और उम्मीद है कि मैं खेलों में उस पर भरोसा कर सकती हूं।" जोशना ने कहा, "इस स्तर पर, मैं किसी से भी खेलने के लिए तैयार हूं, क्योंकि इस स्तर पर आपको किसी से भी भिड़ने के लिए तैयार रहना होगा।"

## मोरक्को के खिलाफ डेविस कप में भारत का पलड़ा भारी, बोपन्ना की होगी विदाई

लखनऊ, 15 सितंबर। मोरक्को के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप दो का मुकाबला भारत के लिये मुश्किल नहीं होगा लेकिन यह खास इसलिये है क्योंकि करीब 21 साल बाद रोहन बोपन्ना के डेविस कप कैरियर पर विराम लगने जा रहा है।

पिछले कुछ साल में एटीपी सर्किट पर बड़े खिलाड़ियों को चुनौती देने वाले एकल खिलाड़ियों के अभाव और जीते जा सकने वाले मैचों में मिली हार से भारतीय डेविस कप टीम का प्रदर्शन काफी प्रभावित हुआ है। फरवरी में टीम विश्व ग्रुप दो में खिसक गई जो अब तक नहीं हुआ था। नया प्रारूप 2019 में लांच होने के बाद से यह पहली बार है कि भारतीय टीम इस स्तर पर गिरी है।

भारत पिछली बार मार्च में डेविस कप मुकाबले में डेनमार्क से 2 . 3 से हार गया था। इस सत्र में भारतीय टेनिस ने कोई यादगार पल नहीं देखे लेकिन पिछले सप्ताह बोपन्ना अमेरिकी ओपन पुरूष युगल के फाइनल में पहुंचे। युकी भांबरी ने एकल खेलना छोड़ दिया है जबकि रामकुमार रामनाथन शीर्ष 550 से भी बाहर हो गए हैं। इस सत्र में अलग अलग टूर्नामेंटों में रामनाथन 17 बार पहले दौर से बाहर हो गए। यही वजह है कि कप्तान रोहित राजपाल ने उन्हें टीम में नहीं लिया हालांकि वह अभ्यास में मदद के लिये टीम का हिस्सा हैं।

बोपन्ना 43 वर्ष की उम्र में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके स्ट्रोक्स में अभी भी धार है और वह जबर्दस्त विनर लगा रहे हैं। उनकी इच्छा को देखते हुए विदाई मैच उनके शहर बेंगलुरू में खेला जाता तो बेहतर रहता। लखनऊ में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1300 है लेकिन बेंगलुरू में 6500 दर्शक बैठ सकते हैं।

वर्ष 2002 में पदार्पण के बाद से अब तक खेले गए 32 मैचों में से बोपन्ना ने 22 मैच जीते हैं जिनमें दस एकल हैं। एआईटीए ने बृहस्पतिवार की रात को बोपन्ना का एक विशेष समारोह में अभिनंदन किया। उनके कई दोस्त और परिजन इस मैच को देखने के लिये पहुंचे हैं। भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल फॉर्म में हैं। वह आस्ट्रिया में चैलेंजर टूर्नामेंट फाइनल खेलकर आये हैं जो इस सत्र में उनका तीसरा फाइनल था।

शशि मुकुंद भारत के लिये पदार्पण करेंगे। उन्हें 2019 में भी पाकिस्तान के खिलाफ टीम में जगह दी गई थी लेकिन चोट के कारण उन्होंने नाम वापिस ले लिया था। दिग्विजय प्रताप सिंह भी टीम में है जिन्हें औपचारिकता के मैच में उतारा जा सकता है।

मोरक्को की टीम में एक ही खिलाड़ी एलियोट बेनचेट्रिट से भारत को चुनौती मिल सकती है। उन्होंने शीर्ष सौ में शामिल खिलाड़ियों को हराया है और ग्रैंडस्लैम भी खेल चुके हैं। मोरक्को के दूसरे एकल खिलाड़ी 20 वर्ष के यासिन डी हैं जो रैंकिंग में 557वें स्थान पर हैं। एडम मूंडिर 779वें स्थान पर हैं जबकि वालिद अहूडा और यूनिस लालामी तो शीर्ष 1000 में भी नहीं हैं।

## रणतुंगा ने आईसीसी को आड़े हाथों लिया, विश्व संस्था को 'अधिकार विहीन' करार दिया

कोलंबो, 15 सितंबर। श्रीलंका के पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को आड़े हाथों लेते हुए विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था को ' अधिकार विहीन' करार दिया जो सभी प्रमुख फैसले करने का अधिकार एक देश को देने के लिए तैयार है। रणतुंगा ने व्यंगात्मक लहजे में कहा," आईसीसी अधिकार विहीन संस्था है। वह बेहद गैर पेशेवर तरीके से काम करती है। मेरा मानना है कि वह एक ऐसी संस्था है जिसको क्रिकेट का बचाव करना चाहिए। क्रिकेट पर आईसीसी का नियंत्रण होना चाहिए किसी एक देश का नहीं।"

उन्होंने यहां चुनिंदा संवाददाताओं से बातचीत के दौरान सवाल उठाने के लहजे में कहा, "आप एशिया कप लें। टूर्नामेंट से पहले आपके पास नियम हैं, लेकिन उस एक मैच (भारत बनाम पाकिस्तान) से पहले, उन्होंने नियम बदल दिए। एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) कहां है? आईसीसी कहां है?"

उन्होंने कहा, "मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर वे भारत-पाकिस्तान मैच (विश्व कप में) से पहले नियम बदल दें। आईसीसी अपना मुंह बंद रखेगी और कहेगी 'ठीक है, ऐसा करो'। आईसीसी सिर्फ बकवास करती है, उसके बस में कुछ नहीं है।"

एशिया कप में किसी मैच के लिए रिजर्व दिन नहीं था लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में खेले गये सुपर फोर चरण के मैच के लिए रिजर्व दिन का प्रावधान जोड़ दिया गया था। इस मैच का नतीजा भी रिजर्व दिन पर निकला था। सिर्फ एक मैच के लिए रिजर्व दिन रखने के फैसले ने कई लोगों को निराश किया। रणतुंगा ने कहा कि किसी टूर्नामेंट के नियमों को एक या दो टीमों के अनुरूप बदलने से खेल खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने इस मुद्दे पर चुप्पी साधने के लिए आईसीसी और एसीसी की आलोचना की।

विश्व कप विजेता कप्तान ने गुस्से में कहा, "जब आपके पास कोई टूर्नामेंट होता है, जहां आप एक टीम के लिए नियम बदलते हैं तो मैं बहुत सहज नहीं रहता हूं। इससे भविष्य में काफी नुकसान होगा।" उन्होंने कहा, "मुझे आईसीसी और एसीसी के लिए बहुत दुख हो रहा है क्योंकि वे (अधिकारी) सिर्फ पद पर बने रहना चाहते हैं। पूर्व क्रिकेटर भी इस मुद्दे पर कुछ बोलने से बचते हैं क्योंकि इससे उनकी कमाई पर असर पड़ेगा।"


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8943441 एवं 9293768 | गृह फायनेन्स एचएल एवं गृह फायनेन्स एलएपी | 1. गायत्री देवी 2. विष्णु कुमार शर्मा | 23.08.2023 | 12,98,414.59/- | प्लाट नं. ए-35, क्षेत्रफल 92.75 वर्ग गज, स्कीम व्यास, कालोनी, जयपुर, राजस्थान-302016 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व- अन्य, पश्चिम-रास्ता, उत्तर-अन्य, दक्षिण-अन्य |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-

दिनांक- 16.09.2023
स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

# पहले वैगनर ग्रुप के चीफ की मौत हुई अब इसे आतंकी संगठन घोषित किया रूस ने

## राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ विद्रोह खड़ा करने वाले येवेगिनी प्रिगोझिन की कुछ दिनों पहले एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी

- **प्लेन क्रैश के पीछे भी राष्ट्रपति पुतिन का ही हाथ बताया जा रहा है। जैसा कि विदित है कि, वैगनर ग्रुप कभी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बेहद करीबी था। यूक्रेन के खिलाफ रूस की लड़ाई में यह प्राइवेट आर्मी शुरुआत से पुतिन के साथ थी।**
- **करीब चार-पांच माह पहले वैगनर ग्रुप ने प्रिगोझिन के निर्देश पर राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ विद्रोह छेड़ दिया था तथा पुतिन के आवास की तरफ बढ़ना शुरु कर दिया था, तभी से पुतिन और प्रिगोझिन के बीच रिश्ते खराब हो गये थे।**

मॉस्को, 15 सितम्बर। रूस के वैगनर ग्रुप को ब्रिटेन ने आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। गौरतलब है कि, कुछ दिनों पहले एक प्लेन क्रैश में वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवेगनी प्रिगोझिन की मौत हो गई थी।

जैसा कि विदित है कि, वैगनर ग्रुप कभी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बेहद करीबी था। यूक्रेन के खिलाफ रूस की लड़ाई में यह प्राइवेट आर्मी उसके साथ थी। जनवरी में इस ग्रुप के मुखिया येवेगनी प्रिगोझिन ने यूक्रेन में डोनेट्स्क क्षेत्र के नमक-सोलेडर शहर पर कब्जा करने का पूरा श्रेय लिया। लेकिन यूक्रेन में उसके मुखिया येवेगनी प्रिगोझिन ने बगावत कर दी थी। हालांकि जल्द ही फिर वह रूस के सामने झुक गए थे और माफी मांग ली थी। माना जा रहा था कि इसके बाद वैगनर ग्रुप की बगावत को माफी मिल जाएगी। लेकिन कुछ ही दिनों के बाद प्रिगोझिन की क्रैश में मौत हो गई थी।

पी.एम.सी. वैगनर कहा जाने वाला यह ग्रुप एक रूसी अर्धसैनिक संगठन है। यह एक प्राइवेट मिलिट्री कंपनी है, जिसमें भाड़े के सैनिक हैं। इस पर रूस का कोई कानून लागू नहीं होता। शुरू में यह संगठन छिपे तौर पर ही थी, लेकिन पहली बार साल 2014 में यह सुर्खियों में आया। तब 2014 में पूर्वी यूक्रेन में संघर्ष के दौरान इसका नाम आया था। यह प्राइवेट मिलिट्री संगठन यूक्रेन अभियान का एक अहम हिस्सा था। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पूर्वी यूक्रेन में स्थित बखमुत शहर पर रूस के कब्जे में भी वैगनर का रोल काफी अहम रहा। इस ग्रुप में सैनिकों की संख्या कितनी है, इसको लेकर अलग-अलग दावे हैं। वैगनर ग्रुप का नाम उसके पहले कमांडर, दिमित्री उत्किन के नाम पर पड़ा। रूस की सेना के विशेष बलों के रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल दिमित्री का निकनेम वैगनर था।

वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन की तो इसका जन्म साल 1961 में लेनिनग्राड में हुआ था। इस शहर को अब सेंट पीट्सबर्ग के नाम से जाना जाता है। 1981 में येवगेनी को 13 साल की सजा सुनाई गई थी। उस पर मारपीट, डकैती और धोखाधड़ी का दोष लगे थे। बाद में सोवियत यूनियन के पतन के बाद येवगेनी को 9 साल की सजा के बाद ही रिहा कर दिया गया था। जेल से बाहर आने के बाद पहले येवगेनी ने हॉट डॉग का स्टॉल लगाया। इसके बाद रेस्टोरेंट खोल दिया। यहां से उसे मशहूरी मिली और रूस के राष्ट्रपति उसके यहां खाना खाने जाने लगे। यहां प्रिगोझिन की करीबी पुतिन से हुई और उसने अपना बिजनेस और बढ़ाया। इसके बाद प्रिगोझिन ने ही रूसी सेना के समर्थन से एक प्राइवेट आर्मी बनाई, जिसे वैगनर ग्रुप का नाम दिया गया। उसने इस प्राइवेट आर्मी में रिटायर्ड सेना के अधिकारी, जवानों को शामिल किया गया।

दरअसल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के दौरान वैगनर ग्रुप के चीफ ने कई बार रुसी रक्षा मंत्रालय पर हथियारों की पर्याप्त सप्लाई नहीं करने का आरोप लगाया है।

प्रिगोझिन ने खुले आम रूसी नेत रुसी लीडरशिप पर भी सवाल उठाए। पर इसके बावजूद वैगनर ग्रुप रूस की तरफ से यूक्रेन के खिलाफ लड़ता रहा। बगावत से कुछ वक्त पहले ही वैगनर ग्रुप की एक टुकड़ी और कैम्पों पर मिसाइल से हमला हुआ। इसके लिए भी प्रिगोझिन ने रूसी रक्षा मंत्रालय को ही जिम्मेदार ठहराया। इन्हीं सारी वजहों को आधार बनाकर वैगनर ग्रुप ने बगावत की थी।

## ''फ्री स्मार्टफोन'' फटा

- **अजमेर के कोटड़ा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के तहत मिला मोबाइल फोन अलमारी में रखे रखे ही ब्लास्ट हो गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।**

अजमेर, 15 सितम्बर (निस)। अजमेर के कोटड़ा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के तहत मिले मोबाइल फोन में ब्लास्ट हो गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। अलमारी में रखे फोन में ब्लास्ट होने से 21 हजार रुपए, कपड़े और दस्तावेज जल गये। लाभार्थी महिला ने मोबाइल की क्वालिटी पर सवाल खड़े किए हैं।

वहीं जानकारों को कहना है कि, अधिक चार्ज करने से या बैटरी फूल जाने से मोबाइल में ब्लास्ट हो जाता है।

वाल्मीकि कॉलोनी कोटड़ निवासी अनु देवी ने बताया कि, मैं घरों में खाना बनाने का काम करती हूं। सुबह काम पर गई थी। 15 वर्षीय बेटा अनुराग घर पर था। करीब 10 बजे अनुराग का फोन आया। उसने कहा कि, मां अलमारी से धुआं निकल रहा है, मैं घबरा गई। भागती हुई घर पहुंची और अलमारी को खोलकर देखा तो स्मार्टफोन में ब्लास्ट हो चुका था। अलमारी में धुआं भरा हुआ था। मोबाइल के साथ रखा चार्जर भी जल गया था।

# भाजपा सांसद ने विकास की बात पूछने पर ग्रामीण को कई थप्पड़ जड़े

## यू.पी. के बरेली में हुई इस घटना के बाद ग्रामीणों ने सांसद की कार को घेर लिया और सांसद को वहां से घंटों तक जाने नहीं दिया

लखनऊ, 15 सितम्बर। यू.पी. के बरेली जिले में भाजपा सांसद से विकास कार्यों को लेकर सवाल करना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। आरोप है कि सांसद ने ग्रामीण को थप्पड़ जड़ दिया। ग्रामीण को थप्पड़ जड़ने की खबर से खासा हंगामा हो गया। ग्रामीणों ने सांसद की गाड़ी को रास्ते में घेर लिया। काफी देर तक सांसद गाड़ी में ही बैठे रहे लेकिन उन्हें जानें नहीं दिया गया। सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह सांसद की गाड़ी को आगे निकाला। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि सांसद ने थप्पड़ मारने की बात से इनकार किया है।

शुक्रवार को आंवला विधानसभा क्षेत्र के गांव अन्तपुर में ग्राम पंचायत सचिवालय पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन था। जिसमें आंवला सांसद धर्मेन्द्र कश्यप ने ग्रामीणों से एक कलश में मिट्टी एकत्र की। इस दौरान पूर्व प्रधान तालेवार सिंह के पुत्र अमन, राहुल सिंह, विपिन ने सांसद के सामने गांव में गंदगी फैले होने और सफाई नहीं किए जाने की बात कही। जिस पर सांसद ने कहा कि वह 25 युवकों का ग्रुप बना लें और उन्हें भी फोन कर लें तो सभी गांव स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करेंगे। इससे लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता पैदा होगी और गांव की सफाई भी हो जाएगी। तब युवकों ने ग्राम सांसद निधि से सड़क न बनवाने का आरोप लगाया, तो सांसद ने समझाते हुए कहा कि लोकसभा क्षेत्र बढ़ा है और उन्होंने विकास कार्य कराए हैं।

इस पर युवकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं तथा सांसद की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों ने तीनों युवकों को कार्यक्रम से बाहर निकाल दिया। युवकों ने सांसद पर थप्पड़ मारने का आरोप लगा दिया। बाहर आकर एक युवक नारेबाजी करने लगा। सांसद के जाने के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने लगा जिसमें सांसद की गाड़ी जा रही है। लोग कह रहे है कि आखिर सांसद ने थप्पड़ क्यों मारा? तीनों युवकों ने लिखित और मौखिक रूप से थप्पड़ मारे जाने की कोई शिकायत नहीं की है।

भाजपा के मझगवां मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम विकास को लेकर सांसद से बहस हुई थी।

बाद में युवकों के परिजन सांसद के महोलिया स्थित आवास पर आए और वहां सांसद को बुलाकर तीनों युवकों तथा उनके परिजनों ने सांसद से माफी मांग कर मामला दफा-दफा करवा दिया। सांसद मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप ने बताया कि सड़क नहीं बनने को लेकर सांसद से कहासुनी हुई, तो पूर्व प्रधान के लड़के गाली-गलौज पर उतर आए। बाद में समझौता हो गया, थप्पड़ मारने की बात पूर्णतया गलत है।

आंवला सांसद धर्मेन्द्र कश्यप ने बताया, मैं अपने साथियों के साथ अंतपुर गांव में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में हिस्सा लेने गया था। पंचायत भवन में बैठक की। मीटिंग के दौरान गांव में साफ-सफाई को लेकर पूर्व प्रधान के दो बेटों की मौजूदा प्रधान से कहासुनी हो गई। समझाने की कोशिश की। पूर्व प्रधान के बेटे नहीं माने। प्रधान ने पुलिस को फोन करके बुला लिया। बाद में पूर्व प्रधान ने अपने बेटों के साथ प्रधान पक्ष से माफी मांग ली है। मामला रफा दफा करा दिया गया है। मैंने किसी को थप्पड़ नहीं मारा।

# सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सप्लायर से 5.3 किलो सोना बरामद

- **ई.डी. की टीमों ने हाल ही में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में ढाई करोड़ रू. व सोने की ईट मिलने के मामले में आरोपियों के करीब 17 ठिकानों पर छापे मारे थे।**
- **ई.डी. ने कई डिज़िटल साक्ष्य और आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए हैं।**

जयपुर, 15 सितम्बर। राजधानी के अशोक नगर में सचिवालय के पास योजना भवन स्थित डी.ओ.आई.टी.एण्ड सी. (डिपार्टमैंट ऑफ इन्फॉर्मेशन टैक्नॉलजी एण्ड कम्युनिकेशन) के कार्यालय में पिछले दिनों मिले ढाई करोड़ रुपए व सोने की ईंट के मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने और खुलासा किया है। ई.डी. की टीमों ने हाल ही में इस मामले में आरोपियों के करीब 17 ठिकानों पर सर्च अभियान चलाया था। इस दौरान डी.ओ.आई.टी. एण्ड सी. से जुड़ी विभिन्न फर्म और कंपनियों के आवास, कार्यालय और लॉकरों की जांच की गई। ई.डी. ने डी.ओ.आई.टी. एण्ड सी. में सप्लाई का ठेका लेने वाली एक फर्म के मालिक के यहां से 5.3 किलो सोना बरामद किया, जिसकी कीमत 3.21 करोड़ रुपए आंकी गई है। ई.डी. की टीम ने कई डिजिटल साक्ष्य और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। अब ऐसी ही अन्य कम्पनियां और संदिग्ध अधिकारी ई.डी. के रडार पर हैं।

ई.डी. ने इस मामले में दस अगस्त को जांच शुरू की थी। डी.ओ.आई.टी. एण्ड सी. के संयुक्त निदेशक वेद प्रकाश यादव को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके जयपुर के मुरलीपुरा और यूपी के आजमगढ़ स्थित दो ठिकानों पर छापा मारा था। ई.डी. ने वेद प्रकाश को चार दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसमें उसकी नजदीकी के जो नाम सामने आए थे उनसे पड़ताल कर रही है। इसी के तहत एक कम्पनी के ठिकाने से यह सोना बरामद किया गया है।

गौरतलब है कि, इससे पहले डी.ओ.आई.टी. एण्ड सी. कार्यालय में 20 मई को 2.31 करोड़ रुपए व एक किलो सोना मिला था। इस मामले में ए.सी.बी. ने जांच कर अदालत में यादव के खिलाफ 18 जुलाई को चालान पेश किया था। हालांकि ए.सी.बी. यादव से कुछ उगलवा नहीं पाई।

## एडिटर्स गिल्ड...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

खिलाफ विभिन्न ग्रुपों में शत्रुता को कथित रूप से बढ़ाये जाने को मणिपुर में दो एफ.आई.आर. दर्ज हुई थी।

शीर्ष अदालत ने 11 सितम्बर को ई.जी.आई. तथा इसके सदस्यों को अवपीड़क कार्यवाही से शुक्रवार तक के लिए संरक्षण प्रदान किया था।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चन्द्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा ने ई.जी.आई. तथा इसके चार सदस्यों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराने वाले व्यक्ति से इस बात का जवाब माँगा है कि वे इस निष्कर्ष पर कैसे पहुँचे कि इन चार लोगों ने विभिन्न नृजानीय ग्रुपों के बीच शत्रुता बढ़ाने का अपराध किया है।मणिपुर सरकार, जिसकी पैरवी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कर रहे हैं, ने कहा कि शीर्ष अदालत ई.जी.आई. तथा उसके सदस्यों को कुछ और समय तक के लिए संरक्षण प्रदान कर सकती है तथा बैंच चाहे तो यह मुकदमा दिल्ली उच्च न्यायलय में स्थान्तरित किया जा सकता है।

# ई.डी. ने आर.पी.एस.सी. सदस्य कटारा और दलाल को गिरफ्तार किया

## पेपर लीक प्रकरण में ई.डी. ने यह गिरफ्तारी की है

- **कटारा एवं दलाल शेर सिंह मीणा को ई.डी. ने जयपुर से गिरफ्तार किया।**
- **कोर्ट ने इन पर तीन दिन का रिमांड मंजूर किया है।**

जयपुर 15 सितंबर (का.प्र.)। पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट /ई.डी) ने शुक्रवार को आर.पी.एस.सी. के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा और दलाल शेर सिंह मीणा उर्फ अनिल मीणा को जयपुर से गिरफ्तार किया। ई डी ने दोनों को कोर्ट मे पेश कर तीन दिन की रिमांड पर लिया है।

पेपर लीक मामले में ए.सी.बी. में केस दर्ज होने के बाद ई.डी. एक्टिव हो गई। ई.डी. ने कई बार जयपुर सेंट्रल जेल में जाकर बाबूलाल कटारा से पेपर लीक मामले में पूछताछ की। यहां तक कि, आर.पी.एस.सी. के अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय समेत कई अधिकारियों से भी सवाल किए गए।

अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार किए गए कटारा को लेकर वे आर.पी.एस.सी. भी जा सकते हैं। कटारा को सबसे पहले ए.सी.बी. ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद जेल भेज दिया गया था। कुछ समय पहले ही कटारा जमानत पर जेल से बाहर आया था। ई.डी. ने आर.पी.एस.सी. अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय से भी इस संबंध में पूछताछ की थी। उनसे सवाल किए गए छे कि, आखिर किस प्रकार से पेपर लीक हुए? पेपर लीक होने के क्या कारण रहे? पेपर सेट करना किन-किन लोगों की जिम्मेदारी में तय होता था? इसके बाद ई.डी. ने जेल में बाबूलाल कटारा और अनिल सहित पूर्व में गिरफ्तार किए गए कई आरोपियों से पूछताछ की। ई.डी. को कटारा के खिलाफ कई सबूत मिले थे।

## बघेल से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

साल बाद रोटेशन पद्धति में उनके मुख्यमंत्री बनने से रोड़ा अटकाया था। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्यस्थता कर सिंहदेव को उपमुख्यमंत्री बनाकर शांति करवाई। लेकिन इसके वांछित परिणाम नहीं निकले लगते है। और अब राज्य के कांटे के विधानसभा चुनाव से पहले सिंहदेव द्वारा प्रधानमंत्री की प्रशंसा करने से कांग्रेस को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है। आज प्रधानमंत्री की मौजूदगी में बोलते हुए सिंहदेव ने कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि उन्हें छत्तीसगढ़ की धरती पर प्रधानमंत्री का स्वागत करने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन से राज्य के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और भविष्य में भी हम शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के लिए मिलकर काम करेंगे।

## भाजपा नेताओं के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

''सनातन (धर्म) का विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि मलेरिया, डेंगू और मच्छरों की तरह इसका सफाया करना चाहिए।

द्रमुक के नेता ए. राजा ने भी कहा कि सनातन धर्म की तुलना एड्स एवं कुष्ठ जैसी बीमारियों से करनी चाहिए जिन पर सामाजिक दाग लगा हुआ है।

कांग्रेस ने कहा है कि वह उदयनिधि स्टालिन और ए.राजा के बयानों से सहमत नहीं है और वह सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा कि उनके पुत्र ने सनातन द्वारा प्रचारित अमानवीय सिद्धांतों का विरोध किया था जो अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के विरूद्ध भेदभाव करते हैं और उदयनिधि का इरादा किसी धर्म या धार्मिक आस्थाओं का विरोध करना नहीं था।

मोदी और निर्मला दोनों ने ही हिन्दुत्व शब्द का उल्लेख नहीं किया, जिसका वह आरंभ से प्रयोग करती आ रही है और कभी सनातन का उपयोग नहीं किया। आर.एस.एस. ने शुरु से ही हिन्दुत्व पर जोर दिया और सनातन को वह कमज़ोरों का धर्म समझती है।

सूत्रों ने कहा कि रणनीति में परिवर्तन इसलिए हुआ क्योंकि सनातन या हिन्दू की स्वीकार्यता हिन्दुत्व से ज्यादा है और चूँकि उदयनिधि ने सनातन धर्म शब्द का उपयोग किया इसलिए भाजपा को हिन्दुत्व की बजाय इसके उपयोग में जनता का मन जीतने का मौका दिखा।

आगामी सप्ताहों और माहों में आम चुनाव होने तक मोदी सरकार के मंत्री इंडिया गठबंधन पर हमला बोलने के लिए उसे सनातन विरोधी प्रचारित करेंगे। बहुत सी विपक्षी पार्टियां सनातन को मानती हैं लेकिन वे भाजपा-आर.एस.एस. के हिन्दुत्व के खिलाफ हैं।

# दूध के पैसे मांगने पर दो पक्षों में विवाद, गोलियां चलीं, 3 की मौत

पटना, 15 सितम्बर। बिहार की राजधानी पटना के फतुहा थानाक्षेत्र के सुरगा पर गांव में बीती दूध के बकाया पैसे मांगने के मामूली से विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर गोलीबारी हो गई। गोलीबारी की घटना में गोली लगने से तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गोलीबारी के बाद आनन फानन में गंभीर रूप से घायल सभी लोगों को इलाज के लिए फतुहा पी.एच.सी. में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया।

बताया जाता है कि दूध का बकाया राशि मांगने को लेकर दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें गोली लगने से एक पक्ष के जय सिंह और शैलेश कुमार की मौत हो गई। वहीं गोलीबारी में दूसरे पक्ष के प्रदीप कुमार की गोली लगने से मौत हो गई, वहीं मिंटूस कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया यह भी जाता है की गांव के जय सिंह का प्रदीप कुमार के साथ जमीन का विवाद भी चल रहा था, और जमीनी विवाद के क्रम में ही दोनों पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए,और देखते ही देखते मारपीट और गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें गोली लगने से तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं गंभीर रूप से घायल एक युवक को प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज को लेकर पी.एम.सी.एच. रेफर कर दिया। गोलीबारी में तीन लोगों की मौत की सूचना मिलते ही फतुहा डी.एस.पी. समेत विभिन्न थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंची।

# मोदी के जन्मदिन को बेहद खास अंदाज में मनायेगी भाजपा

- **कार्यकर्ता एवं नेता विभिन्न हिस्सों, मंदिरों इत्यादि में केन्द्रीय योजनाओं के लाभार्थियों को इकट्ठा करेंगे तथा प्र.मंत्री मोदी की लम्बी उम्र के लिए प्रार्थनायें होंगी।**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन, 17 सितंबर को इस बार विश्वकर्मा जयंती भी है, इस मौके पर कारीगरों और शिल्पकारों और पारंपरिक कौशल में लगे लोगों की मदद के लिए प्रधानमंत्री एक नई योजना, ''पी.एम. विश्वकर्मा'' का शुभारंभ करेंगे।**

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। भाजपा रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए खास आयोजन करने वाली है। इसके लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को इकट्ठा करने की योजना बनाई जा रही है। भाजपा के कार्यालय सचिव शिव शक्ति नाथ बख्शी ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, पी.एम. स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि और आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी घरों और मंदिरों में 25 से 50 के समूहों में इकट्ठा होंगे। इस दौरान यह लोग प्रधानमंत्री की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करेंगे। बख्शी ने कहा कि कृपया यह सुनिश्चित करें कि सभी सांसद इन कार्यक्रमों का आयोजन करें और उनमें भाग लें। हमें हर शक्ति केंद्र में कम से कम एक कार्यक्रम का लक्ष्य रखना चाहिए।

केंद्र सरकार ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। केंद्र सरकार 2014 के बाद से शुरू की गई स्वास्थ्य योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए आयुष्मान भव कार्यक्रम भी शुरू करेगी। इसमें प्रमुख आयुष्मान भारत योजना भी शामिल है जो आर्थिक रूप से हाशिए पर रहने वालों के लिए सब्सिडी वाली स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कारीगरों और शिल्पकारों और पारंपरिक कौशल में लगे लोगों की मदद के लिए एक नई योजना 'पी.एम. विश्वकर्मा' का शुभारंभ करेंगे।

सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, योजना के तहत, लक्षित लाभार्थियों को पी.एम. विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आई.डी. कार्ड के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। इसके तहत बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण से जुड़े कौशल उन्नयन, 15,000 रुपये का टूलकिट प्रोत्साहन, लाख रुपये तक संपार्श्विक-मुक्त क्रेडिट सहायता (पहली किस्त) और पांच प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये (दूसरी किस्त) और डिजिटल लेन-देन और विपणन सहायता के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इस योजना की घोषणा सबसे पहले प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर की थी। इस बीच, पार्टी सेवा पखवाड़े का आयोजन भी करेगी, जो एक पखवाड़े तक चलने वाला कार्यक्रम है जिसमें राज्य स्तर पर आउटरीच कार्यक्रम शामिल होंगे।

## 'कांग्रेस पांचों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से ही लम्बित है। हम महिला-आरक्षण के पक्षधर है, इसमें कोई विवाद नहीं है। जहाँ तक राहुल गांधी का संबंध है, हमें तेलंगाना के मुख्यमंत्री की पुत्री कविता जी के किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है।''

एक अन्य प्रश्न के जवाब में, उन्होंने संसदीय लोकतंत्र में किसी प्रकार की पारदर्शिता न रखने के लिये तथा विशेष सत्र के दो दिन पहले तक उसके एजेंडा की जानकारी नहीं दिया जाने के लिये सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''साफ बात यह है कि हमें मालूम ही नहीं कि हम पर थोपे जाने वाला ऐसा क्या अतिरिक्त एजेंडा है। सत्तारूढ़ दल तथा सरकार के ऐसे छिपे एजेंडा ला रही है ताकि लोकतंत्र को कमज़ोर किया जा सके। जो कुछ सामने आयेगा, हम उसका सामना करेंगे।

वेणुगोपाल ने विधानसभा चुनावों में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.सी.आर. के साथ हमारा किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है क्योंकि हमारा पिछला अनुभव यह कह रहा है कि के.सी.आर. और भाजपा एक ही सिक्क के दो पहलू हैं।

जब काला कृषि कानून आया था, उस समय के.सी.आर. की पार्टी ने उस कानून का समर्थन किया था। जब-जब भी संसद में अलोकतांत्रिक किस्म के कानून बने है, के.सी.आर. की ''भारत राष्ट्र समिति'' (बी.आर.एस.) ने उनका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी से किसी प्रकार का कोई संबंध कैसे रख सकती है।

# कोविड से कहीं ज्यादा खतरनाक है नीपाह वायरस, डैथ रेश्यो 40 से 70 प्रतिशत

## केरल में संक्रमित पाये गये 10 में से छः लोगों की मौत हो चुकी है

- **केंद्र सरकार ने कुछ आंकड़े जारी किए हैं, जो काफी डराने वाले हैं। आई.सी.एम.आर. के डी.जी. राजीव बहल ने बताया है कि, नीपाह में संक्रमित लोगों की मृत्यु दर बहुत अधिक (40 से 70 प्रतिशत के बीच) है, जबकि कोविड के मामले में मृत्यु दर 2-3 प्रतिशत थी।**

तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली, 15 सितम्बर। केरल में नीपाह वायरस संक्रमण बेकाबू होता नजर आ रहा है। यहां कोझिकोड जिले में एक 39 वर्षीय शख्स मिला है जो इस बीमारी के संक्रमण का शिकार हो गया है। इस व्यक्ति ने एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज की मांग की थी, जहां पूर्व में निपाह वायरस से प्रभावित लोगों का पहले अन्य बीमारियों के लिए इलाज किया गया था। इसके साथ ही केरल में निपाह के कुल मामले बढ़कर छः हो गए हैं। जानवरों से मनुष्यों में प्रजातियों के बीच फैलने वाले जूनोटिक वायरस ने इस साल केरल में पहले ही दो लोगों की जान ले ली है। 2018 के बाद से यह बीमारी चौथी बार इस प्रदेश में फैली है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के ऑफिस ने इस 39 वर्षीय शख्स के निपाह वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की है। इस शख्स को अस्पताल में निगरानी में रखा गया था।

केरल में सामने आ रहे निपाह वायरस को लेकर केंद्र सरकार ने कुछ आंकड़े जारी किए हैं, जोकि काफी डराने वाले हैं। आई.सी.एम.आर. के डी.जी. राजीव बहल ने बताया है कि निपाह में संक्रमित लोगों की मृत्यु दर बहुत अधिक (40 से 70 प्रतिशत के बीच) है, जबकि कोविड के मामले में मृत्यु दर 2-3 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि निपाह के प्रकोप को रोकने की कोशिशें जारी हैं। सभी संक्रमित व्यक्ति इंडेक्स पेशेंट (पहला संक्रमित मरीज) के संपर्क में आए थे।

आई.सी.एम.आर. डी.जी. राजीव बहल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारे पास केवल 10 रोगियों के लिए मोनोक्लोनल एंटीबॉडी खुराक हैं; अब तक किसी को भी नहीं दी गई है। भारत ने मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की 20 और खुराक मांगी है, संक्रमण के प्रारंभिक चरण के दौरान दवा दी जानी चाहिए।

उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण राज्य सरकार ने उन सभी लोगों की जांच का फैसला किया जो संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं और जिनके संक्रमित होने का जोखिम अधिक है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि व्यक्ति ने एक निजी अस्पताल में इलाज की मांग की थी।

बैठक में जॉर्ज के अलावा मंत्री पी. ए. मोहम्मद रियास, अहमद देवरकोविल और ए. के. शशिंद्रन ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए जॉर्ज ने कहा कि वायरस से संक्रमित नौ साल का लड़का वेंटिलेटर सपोर्ट पर है, उसके अलावा प्रभावित अन्य लोगों की स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर है। उन्होंने कहा कि संदेह है कि उपचाराधीन मरीज उस व्यक्ति से संक्रमित हुआ था जिसकी 30 अगस्त को मृत्यु हो गई थी।

## चीन के रक्षा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उनके ना होने से चीन के उच्च सैन्य स्तर पर खलबली मची है। इन बदलावों से संकेत मिलता चीन के राष्ट्रपति एकदम निरकुंश हो गए है। उन्होंने कैबिनेट के बीच जिम्मेदारी बांटने की पुरानी व्यवस्था को बदल दिया है। वे देंग शाओपिंग द्वारा किए गए सुधारों को खत्म कर रहे है। देश सुधारो के अनुसार राष्ट्रपति को सिर्फ दो कार्यकाल मिलने चाहिए पर शी ने खुद को आजीवन राष्ट्रपति व चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का चेयरमैन बनाए रखने की व्यवस्था कर ली है।

## 'पत्रकारों का ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस कदम की अत्यधिक निंदा करती है। भाजपा के नैशनल मीडिया हैड, अनिल बलूनी ने कहा, ''भारतीय जनता पार्टी ऐसी अपमानजनक मानसिकता का विरोध करती है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में रूकावट डालती है। घमण्डिया गठजोड़ में शामिल राजनीतिक पार्टियों द्वारा लिया गया, कुछ पत्रकारों को बायकॉट करने का निर्णय आपातकाल की उनकी मानसिकता को दर्शाता है। हम सबने देखा है कि, इसी तरह से आपातकाल के दौरान कैसे मीडिया का गला घोंटा गया था। आज भी ''घमण्डिया'' गठजोड़ मीडिया के विरुद्ध आपातकाल की मानसिकता और बदले की भावना के साथ काम कर रहा है।'' अनिल बलूनी ने सभी मीडिया संगठनों तथा सभी समर्पित व इमानदार पत्रकारों से अपील की है कि, ऐसी लज्जाजनक मानसिकता वाली राजनीतिक पार्टियों का जोरदार तरीके से विरोध करें और बिना भय के देश तथा हमारे समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाते रहें।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908